सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 17 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 73, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## कंपनियों की पूंजी 93 हजार करोड़ घटी

स्थानीय शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच सेंसेक्स की पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 93,357 .52 करोड़ रुपये की गिरावट आई। } 14

## मादक पदार्थ के तस्करों पर रहम नहीं: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इंफाल और गुवाहाटी क्षेत्रों में 88 करोड़ रुपये मूल्य की मेथमफेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की गयी। } 16



## भाजपा ने की 70 संगठनात्मक इकाइयों में जिलाध्यक्षों की घोषणा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। केन्द्र और राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को बहुप्रतीक्षित जिला और महानगर की 70 इकाइयों में जिलाध्यक्षों की घोषणा की, जिनमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं। यह घोषणा जिला मुख्यालयों पर की गयी।

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि प्रदेश की कुल 98 संगठनात्मक जिला इकाइयों (जिला और महानगर समेत) में 70 जिलाध्यक्षों के नाम घोषित किये गये हैं और बाकी 28 जिला इकाइयों के अध्यक्ष बाद में घोषित किये जाएंगे। भाजपा के उत्तर प्रदेश निर्वाचन अधिकारी और पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय ने बताया कि प्रदेश में 70 जिलाध्यक्षों की रविवार को घोषणा की गयी है। उन्होंने बताया कि इन जिलाध्यक्षों में 39 सामान्य वर्ग के, 25 अन्य पिछड़ा वर्ग और छह अनुसूचित जाति से संबंध रखते हैं। इनमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं। पार्टी के मुताबिक विजय मौर्य को लखनऊ जिला इकाई का अध्यक्ष, आनंद द्विवेदी को लखनऊ महानगर का, प्रदीप अग्रहरि को वाराणसी महानगर इकाई का, जनार्दन तिवारी को गोरखपुर जिला इकाई का और देवेश श्रीवास्तव को गोरखपुर महानगर इकाई का अध्यक्ष नामित किया गया है। भाजपा ने संगठनात्मक सहूलियत के लिए उत्तर प्रदेश को काशी, गोरखपुर, अवध, कानपुर-बुंदेलखंड... शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में अधिक तैयार दिख रहे हैं: मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बीच परस्पर विश्वास का रिश्ता है और वे बेहतर तरीके से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, क्योंकि वे हर चीज से ऊपर अपने राष्ट्रीय हितों को रखने में विश्वास करते हैं।

लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में मोदी ने ट्रंप की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक साहसी व्यक्ति बताया, जिसने अपने फैसले खुद किए और जो अमेरिका के प्रति अटूट रूप से समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका यह समर्पण उस वक्त भी दिखा जब पिछले साल चुनाव प्रचार के दौरान एक बंदूकधारी ने उन्हें गोली मार दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में पहले की तुलना में कहीं अधिक तैयार दिखाई दे रहे हैं। मोदी ने राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के बारे में कहा, उनके दिमाग में सुपरिभाषित कदमों के साथ स्पष्ट रोडमैप है, हर रोडमैप उन्हें उनके लक्ष्यों की ओर ले जाने के लिए तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान उन्हें ट्रंप की टीम के सदस्यों से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि उन्होंने मजबूत और सक्षम टीम बनाई है। और इतनी मजबूत टीम के साथ, मुझे लगता है कि वे राष्ट्रपति ट्रंप के दृष्टिकोण को लागू करने में पूरी तरह सक्षम हैं। इस दौरान, उन्होंने उपराष्ट्रपति जे डी वेंस, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड, विवेक रामास्वामी और एलन मस्क के साथ अपनी बैठकों को याद किया। प्रधानमंत्री ने सितंबर 2019 में ह्यूस्टन में खचाखच भरे एनआरजी स्टेडियम में आयोजित ... शेष पृष्ठ 14 पर

## पाकिस्तान ने शांति के हर प्रयास का जवाब शत्रुता से दिया: पीएम

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत की तरफ से शांति के हर प्रयास का जवाब पाकिस्तान ने शत्रुता और विश्वासघात से दिया और उम्मीद जताई कि उसे सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का मार्ग अपनाएगा। लेक्स फ्रीडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय वैदिक संतों और स्वामी विवेकानंद ने जो कुछ भी सिखाया है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी वही सिखाता है।

उन्होंने कहा कि मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया था, लेकिन शांति के हर प्रयास का जवाब शत्रुता और विश्वासघात से मिला। हम पूरी उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान को सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का मार्ग अपनाएगा। मोदी ने कहा कि उनका मानना है कि पाकिस्तान के लोग भी शांति चाहते हैं क्योंकि वे भी संघर्ष, अशांति और निरंतर आतंक में रहते हुए थक गए होंगे, जहां मासूम बच्चे भी मारे जाते हैं और अनगिनत जिंदगियां बर्बाद हो जाती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने का उनका पहला प्रयास सद्भावना का संकेत था। उन्होंने कहा कि यह कूटनीतिक कदम था, जो दशकों में नहीं देखा गया। जिन लोगों ने कभी विदेश नीति के प्रति मेरे दृष्टिकोण पर सवाल उठाया था, वे उस समय अचंभित रह गए, जब उन्हें पता चला कि मैंने दक्षेस देशों के सभी ... शेष पृष्ठ 14 पर

# योगी ने ममता पर साधा निशाना

### मीडिया की सकारात्मक भूमिका को आगे बढ़ाने में सहयोग करेगी सरकार

जिला संवाददाता



गोरखपुर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उनके मृत्यु कुंभ वाले बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग होली के दौरान उपद्रव को नियंत्रित करने में असमर्थ रहे, उन्होंने प्रयागराज के महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहा था।

मुख्यमंत्री ने यहां गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार तमिलनाडु से लोग आए थे। केरल से भी लोग आए थे। उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है और होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। लेकिन, पश्चिम बंगाल में होली के दौरान कई उपद्रव हुए। जो लोग होली के दौरान उपद्रव को नियंत्रित करने में असमर्थ थे उन्होंने कहा था कि प्रयागराज का महाकुंभ मृत्यु कुंभ था। उन्होंने कहा कि लेकिन, हमने कहा कि यह मृत्यु नहीं है, यह मृत्युंजय है। यह महाकुंभ है। इस कुंभ ने साबित कर दिया है कि महाकुंभ के 45 दिनों में, हर दिन पश्चिम बंगाल के 50 हजार से एक लाख लोग इस आयोजन का हिस्सा थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 18 फरवरी को कहा था कि भगदड़ की घटनाओं के कारण महाकुंभ मृत्यु कुंभ में बदल गया है। उन्होंने दावा किया था कि महाकुंभ में मौतों के वास्तविक आंकड़े को अधिकारियों ने दबा दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में एक संबोधन के दौरान बनर्जी ने कहा था, उन्होंने मौतों का आंकड़ा कम करने के लिए सैकड़ों शवों को छिपा दिया है। भाजपा शासन में महाकुंभ मृत्यु कुंभ में बदल गया है। आदित्यनाथ ने मीडिया संगठन के पदाधिकारियों और अन्य पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका को आगे बढ़ाने के लिए आपको जिस भी तरह के सहयोग की आवश्यकता होगी, सरकार आपके साथ खड़ी रहेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि देश में कई स्वतंत्रता सेनानी हुए हैं जिन्होंने मीडिया के माध्यम से अपने करियर को आगे बढ़ाने का काम ... शेष पृष्ठ 14 पर

## फरियादियों के साथ नहीं होने देंगे अन्याय : सीएम

जिला संवाददाता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में 150 से अधिक लोगों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को सुना और इनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये।

राज्य सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में फरियादियों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें सुनकर अधिकारियों को इनका जल्द समाधान करने और जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी कल्याणकारी योजनाएं वंचितों तक पहुंचनी चाहिए और उन्हें विकास कार्यक्रमों से जोड़ा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने फरियादियों को आश्वासन दिया कि कोई अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने हर परेशान व्यक्ति की चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। जनता दर्शन कार्यक्रम में कई लोगों ने चिकित्सा उपचार के लिए वित्तीय सहायता का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार पूरी सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि राजस्व और पुलिस मामलों से संबंधित मामलों का पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ समाधान किया जाये।

## आजमगढ़ में कागजों पर चलते मिले 219 मदरसे

### वर्ष 2017 में हुई थी शिकायत, एसआईटी जांच में खुली पोल, केस दर्ज

जिला संवाददाता



आजमगढ़। जिले में जांच के दौरान 219 मदरसे कागजों पर चलते पाये जाने के बाद विभिन्न थानों में धोखाधड़ी के मामले दर्ज किये गये हैं। पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने रविवार को बताया कि आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की जांच में पता चला था कि 219 मदरसे सिर्फ कागजों पर चल रहे थे और उनका कोई अस्तित्व नहीं है।

ईओडब्ल्यू की शिकायत के बाद जिले के 22 थानों में कुल 219 मदरसा संचालकों के खिलाफ धोखाधड़ी तथा अन्य कई आरोपों में मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मदरसा पोर्टल पर ऑनलाइन डेटा एंट्री के दौरान पाई गई विसंगतियों के आधार पर की गई जांच में शुरू में अनियमितताओं वाले 313 मदरसों की पहचान की गई थी।

सरकार से साल 2017 में की गई शिकायत के बाद हुई एसआईटी जांच में यह भी पता चला कि इनमें से 219 मदरसे पूरी तरह से अस्तित्वहीन हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले की जांच ईओडब्ल्यू के माध्यम से की गई थी। इसमें पाया गया कि इन मदरसों के प्रबंधन ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विभिन्न मदों में सरकारी धन प्राप्त किया था।

ईओडब्ल्यू के इंस्पेक्टर कुंवर ब्रह्म प्रकाश सिंह की शिकायत पर पहली प्राथमिकी गत छह फरवरी को कंधरापुर थाने में दर्ज की गई थी। इसके बाद शहर कोतवाली, सिधारी, रानी की सराय, मुबारकपुर और निजामाबाद समेत कुल 22 थानों में मामले दर्ज किए गए। मीना ने बताया कि मामलों की जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। जिन मदरसा संचालकों ने जाली दस्तावेजों के जरिये सरकारी धन हासिल किया है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

### अमेरिका में बवंडर से 32 लोगों की मौत

पिडमोंट। अमेरिका के मध्य और दक्षिण हिस्से में आए बवंडर (टॉरनेडो) और तेज हवाओं के कारण कई मकान और स्कूलों को व्यापक नुकसान पहुंचा और कम से कम 32 लोगों ... शेष पृष्ठ 14 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:27 | 4:38 | 6:17 | 4:51 |

## उत्तराखंड के वित्त मंत्री ने दिया त्यागपत्र, सीएम ने राज्यपाल को भेजा



मुख्यमंत्री धामी को अपना इस्तीफा सौंपते वित्तमंत्री

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आज घटित हुए एक घटनाक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वित्त मंत्री ने प्रेसवार्ता के उपरांत सीएम हाउस पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपना त्यागपत्र सौंप दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अग्रिम कार्यवाही के लिए राज्यपाल को अग्रसारित कर भेज दिया है। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अचानक बुलाई गई एक प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी और कहा कि वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपना इस्तीफा सौंपने जा रहे हैं। इस दौरान वह भावुक भी हो गए और राज्य आंदोलन में अपने संघर्ष व योगदान को याद करते हुए अपनी बात रखी। मालूम हो कि हाल ही में बजट सत्र के दौरान प्रेमचंद अग्रवाल की ओर से क्षेत्रवाद को लेकर दिया गया बयान विवादों का कारण बना था। इसके बाद कई संगठनों और विपक्षी दलों ने उनके इस्तीफे की मांग की थी। मंत्री अग्रवाल के इस्तीफे के इस निर्णय के बाद अब यह देखना होगा कि राज्य की राजनीति में आगे क्या बदलाव होते हैं। त्यागपत्र देने से पूर्व आज कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल अपनी पत्नी के साथ मुजफ्फरनगर स्थित शहीद स्मारक पहुंचे, जहां उन्होंने राज्य निर्माण आंदोलन के दौरान किए गए संघर्ष को याद किया।

## बलूचिस्तान में आतंकवादी हमले में पांच सुरक्षाकर्मियों की मौत

### बीएलए ने किया 90 सैनिकों को मारने का दावा



एजेंसी

क्वेटा (पाकिस्तान)। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को संदिग्ध बलूच विद्रोहियों द्वारा किए गए आतंकवादी हमले में कम से कम पांच सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और 12 से अधिक घायल हो गए। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, प्रांत के नोश्की इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए इस हमले में एक आत्मघाती समेत चार आतंकवादी ... शेष पृष्ठ 14 पर

### पाकिस्तान में आतंकी हाफिज सईद का भतीजा ढेर

इस्लामाबाद। भारत में आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार एक और आतंकी को जहन्नुम रसीद कर दिया गया है। लश्कर-ए-तैयबा के मोस्ट वांटेड आतंकी अबू-कताल उर्फ कताल सिंधी को अज्ञात बंदूकधारियों ने गोलियों से भूनकर मौत के घाट उतार दिया। अबू कताल लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक और मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का भतीजा था। उसे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के झेलम में शनिवार रात को निशाना बनाया गया। कताल पर उस समय हमला किया गया जब वह अपनी टोयोटा पिक अप से जा रहा था। शाम को करीब 7-8 बजे के बीच पुलिस को गोलीबारी की सूचना मिली। मौके पर देखा गया तो सामने की सीट पर बैठा शख्स मारा जा चुका था। वहीं पीछे की सीट पर बैठा उसका गनर भी मारा गया था। ड्राइवर भी घायल था। घटना पर मौजूद चश्मदीदों ने बताया कि अचानक से मोटर साइकिल सवारों ने गाड़ी रोका और गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। इस दौरान कताला को 14 से 15 गोलियां मारी गईं। कताल ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए हमले में अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इसकी लंबे समय से तलाश थी। कताल की मौत को लश्कर-ए-तैयबा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वह भारत के जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं ... शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 34.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- फिरोजाबाद के प्राचीन नारद मुनि मंदिर का होगा सुंदरीकरण (पृष्ठ–02)
- लविवि में प्रवेश प्रक्रिया आज से (पृष्ठ–02)
- फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ–14)
- अब तक चीनी उत्पादन में 16 प्रतिशत की गिरावट (पृष्ठ–14)
- एफपीआई ने 30,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे (पृष्ठ–14)


विशेष खबर — विलियम्स ने मिशन कंट्रोल से कहा कि यह एक शानदार दिन था, अपने दोस्तों को यहां देखकर बहुत खुशी हुई

## नासा के फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों ने नये दल का किया स्वागत

एजेंसी



केप कैनवेरल। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लंबे समय से फंसे अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को तैनात करने के लिए एक दिन पहले रवाना हुआ स्पेसएक्स का यान रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया।

इसके साथ ही विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ हो गया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे चार नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, जापान और रूस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे कुछ दिन विलियम्स और विल्मोर से स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। माना जा रहा है कि अगर मौसम सही रहा तो दोनों फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को अगले सप्ताह फ्लोरिडा के तट के निकट जलक्षेत्र में उतारा जाएगा। विल्मोर और विलियम्स बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से पांच जून को केप कैनवेरल से रवाना हुए थे। दोनों एक सप्ताह के लिए ही गए थे लेकिन अंतरिक्ष यान से हीलियम के रिसाव और वेग में कमी के कारण ये लगभग नौ माह से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुए अंतरिक्ष यात्रियों के नए दल में नासा से ऐनी मैक्लेन और निकोल एयर्स शामिल हैं। वे दोनों सैन्य पायलट हैं। इनके अलावा जापान के ताकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव भी रवाना हुए हैं और दोनों विमानन कंपनियों के पूर्व पायलट हैं। ये चारों लोग विल्मोर और विलियम्स के धरती के लिए रवाना होने के बाद अगले छह महीने अंतरिक्ष स्टेशन में बिताएंगे, जिसे सामान्य अवधि माना जाता है। विल्मोर ने रविवार को अंतरिक्ष स्टेशन का हैच खोला और इसके बाद एक के बाद एक चारों नए यात्री अंदर आए। अंतरिक्ष में पहले से मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने नए साथियों का स्वागत उनसे गले मिलकर और हाथ मिलाकर किया। विलियम्स ने मिशन कंट्रोल से कहा कि यह एक शानदार दिन था। अपने दोस्तों को यहां देखकर बहुत खुशी हुई।

## अमेरिकी हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 : हूती विद्रोही

एजेंसी

वेस्ट पाम बीच (अमेरिका)। यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है और इन लोगों में महिलाएं तथा बच्चे भी शामिल हैं। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के प्रवक्ता अनीस अल-असबाही ने रविवार को बताया कि रातभर हुए हमलों में 101 लोग घायल भी हुए हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों पर सिलसिलेवार हवाई हमलों का आदेश दिया। ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान समर्थित हूती विद्रोही अहम समुद्री गलियारे पर आने-जाने वाले मालवाहक पोतों पर जब तक अपने हमले बंद नहीं कर देते, तब तक वह पूरी ताकत से हमले जारी रखेंगे। हूती विद्रोहियों ने पहले कहा था कि इन हवाई हमलों में कम से कम 18 आम नागरिकों की मौत हुई है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, हमारे बहादुर सैनिक अमेरिकी जलमार्गों, वायु और नौसैन्य संपत्तियों की रक्षा करने तथा नौवहन की स्वतंत्रता को बहाल करने के लिए आतंकवादियों के ठिकानों, उनके आकाओं और मिसाइल रक्षा तंत्र पर हवाई हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कोई भी आतंकी ताकत अमेरिकी वाणिज्यिक ... शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# उप्र की गौशालाएं आत्मनिर्भर होंगी : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

गौ, धर्मपाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों के लिए गाय के गोबर और मूत्र का इस्तेमाल करने की योजना बना रही है। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की गौशालाएं पर्यावरण के अनुकूल खेती को बढ़ावा देंगी, मिट्टी

- **प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गोबर, मूत्र का इस्तेमाल होगा**

की उर्वरता बढ़ाएंगी और किसानों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी होंगी।

पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि हम गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर स्तर पर काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड, कृषि विभाग और अन्य हितधारकों से बात करके हम सभी पशुशालाओं में वर्मीकम्पोस्ट बनाएंगे। इसे किसानों को बेचा जाएगा और गाय आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इसके लिए परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है और नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) जैसे संगठनों से भी मदद ली जाएगी। हाल में संपन्न महाकुंभ के दौरान, पशुपालन और दुग्ध विकास मंत्रालय ने गहन विचार-विमर्श किया और पर्यावरण के अनुकूल कृषि में गौशालाओं की भूमिका को मजबूत करने के लिए रणनीतिक योजनाएं तैयार कीं।

विभाग के एक अधिकारी ने कहा, योजनाओं के अनुसार गाय के गोबर और मूत्र का उपयोग पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों के लिए किया जाएगा। साथ ही, किसानों और गौशालाओं के कर्मचारियों को मवेशियों के पोषण में सुधार के लिए चारा उत्पादन और संरक्षण के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों के स्वास्थ्य और भूमि एवं पानी की गुणवत्ता को प्राथमिकता दे रही है, जिसके तहत प्राकृतिक खेती पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह एक ऐसी विधि है जिसमें खेती के लिए रसायनिक उर्वरक और कीटनाशक का इस्तेमाल नहीं किया जाता। अधिकारी ने कहा



कि इस कृषि पद्धति में मवेशी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसमें गाय के गोबर और मूत्र को जैविक उर्वरक के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को दोहरा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनके परिवारों को शुद्ध दूध मिलेगा और जैविक उर्वरकों के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ेगी। अधिकारी ने कहा कि समय के साथ ये प्रयास गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद करेंगे। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की 7,700 से अधिक गौशालाओं में इस वक्त साढ़े 12 लाख छुट्टा मवेशी रखे गए हैं। इसके साथ ही राज्य ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना भी लागू की है जिसके तहत एक लाख किसानों को 1.62 लाख छुट्टा मवेशी दिए गए हैं और उनकी देखभाल के लिए हर महीने 1,500 रुपये प्रति पशु की दर से दिये जा रहे हैं। अपने नवीनतम बजट में सरकार ने छुट्टा मवेशियों की सुरक्षा



के लिए 2,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह पहले दिए गए 1,001 करोड़ रुपये के अतिरिक्त है। इसके अलावा 543 नयी गौशालाओं को मंजूरी दी गई है। प्रत्येक बड़ी गौशाला के लिए 1.60 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि दी गई है। राज्य सरकार पशुपालकों को मवेशी पालने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रही है। मवेशी पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत देशी नस्लों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही बैंक ऋण पर 50 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है। अमृत धारा योजना 10 लाख रुपये तक की सब्सिडी वाले ऋण प्रदान करती है। तीन लाख रुपये से कम के ऋण के लिए किसी गारंटर की आवश्यकता नहीं होती है। अधिकारियों ने बताया कि देश में जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार किसानों को गाय आधारित जैविक उर्वरकों का उपयोग करके रसायन मुक्त कृषि अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने बताया कि ये पहल विशेष रूप से गंगा नदी और बुंदेलखंड क्षेत्र के गांवों में केंद्रित हैं और इनमें स्थानीय जल संसाधनों को पर्यावरण के अनुकूल खेती के मॉडल में जोड़ा जा रहा है। कोविड महामारी ने स्वास्थ्य को लेकर वैश्विक जागरूकता बढ़ाई है, जिससे जैविक और प्राकृतिक रूप से उगाए गए उत्पादों की मांग बढ़ रही है। अधिकारियों ने बताया कि खान-पान की आदतों में यह बदलाव न केवल स्थानीय बल्कि वैश्विक भी है जिससे उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश सरकार आज से करेगी गेहूं की खरीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं की खरीद 17 मार्च को शुरू करेगी। खरीद 6,500 केंद्रों पर 15 जून तक जारी रहेगी। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, केंद्र सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटन निर्धारित किया है, जो विगत वर्ष से 150 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। पिछले वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2,275 रुपये प्रति क्विंटल था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों के लिए भी समुचित व्यवस्था की जाए। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। मोबाइल केंद्र के माध्यम से किसानों के गांवों में जाकर भी खरीद होगी। गेहूं की बिक्री के लिए एक मार्च से पंजीकरण शुरू हो चुके हैं। अब तक प्रदेश के 2.65 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। गेहूं की बिक्री के लिए किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल एफसीएस.यूपी.गीओवी.आईएन या विभाग के मोबाइल ऐप यूपी किसान मित्र पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। विभाग ने किसानों से अनुरोध किया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर आएं। इस वर्ष भी बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक, रविवार व अन्य अवकाशों को छोड़कर 15 जून तक क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद प्रतिदिन सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक होगी। प्रदेश सरकार ने निर्देश दिया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। विभाग ने इसकी तैयारी भी कर ली है। किसी भी विषम परिस्थितियों के लिए खाद्य व रसद विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है। किसी भी समस्या के समाधान के लिए किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी या तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन अधिकारी से भी संपर्क कर सकते हैं। खाद्य विभाग समेत आठ खरीद एजेंसियों के द्वारा कुल 6,500 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## फिरोजाबाद के प्राचीन नारद मुनि मंदिर का होगा सुंदरीकरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में फिरोजाबाद जिले के ग्राम नारखी धौकल स्थित प्राचीन देवर्षि नारद मुनि मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास के लिए 1.29 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस परियोजना की प्रथम किश्त के रूप में 40 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं।



- **धार्मिक स्थलों के विकास से स्थानीय पर्यटन को मिलेगी नई ऊर्जा–जयवीर**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस राशि से मल्टीपरपज हॉल, शौचालय, बेंच सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जायेगी। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और मंदिर परिसर अधिक व्यवस्थित होगा। सरकार का उद्देश्य धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस पहल से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार धार्मिक स्थलों के विकास पर ध्यान दे रही है। इससे न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी नई ऊर्जा मिलेगी। नारद मुनि मंदिर का जीर्णोद्धार इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मंदिर के सौंदर्यीकरण की खबर से स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में उत्साह है। वे उम्मीद कर रहे हैं कि इस पहल से न केवल मंदिर का ऐतिहासिक महत्व और बढ़ेगा, बल्कि क्षेत्र में रोजगार और व्यापार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# देश भर के इंजीनियर लखनऊ में करेंगे प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति (नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स) ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि बिजली के निजीकरण के लिए ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने की चल रही अवैधानिक प्रक्रिया को

- **निजीकरण के खिलाफ एकजुट हुए इंजीनियर**

तत्काल निरस्त किया जाए।




रविवार को चेन्नई में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की दक्षिण भारत के छह प्रांतों के पदाधिकारियों की बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग करते हुए यह कहा गया है कि जिस तरह ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति में कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के प्रावधान को हटाया गया है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण में भारी घोटाला होने वाला है। कोऑर्डिनेशन कमिटी ने उप्र के मुख्यमंत्री के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की उनकी सरकार बिजली के निजीकरण के नाम पर घोटाला नहीं होने देगी और निजीकरण की सारी प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जाएगी नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की चेन्नई मीटिंग में कोऑर्डिनेशन कमेटी के संयोजक प्रशांत चौधरी, ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे, सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी जनरल सुदीप दत्त, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के अध्यक्ष जी एस मूर्ति, ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन के अध्यक्ष समर सिन्हा, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के संपत कुमार के अलावा केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, पुडुचेरी और तमिलनाडु के बिजली कर्मचारियों के सभी संगठनों के अध्यक्ष, महामंत्री और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

कोऑर्डिनेशन कमिटी ने एक प्रस्ताव पारित कर उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों के संघर्ष को खुला समर्थन देते हुए चेतावनी दी है कि यदि लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष कर रहे उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों का कोई भी उत्पीड़न किया गया तो देश के 27 लाख बिजली कर्मी मूक दर्शक नहीं रहेंगे और आन्दोलन प्रारंभ करने हेतु बाध्य होंगे। यह भी निर्णय लिया गया की निजीकरण के विरोध में 9 अप्रैल को लखनऊ में हो रही रैली में देश के सभी प्रांतों के बिजली कर्मचारी और इंजीनियर बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में चार बिजली महापंचायत आयोजित करने का निर्णय भी लिया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर 17 मार्च को राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के समस्त जनपदों में विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे।

## आनंद द्विवेदी दोबारा भाजपा महानगर अध्यक्ष बने



**लखनऊ।** महानगर अध्यक्ष निर्वाचित घोषित होने के बाद आनंद द्विवेदी सीधे हनुमान सेतु मंदिर पहुंचे जहां हनुमान प्रतिमा पर बड़ी माला अर्पित करके प्रसाद चढ़ाया और शीश नवाया। सभी देवी देवताओं का पूजन अर्चन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। वही विजय मौर्य भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष लखनऊ घोषित किया गया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के सरकारी आवास गए जहां उपमुख्यमंत्री ने गुजिया से मुंह मीठा करा कर दोबारा महानगर अध्यक्ष निर्वाचित होने की बधाई और शुभकामनाएं दी। उसके बाद महानगर अध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय जाकर प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह और पार्टी कार्यालय में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारीयों से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, राकेश सिंह, अभिषेक खरे, मानवेंद्र सिंह, हेमंत दयाल, विजय भुर्जी सहित मंडल अध्यक्ष और पार्षद गण और वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भाजपा नेता अमित टंडन द्वारा त्रिलोकनाथ मार्ग आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में सम्मिलित हुए जहां बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने महानगर अध्यक्ष निर्वाचित होने की बधाई और शुभकामनाएं दी।

# पीडीए समाज की एकता और जागरूकता आवश्यक : श्यामलाल

सपा

लखनऊ। जौनपुर में विधानसभा बदलापुर क्षेत्र में महिला सम्मेलन का आयोजन श्रीराम जानकी मंदिर के समीप पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री संगीता यादव द्वारा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि पूरे देश में भाजपा सरकार में शोषितों, वंचितों, दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों के अधिकार, रोजगार, आरक्षण और संविधान की लड़ाई समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में पीडीए समाज की एकता और जागरूकता आवश्यक है। पीडीए समाज का आवाहन करते हैं कि संविधान, आरक्षण और युवाओं के भविष्य के लिए रोजगार बचाने और मंहगाई पर नियंत्रण करने के लिए समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करें।



कार्यक्रम को बतौर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, प्रो. लक्ष्मण यादव, विधायक लकी यादव, विधायक डॉ. रागिनी सोनकर, चमन आरा, अनीता मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. अवधनाथ पाल, दीपचंद राम, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्यामनारायण बिंद ने संबोधित किया। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीणों, आम जनता विशेष रूप से महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामाभिलाष यादव ने गीत के माध्यम से पीडीए एकता का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब एवं प्रदेश सचिव सुशील दुबे ने संयुक्त रूप से सम्बोधित किया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, प्रदेश सचिव संतलाल वर्मा, हिसामुद्दीन शाह, राजन यादव, महेंद्र प्रताप यादव, राघवेंद्र यादव, श्यामबहादुर पाल, गुलाब यादव, भानुप्रताप मौर्य, राघवेंद्र यादव, राममनोरथ यादव गाटर, रमापति यादव, महेंद्र यादव नैपाल, कुंवर ज्योतिरादित्य, निजामुद्दीन अंसारी, राजेंद्र यादव टाइगर, राहुल त्रिपाठी, दिलीप प्रजापति, राकेश अहीर, जगदीश प्रसाद मौर्य गप्पू, विकास यादव, रामजतन यादव, अशोक निषाद, शूद्र लालप्रताप यादव, अमित यादव, उमाशंकर पाल, संजय यादव, प्रेमशंकर यादव, आलोक त्रिपाठी लकी, संजय गौतम, रमाकांत यादव, गुड्डू सोनकर, अशोक नायक, ऋषि यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# समाज को बांटने की बात करने वाला योगी नहीं हो सकता : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि समाज को बांटने की बात करने वाला योगी नहीं हो सकता है। कपड़े पहनने से कोई योगी नहीं बनता है। विचार और भाषा से योगी बनते हैं। जो दूसरों के दुःख को अपना समझे और जिसके विचार अच्छे हो वही योगी बनता है। क्या मुख्यमंत्री दूसरे का दुख समझते है। समाज में अस्सी और बीस की बात करने वाले योगी नहीं हो सकते है।



आज महोबा हमीरपुर दौरे के दौरान मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी लोग पूरे समाज को साथ लेकर चलना चाहते है। सभी रंग को साथ रखकर गुलदस्ता बनाना चाहते है। लेकिन एक रंगी लोग बहुरंगी लोगों को पसंद नहीं करते हैं। नफरत करते है। एक रंगी लोग समाज में भेदभाव फैलाना चाहते है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार ने बुंदेलखण्ड में विकास कार्य किया। बुन्देलखण्ड के लोगों को सुविधाएं दी। समाजवादी सरकार ने बुन्देलखंड में नल लगाने की योजना शुरू की थी। सड़के, मंडियों को बनाने का काम किया था। समाजवादी सरकार में डैम से राठ सिटी तक पाइप से पानी पहुंचाने की योजना बनी थी। अगर वह योजना शुरू हो गयी होती तो राठ कस्बे के साथ उसके रास्ते में पड़ने वाले गांवों को भी शुद्ध पीने का पानी मिल जाता।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश को बेरोजगारी के अंधकार में धकेल दिया है। इस सरकार ने प्रदेश में बेरोजगार नौजवानों की फौज खड़ी कर दी है। पढ़े-लिखे नौजवानों के पास नौकरी, रोजगार नहीं है। भाजपा सरकार की नीतियां ठीक नहीं है। यह सरकार हमारा बाजार दूसरे देशों के हवाले कर दे रही है। भाजपा और इसकी सरकार ने किसानों, नौजवानों, व्यापारियों, आम जनता को धोखा दिया है। इसने नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है।

# पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर किये 222 दुर्दांत अपराधी, 8,118 हुए घायल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वह उत्तर प्रदेश जिसे कभी देश में अपराधियों के आतंक, दंगों और जघन्य अपराधों के लिए जाना जाता था, आज उसी उत्तर प्रदेश

- **योगी सरकार के आठ साल बेमिसाल**
- **20,221 इनामी बदमाश गिरफ्तार, 79,984 पर हुई गैंगस्टर की कार्यवाही**
- **930 के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई, 142 अरब की संपत्ति की जब्त**
- **एसटीएफ ने अब तक 653 बड़े अपराध घटित होने से पहले रोके**

की सूरत और सीरत दोनों ही पूरी तरह से बदल गयी है। देश ही नहीं दुनिया भर में उत्तर प्रदेश मजबूत कानून व्यवस्था और प्रदेश में स्थापित कानून के राज के लिए जाना जाता है। जिन प्रदेशवासियों को कभी प्रदेश में कानून का राज स्थापित होने की बात असंभव लगती थी, उसी प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले आठ वर्षों में अपनी जीरो टॉलरेंस नीति से असंभव को संभव करके दिखाया है, जिसका डंका आज पूरी दुनिया में बज रहा है। आज हर प्रदेशवासी, बेटी, व्यापारी खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं क्योंकि उन्हे पता है कि अगर उनके साथ किसी ने बदसलूकी की तो प्रदेश के मुखिया उसे छोड़ेंगे नहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में प्रदेश की कमान संभालते ही जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाते हुए दुर्दांत अपराध, माफिया के खिलाफ ऐसी जंग छेड़ी की, आज प्रदेश से माफिया और अपराधी पलायन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी पुलिस ने पिछले आठ वर्षों में 222 दुर्दांत अपराधियों के मुठभेड़ में मार गिराया जबकि 8,118 अपराधी घायल हुए हैं। इसमें 20,221 इनामी अपराधी भी शामिल हैं। वहीं अब तक 79,984 अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई, जबकि 930 अपराधियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत सख्त कदम उठाए गए हैं। योगी सरकार ने अवैध रूप से अर्जित बेनामी संपत्तियों को चिन्हित कर माफिया अपराधियों से मुक्त कराया और 142 अरब 46 करोड़ 18 लाख से अधिक की संपत्तियों को जब्त व ध्वस्त किया। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि वर्ष 2017 से दिसंबर 2024 तक चिन्हित 68 माफिया अपराधियों के लंबित मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर 73 अभियोगों में 31 माफिया और 74 सह अपराधियों को अलग-अलग अभियोगों में आजीवन कारावास/कारावास व अर्थदंड की सजा दिलाई गई। इनमें से दो



अपराधियों को फांसी की सजा भी सुनाई गई है। प्रदेश में 68 चिन्हित माफियाओं और उनके गैंग के 1,408 सहयोगियों के विरुद्ध 795 अभियोग पंजीकृत किए गए, जिनमें से 617 की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसके अलावा, 359 अपराधियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए गए और 18 अपराधियों के खिलाफ एनएसए के तहत कार्यवाही की गई। गैंगस्टर अधिनियम के तहत 752 अपराधियों को दंडित किया गया, जबकि 4,076 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की गई। महिलाओं और नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों पर भी योगी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। अब तक 27,425 अभियोगों, पॉक्सो अधिनियम के 11,254 अभियोगों और दहेज हत्या के 3,775 मामलों में दोषियों को सजा दिलाई गई है। डीजीपी ने बताया कि योगी सरकार की ओर से अपराधियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के तहत जुलाई 2023 से दिसंबर 2024 तक ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 51 अभियुक्तों को मृत्युदंड, 6,287 अपराधियों को आजीवन कारावास, 1,091 अपराधियों को 20 वर्ष से अधिक की सजा, 3,868 अपराधियों को 10 से 19 वर्ष तक की सजा और 5,788 अभियुक्तों को 5 वर्ष से कम की सजा दिलाई गई। योगी सरकार ने चार स्तरीय एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन कर 66,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। 142 भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा वर्ष 2017 से अब तक 653 जघन्य अपराध घटित होने से पहले ही रोके गए। वहीं, एटीएस ने 2017 से अब तक 130 आतंकवादियों और 171 रोहिंग्या/बांग्लादेशी अपराधियों और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

**सरकार की पुलिसिंग बनी मॉडल :** योगी सरकार की पुलिसिंग न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि पूरे देश में एक मॉडल के रूप में उभर रही है। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की कानून व्यवस्था में हुए ऐतिहासिक सुधारों के कारण प्रदेश में अपराध दर में भारी गिरावट आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश सरकार ने न केवल संगठित अपराधियों और माफियाओं पर शिकंजा कसा है, बल्कि आम नागरिकों के मन में सुरक्षा का भाव भी मजबूत किया है।

## लविवि में प्रवेश प्रक्रिया आज से

**लखनऊ।** लविवि के आनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केन्द्र में सत्र फरवरी 2025 हेतु बी काम, बी बी ए, एम काम, एम ए संस्कृत, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, एम एस डब्ल्यू की प्रवेश प्रक्रिया 17 मार्च से आरंभ होने जा रही है। बीबीए पाठ्य क्रम 3 वर्ष (6 सेमेस्टर) का तथा शेष परास्नातक पाठ्यक्रम 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) की अवधि के हैं। इसके अतिरिक्त केन्द्र में इस सत्र से एम बी ए पाठ्यक्रम में भी प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो रही है, यह पाठ्यक्रम भी द्विवर्षीय (चार सेमेस्टर) है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया 30 मार्च तक पूर्ण की जानी है। इस संबंध में कार्रवाई शीघ्र आरंभ होने वाली है। वेबसाइट पर जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में सत्र 2023-24 से लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ यूनिवर्सिटी सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंश एजुकेशन के माध्यम से आनलाइन शिक्षण प्रक्रिया प्रारंभ कर चुका है। 2023-24 के लिए फरवरी 2024 से बीकॉम तथा एमकॉम पाठ्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से संचालित हो रहे है।

संक्षेप

## जन आरोग्य मेले में मरीजों का हुआ परीक्षण, वितरित हुई दवाइयां

प्रतापगढ़ । लालगंज सीएचसी के अंतर्गत संचालित हो रही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नोती, रानीगंज कैथोला व पहाड़पुर में रविवार को जन आरोग्य मेले में मरीजों की भीड़ दिखी। यहां चिकित्सकों द्वारा मेले में पंजीकृत मरीजों का निःशुल्क उपचार हुआ। इसमें विभिन्न रोगों से जुड़े कुल 127 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण करने के उपरांत उन्हे दवाइयां प्रदान की गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद गुप्ता ने बताया कि मेले में स्वास्थ्य टीम द्वारा एनीमिया, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, उदर रोग, त्वचा रोग, टीबी, लीवर आदि रोगों से बचाव के उपाय भी मेले में मौजूद मरीजों तथा उपस्थित लोगों को सुझाए गए। इस मौके पर डॉ. नीरज शुक्ला, देवकुमार दुबे, इलियास, महेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## टैम्पो पुलिया से टकराया, चार घायल

प्रतापगढ़ । प्रतापगढ़ मुख्यालय की ओर से सवारी लेकर आ रहा टैम्पो नेशनल हाईवे लखनऊ-वाराणसी पर अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गया। दुर्घटना में टैम्पो पर बैठे चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। लीलापुर थाना के मिश्रपुर के समीप रविवार को शाम करीब चार बजे नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया से टकराने के बाद टैम्पो पलट गया। दुर्घटना में टेंपो सवार लालगंज कोतवाली के खानापट्टी बारेडीह निवासिनी रुबीना बानो 30 पत्नी मो. कासिम व नगर कोतवाली प्रतापगढ़ के दहिलामऊ निवासी रोहित 28 पुत्र दयाराम तथा लीलापुर थाने के बाबूगंज निवासिनी अर्चना 22 पत्नी संदीप व इसी थाना क्षेत्र के बाबूगंज की ही अमरावती 50 पत्नी फूलचन्द्र घायल हो गए। घायलों को पुलिस की मदद से लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख रुबीना व रोहित को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## संपत्ति के विवाद में बुजुर्ग भाई की हत्या

मऊ। जिले के दोहरीघाट क्षेत्र में संपत्ति विवाद के चलते 65 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके भाई ने कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर राम प्रवेश पासवान नामक व्यक्ति ने अपने बड़े भाई राम भवन पासवान (65) पर लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी सुभावती और बेटे धर्मेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सिंह ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि रामभवन और रामप्रवेश के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद था। शनिवार की सुबह जब रामभवन ने अपने घर के सामने लगी झाड़ी हटाने का प्रयास किया तो रामप्रवेश ने विरोध किया। एसओ ने बताया कि देखते ही देखते दोनों पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए और एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए दोहरीघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों में रामभवन, उसकी पत्नी सुभावती (62), बेटा धर्मेंद्र (30), रामप्रवेश और परिवार के कई सदस्य शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल रामभवन को आजमगढ़ के अस्पताल ले जाया गया जहां रविवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# अन्नू गुप्ता भाजपा के बने जिलाध्यक्ष

## जमीनी कार्यकर्ताओं को और मजबूत किया जायेगा : अन्नू



इटावा। भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुण कुमार गुप्ता अन्नू को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। अन्नू गुप्ता पिछले 25 वर्षों से राजनीति में सक्रिय हैं। वे तीन बार जिला महामंत्री रह चुके हैं और एक बार नगर पालिका परिषद के सभासद भी रहे हैं। जिलाध्यक्ष बनने पर अन्नू गुप्ता ने कहा कि अब जमीनी कार्यकर्ता चिन्ता न करें जमीनी कार्यकर्ताओं की उम्मीद पर पूरी तरह खरा उतरूगा। कार्यकर्ता व जनता के लिए मेरे दरवाजे व कार्यालय खुला रहेगा। काम करने वाले पदाधिकारियों को आगे मौका मिलेगा व नकारा लोगों को किनारे किया जाएगा। अब सभी लोग परेशान न हो जनता सर्वोपरि है। अब कोई भी जनता व कार्यकर्ता को प्रताड़ित नहीं कर पाएगा। जिलाध्यक्ष पद के लिए लगभग आधा सैकड़ा उम्मीदवार थे। जो दिल्ली से लेकर लखनऊ तक वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर अपनी दावेदारी पेश कर रहे थे। अंततः पार्टी ने अरुण कुमार गुप्ता अन्नू पर विश्वास जताते हुए उन्हें जिले की कमान सौंपी। जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर उनकी नियुक्ति की घोषणा की। भाजपा कार्यालय में पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व मंत्री सुखदा मिश्रा और पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य मौजूद रहे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि वे पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में इटावा की तीनों सीटों पर जीत का संकल्प लिया। अन्नू गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन को मजबूत किया जाएगा। निष्क्रिय सदस्यों की जगह सक्रिय कार्यकर्ताओं को अवसर दिया जाएगा। इस नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश आया है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री शिवाकांत चैधरी, प्रशांत राव चैबे, जिला उपाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, देवप्रताप भदौरिया, हरनाथ कुशवाह, जिला मंत्री ममता कुशवाहा, सैकड़ों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# संभल में शाही जामा मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई शुरू

संभल। संभल में शाही जामा मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई रविवार सुबह शुरू हो गई। शाही जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर मामले में मस्जिद पक्ष के वकील शकील वारसी ने रविवार को बताया कि संभल में शाही जामा मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई का काम शुरू हो गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 12 मार्च को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को एक सप्ताह के भीतर मस्जिद की पुताई कराने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद, एएसआई की एक टीम ने 13 मार्च को मस्जिद की पुताई के लिए जरूरी सामान और श्रमिकों की संख्या का आकलन किया था। शाही जामा मस्जिद प्रबंध समिति के सचिव मसूद फारूकी ने शनिवार को कहा था कि एएसआई की एक टीम ने दोपहर में मस्जिद आकर इस बारे में चर्चा की कि पुताई कार्य में कितने श्रमिक और सामग्री की आवश्यकता है। शाही जामा मस्जिद की पुताई में किन रंगों का इस्तेमाल किया जाएगा, इस बारे में मस्जिद प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जफर अली ने कहा कि हम हरा, सफेद और सुनहरा रंग इस्तेमाल करते हैं। हमने हमेशा इसका इस्तेमाल किया है और हम आगे भी यही करेंगे। अली ने कहा कि आज मस्जिद की दीवार की पुताई में करीब 10 श्रमिक लगाए गए हैं, कल दो से तीन गुना लोग काम करेंगे।

उच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि एएसआई और मुस्लिम पक्ष मिल कर रंगाई-पुताई कराएंगे, जो हम करा रहे हैं। रंग रोगन करने वाले सभी श्रमिक एएसआई के लाये हुए हैं। मौके पर वह खुद भी मौजूद रहेंगे। मस्जिद में भगवा रंग से भी पुताई करने की हिंदू पक्ष की कथित मांग के बारे में पूछे जाने पर अली ने कहा कि यह मांग नाजायज और गलत है। मस्जिद पर सैकड़ो सालों से जिस रंग से पोताई होती रही है, उसी से अब भी होगी। ठेकेदार अरमान अली ने बताया कि मस्जिद की रंगाई-पुताई का काम 10 दिन में हो जाएगा। पिछले साल 24 नवंबर को मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और पुलिस कर्मियों सहित कई लोग घायल हो गए थे।

# लखनऊ में साथियों के साथ पुलिस अभद्रता पर जताया आक्रोश, सीएम से कार्रवाई की मांग

प्रतापगढ़ । लखनऊ की विभूतिखंड थाने में बीती चैदह मार्च को पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के साथ थाना परिसर में मारपीट तथा अभद्रता को लेकर रविवार को आल इंडिया रूरल बार एसोसिएशन ने आरोपी पुलिस कर्मियों की बर्खास्तगी की मांग उठायी है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि लखनऊ के अधिवक्ता सौरभ वर्मा की तहरीर पर नौ नामजद पुलिस कर्मियों समेत अज्ञात पुलिस कर्मियों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में दर्ज केस का शासन अविलम्ब संज्ञान ग्रहण करें। रविवार को संगठन की यहां हुयी समीक्षात्मक बैठक में अधिवक्ताओं ने लखनऊ पुलिस द्वारा तानाशाही के साथ प्रयागराज में साथी अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले में अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने को पुलिस निरंकुशता की पराकाष्ठा कहा है। बैठक के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गयी कि लखनऊ विभूतिखंड थाने के सभी आरोपी पुलिस कर्मियों को बर्खास्त करते हुए अधिवक्ताओं की ओर से दर्ज कराये गये मुकदमें में उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल, शहजाद अंसारी, संतोष पाण्डेय, आशीष तिवारी, शिवरंजन यादव, मो. ईशा, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, प्रभाकर पाल, रमेश पाण्डेय, रामकिंकर शुक्ल, विपिन शुक्ल, संजय सिंह, पारसनाथ सरोज, अमरनाथ यादव, प्रमोद मिश्र, सिंटू मिश्र, रामअभिलाष यादव, अरूण तिवारी, सुमित त्रिपाठी आदि अधिवक्ता रहे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल



श्रावस्ती। एनएच-730 पर सड़क हादसों का सिलसिला जारी है। आज सुबह करीब 10 बजे ऐल्हवा मोड़ के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। श्रावस्ती की ओर बाइक से जा रहे धर्मपाल पिता - संतु, ग्राम - कुर्वेनि, श्रावस्ती की तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में धर्मपाल को गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। प्राथमिक उपचार के लिए उन्हें बलरामपुर मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में शामिल स्कॉर्पियो का मालिक रामवरण यादव, ग्राम - गोंडवा, मथुरा बाजार का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तेज रफ्तार वाहनों की वजह से इस हाईवे पर लगातार हादसे हो रहे हैं, जिससे लोगों में चिंता बनी हुई है। प्रशासन से इस मामले में ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही

## शौचालय के टैंक में डूबने से 22 माह के मासूम बच्चे की हुई मौत

बांसी। सिद्धार्थनगर । बांसी थाना कोतवाली कस्बे के निषाद नगर वार्ड में स्थित आसरा आवास के पीछे बने शौचालय के टैंक में डूबने से 22 माह के मासूम बच्चे की मौत हो गई, बच्चे की हुई मौत से मां के दिमाग पर गहरा असर पड़ने सहित रो रो कर बुरा हाल है। प्राप्त खबर के अनुसार गत रविवार कस्बे के निषादनगर वार्ड में स्थित आसरा आवास के पीछे बने शौचालय के टैंक में डूबने से एक 22 माह के मासूम बच्चे की मौत हो गई है। आसरा आवास में फिरोज नामक व्यक्ति का परिवार रहता है। घर पर पत्नी सोयबा खातून और तीन बच्चे मौजूद थे और फिरोज परिजनों के जीवकोपार्जन के लिए इस समय मुंबई गया हुआ है। फिरोज का छोटा बेटा 22 माह का जमील सुबह से आसपास के बच्चों के घर से कुछ दूरी पर खेल रहा था। लगभग ग्यारह बजे तक जब बच्चा वापस घर नहीं आया तो मां सोयबा खातून ने उसे खोजना शुरू किया पर बच्चे का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद आसपास के लोगों ने भी बच्चे को तलाशना शुरू किया इसके बाद भी बच्चे का कुछ पता नहीं चला। बाद इसके लोगो ने आवास के पीछे बने शौचालय के टैंक में डंडा डालकर देखा तो बच्चा उसमें डूबा हुआ मिला। लोगो ने आनन-फानन में बच्चे को टैंक से निकला कर तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्य घोषित कर दिया। बच्चे की मौत से मां का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं लोग मृतक बच्चे के टैंक तक पहुंचने पर आश्चर्यचकित है और तरह तरह की आशंका व्यक्त की जा रही है ।

## डीएम व एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश





सिद्धार्थनगर । उप्र राज्यपाल, के सिद्धार्थ विश्व विद्यालय कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर में आयोजित कार्यक्रम में आज प्रतिभाग करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर0 व पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन ने कार्यक्रम स्थल के सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य विभिन्न बिन्दुओं पर गहनता व सूक्ष्मता से निरीक्षण कर सम्बन्धिक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल का सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में आयोजित कार्यक्रम में आज को प्रतिभाग करना प्रस्तावित है । उक्त प्रस्तावित कार्यक्रम के सम्बन्ध में रविवार को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर0 तथा पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन द्वारा कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य विभिन्न बिन्दुओं (हेलीपैड/कार्यक्रम-स्थल आदि) पर गहनता एवं सूक्ष्मता से निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रजत कुमार चौरसिया, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) गौरव कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, पी डी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, डी डी ओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, उपजिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय व अन्य उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी व समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

## बरेली में प्रोफेसर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

बरेली। जिले में एक निजी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुनील कुमार सिंह (57) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इज्जतनगर थाना के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महानगर निवासी सुनील कुमार सिंह बारादरी इलाके में किराए के एक मकान में रहते थे। उन्होंने बताया कि सिंह के दो बेटे हैं, जिनमें से बड़ा बेटा रिक्की नोएडा में नौकरी करता है और छोटा बेटा सिद्धांत बरेली में ही महानगर कॉलोनी में रहता है। सुनील सिंह होली पर छोटे बेटे सिद्धांत के घर आये हुए थे, जहां उनकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तो सामने आया कि पिता-पुत्र के बीच किसी बात को लेकर हुए विवाद के दौरान यह घटना हुई लेकिन बाद में पता चला कि सुनील कुमार अचानक जमीन पर गिर गए और उनके मुंह से खून निकलने लगा, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। एसएचओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का पता चलेगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में कोई ठोस सुराग नहीं मिला लेकिन हत्या की आशंका को देखते हुए हर पहलू की गहराई से जांच की जा रही है।

## महिला ने एक साल के बेटे संग किया आत्मदाह, दोनों की मौत

झांसी। जिले के लहचूरा क्षेत्र में रविवार को एक महिला ने अपने एक साल के बच्चे के साथ कथित तौर पर आत्मदाह कर ली। इस घटना में दोनों की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) गोपीनाथ सोनी ने बताया कि लहचूरा थाना क्षेत्र स्थित बरुआमाफ गांव के निवासी कौशल कुशवाहा की 20 वर्षीय पत्नी पूजा और उसके बेटे की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिवार के सदस्यों ने दावा किया है कि सुबह खाना बनाते समय महिला ने खुद पर और अपने एक साल के बेटे पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। उन्होंने बताया कि घर से आग की लपटें निकलती देख पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी।

# निजी विवि में खुले में नमाज पढ़ने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

मेरठ। मेरठ में पुलिस ने होली के दिन एक निजी विश्वविद्यालय में खुले में नमाज पढ़े जाने से जुड़े मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी शिव प्रताप सिंह ने रविवार को बताया कि आईआईएमटी विश्वविद्यालय परिसर में खुले में नमाज अदा करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। इस मामले के मुख्य आरोपी खालिद मेवाती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सिंह के मुताबिक, मामले में गंगा नगर थाने में कार्तिक हिंदू नामक व्यक्ति की शिकायत पर मेवाती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आईआईएमटी विश्वविद्यालय के प्रवक्ता सुनील शर्मा ने बताया कि आंतरिक जांच में पाया गया है कि विश्वविद्यालय में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के इरादे से बिना इजाजत परिसर में खुले में नमाज पढ़ी गई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया। शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय ने वीडियो अपलोड करने वाले खालिद प्रधान के खिलाफ पुलिस और प्रशासनिक कार्रवाई का अनुरोध किया था। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य, जिसका उद्देश्य किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक आस्था का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत करना है) और सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आईआईएमटी विश्वविद्यालय के छात्र खालिद प्रधान उर्फ खालिद मेवाती की ओर से सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किए जाने के बाद यह घटना सुर्खियों में आई थी। वीडियो में छात्र विश्वविद्यालय परिसर में खुले में नमाज अदा करते दिखाई दे रहे थे। स्थानीय हिंदू समूहों ने इस घटना को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया था। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामले को लेकर खालिद प्रधान और तीन सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया था।

## अलग- अलग गांवों में मिले लापता युवक के अंग

गोंडा। जिले में पिछले पांच दिनों से लापता युवक के शव के हिस्से दो अलग-अलग गांवों से बरामद होने से सनसनी फैल गई। नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने रविवार को बताया कि दत्त नगर निवासी इंद्रभान उर्फ छोटू सिंह (25) पिछले पांच दिनों से लापता था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत स्थानीय थाने में दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस भी उसकी तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम ग्रामीणों ने दत्त नगर और खैरी गांव के बीच खेत में एक शव देखा कि युवक का धड़ खैरी गांव के पास गेहूं के खेत में मिला, जबकि सिर नाई पुरवा गांव के पास मिला। हत्यारों ने शव को बोरे में भरकर खेत में फेंक दिया था। मिश्र ने बताया कि परिजनों द्वारा शव की शिनाख्त किये जाने के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सांसद पाल ने लोगों के साथ खेली फूलों की होली



सिद्धार्थनगर। सांसद जगदंबिका पाल के आवास पर रविवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद जगदंबिका पाल ने सभी लोगों के साथ फूलों की होली खेली तथा एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया।

सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि होली पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से लोगों ने होली खेली, होली पर्व में जहां अपनी परंपरा और संस्कृत के प्रति श्रद्धा आस्था का भाव पूरे देश के साथ ही साथ विश्व को भी यह संदेश दिया कि हम सभी सनातनी एक हैं और साथ ही साथ गंगा जमुनी तहजीब को भी नहीं भूला। होली के साथ ही साथ हम सिद्धार्थनगर के विकास के लिए भी संकल्पित है, ताकि मोदी जी का जो विकसित भारत संकल्प का सपना है उसको साकार किया जा सके इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र पांडे, सच्चिदानंद शुक्ला, अपना दल के अनिल चौधरी मंडल अध्यक्ष अरविंद चौधरी रमेश मणि त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि, एस पी अग्रवाल मंडल अध्यक्ष अमित उपाध्याय, लाल जी त्रिपाठी उर्फ लाल बाबा, कुलदीप द्विवेदी, प्रधान मनोज यादव, राजेंद्र द्विवेदी रिंकू पाल, अमरेंद्र पाल, रवि वर्मा संतराम मिश्रा सहित सैकड़ो लोगों उपस्थित रहे।

# काव्य रस में सराबोर हुआ होली मिलन समारोह

- तालियों की गूंज और वाह-वाह की ध्वनि से गूंजता रहा पंडाल

एसपी सिंह परिहार




**श्रावस्ती ।** श्रावस्ती के इकौना स्थित छोटा रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में देशभर से आए प्रख्यात कवियों ने अपनी ओजस्वी, हास्यपूर्ण, श्रृंगारिक और वीर रस से परिपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रामफेरन पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा को और बढ़ा दिया। इस कवि सम्मेलन में हास्य, वीर, श्रृंगार, करुण, और समाजोपयोगी कविताओं ने श्रोताओं के मन को छूलिया। कवियों ने अपने ओजस्वी काव्य पाठ से जहां राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल किया, वहीं हास्य कविताओं ने लोगों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। श्रृंगार रस से सराबोर कविताओं ने प्रेम और सौंदर्य के कोमल भावों को जगाया, जबकि समसामयिक मुद्दों पर आधारित कविताओं ने सामाजिक चेतना का संदेश दिया। वीर रस की ओजस्वी कविताएं देशभक्ति और समाज सेवा की भावना को जागृत करती रहीं, तो हास्य कवियों ने अपनी चुटीली और व्यंग्यपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को हँसने पर मजबूर कर दिया। सम्मेलन में श्रृंगार रस की कविताओं ने प्रेम, सौंदर्य और मानवीय संवेदनाओं को जीवंत कर दिया। यह कवि सम्मेलन नगरवासियों के लिए एक यादगार साहित्यिक संध्या साबित हुई। इकौना और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोग इस आयोजन में उपस्थित रहे और काव्य रस का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान तालियों की गूंज और वाह-वाह की ध्वनि पूरे पंडाल में गूंजती रही, जिससे कवियों का उत्साह बढ़ता गया।

इस सफल आयोजन के पीछे कन्हैया कसौधन और अजय जायसवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने इस कार्यक्रम को उत्कृष्ट रूप देने में दिन-रात मेहनत की। उनके प्रयासों के कारण यह कवि सम्मेलन एक साहित्यिक और सांस्कृतिक महोत्सव बन सका, जिसमें काव्य प्रेमियों को हिंदी साहित्य की समृद्ध परंपरा का आनंद लेने का अवसर प्राप्त हुआ। कवि सम्मेलन में सुरेश सैनिक (बलरामपुर) ओजस्वी औरमनोज कप्तान (दिल्ली) हास्य और व्यंग्य के चर्चित कविराम किसोर तिवारी (बाराबंकी) झ समसामयिक कविताओं के लिए प्रसिद्ध कवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिष्ठित कवियों और आयोजन समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रामफेरन पांडेय ने कवियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया और उनकी रचनाओं की सराहना की।

इस कवि सम्मेलन ने नगरवासियों को साहित्यिक और सांस्कृतिक चेतना से जोड़ने का कार्य किया और हिंदी काव्य परंपरा को एक नई ऊँचाई प्रदान की। यह आयोजन निश्चित रूप से इकौना की साहित्यिक विरासत में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ गया।

# एकता और भाईचारे का पर्व है होली: प्रमोद तिवारी

## सांगीपुर में होली मिलन समारोह में राष्ट्रीय सद्भावना पर दिया जोर




प्रतापगढ़ । सांगीपुर स्थित गांधी इण्टर कालेज के समीप कम्युनिटी हॉल में रविवार को परम्परागत होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि रंगों की खुशियों का यह पर्व हमें समाज और देश को मजबूत बनाये रखने के लिए सामूहिक रूप से एकजुटता का अजेय संदेश दिया करता है। उन्होनें कहा कि हमारा देश समूचे विश्व में अपनी एकता तथा सार्वभौमिक अखण्डता को सुरक्षित रखने में इसीलिए सफल और समर्थ है कि हम भारतवासी हर जरूरत पर एकजुट होकर तिरंगे का मान बढ़ाने में सदैव तत्पर रहा करते हैं। उन्होनें कहा कि रामपुरखास से होली के पर्व पर भी राष्ट्रीय सदभावना और समरसता को ताकतवर बनाए रखने की देश व प्रदेश को प्रेरणा मिला करती है। उन्होनें कार्यक्रम में मंगलकामनाओं में कहा कि विधायक मोना के प्रयास से क्षेत्र में लगातार सड़क संसाधन के क्षेत्र में मिल रही सौगात यहां के विकास की स्वर्णिम गाथा लिखेगी। कार्यक्रम में प्रो0डॉ0 विजयश्री सोना विशिष्ट अतिथि रहीं। समारोह की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व संचालन रामबोध शुक्ल ने किया। प्रारम्भ मे प्रधानाचार्य डॉ. अमिताभ शुक्ल ने स्वागत भाषण तथा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दृगपाल यादव ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में लोकगायक परशुराम क्रोधी, जगन्नाथ यादव, अमर बेदर्दी व शिवलाल प्रेमी के फाग गीतों से समां बंधी। इस मौके पर मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, रोहित सिंह, दयाराम वर्मा, राजू मिश्र, पवन शुक्ला, रामकृपाल पासी, महेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, सुधाकर पाण्डेय, अम्बुज मिश्र, त्रिभु तिवारी, जि.पं.सदस्य अरविन्द सिंह, सुरेश सिंह लल्लन, रिंकू सिंह परिहार, अशोकधर द्विवेदी, आशुतोष मिश्र, गुडडू सिंह, शिवकुमार साहू, विकास मिश्र, महादेव प्रजापति, शिवबहादुर सिंह, पं. कैलाशपति मिश्र, अरविन्द मिश्र, आदि रहे। इसके पहले राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में अपनी छोटी सुपुत्री डॉ0 विजयश्री सोना के साथ दर्शन पूजन किया। उन्होनें रेहुआ लालगंज, मंगापुर, ननौती में भी लोगों से मुलाकात कर होली की मंगलकामनाएं सौंपी।

## बाबा को प्रमोद ने अर्पित किया अबीर-गुलाल, लोकमंगल की किया प्रार्थना

प्रतापगढ़ । होली मिलन कार्यक्रमों में रामपुर खास के दौरे में रविवार को राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अपनी छोटी सुपुत्री डॉ. विजयश्री सोना के साथ बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन किया। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा को पुष्प अक्षत व अबीर गुलाल अर्पित कर लोक मंगल की कामना किया। उन्होंने स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से बाबा से होली पर रामपुर खास में सतत विकास को मजबूत बनाये रखने का आशीर्वाद भी मांगा। महंत मयंक भालगिरि व पं. वीरेन्द्रमणि तिवारी आदि ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को बाबा का महाप्रसाद प्रदान किया।

## संयुक्त इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में की पैदल गश्त

बलरामपुर। जनपद में शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखनें हेतु पुलिस अधीक्षक विकास कुमार * के निर्देशन में नेपाल राष्ट्र के सीमावर्ती थानों की पुलिस व एस0एस0बी0 की संयुक्त टीम द्वारा इंडो-नेपाल बॉर्डर पर पैदल गस्त किया गया। इस दौरान बार्डर एरिया से सटे गाँवों में निरन्तर पैदल गस्त कर दौरान संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गयी व इण्डो नेपाल बार्डर पर होने वाली असामाजिक गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा से सटे हुए गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व संम्भ्रान्त व्यक्तियों को मादक पदार्थों की तस्करी, मानव/गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।

संक्षेप

## अचेत अवस्था पड़े मिले युवक की मौत, हत्या की आशंका

इकदिल, इटावा। थाना क्षेत्र में अचेत अवस्था में पड़े मिले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने युवक की मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। शनिवार देर रात गांव चांदनपुर के पास एक अज्ञात युवक पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने युवक के पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस ने युवक को देर रात जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन जिला अस्पताल पहुचे और उन्होंने युवक की पहचान विशाल (28) पुत्र मुरली प्रजापति निवासी मोहल्ला मेहरा चुंगी अड्डा श्याम लाल थाना फ्रेंड्स कालोनी के रूप में की। युवक की मौत होने पर पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। प्रतक के छोटे भाई विजय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि युवक गांव कोठी चांदनपुर में अपने दोस्त के घर आया था और किसी बात पर वाद विवाद होने पर अज्ञात लोगों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई। जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल में जुट गई है।

## श्री खाटू श्याम की भव्य शोभायात्रा निकली

जसवंतनगर, इटावा। गांव सुगंध नगर में रविवार को श्री खाटू श्याम की भव्य शोभायात्रा बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पूरे जोश और आस्था के साथ इस शोभायात्रा में भाग लिया और क्षेत्र को भक्तिमय रंग में रंग दिया। शोभायात्रा की शुरुआत मंदिर प्रांगण से हुई, जहां श्रद्धालुओं ने श्री खाटू श्याम की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद ढोल-नगाड़ों की गूंज और भजन-कीर्तन के साथ यात्रा आगे बढ़ी। सजीव झांकियों, पुष्पवर्षा और श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यात्रा के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु नाचते-गाते हुए बाबा श्याम के भजनों में लीन हो गए। यात्रा में जगह-जगह स्वागत द्वार लगाए गए थे, जहां स्थानीय लोगों ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया। भक्तों के लिए प्रसाद और जल सेवा की व्यवस्था भी की गई थी। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इस धार्मिक आयोजन के चलते पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## महिला ने फांसी लगाकर जान दी

इकदिल। थाना क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही थाना पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुट गई। गांव आसई की रहने वाली प्रीति (35) पत्नी भानु प्रताप सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर कमरे में रस्सी का फांसी फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका के पति ने बताया कि वह आगरा में रहकर सेल्समेन का काम करता है। घटना के बारे में जानकारी मिलते ही आनन फानन में घर जाकर देखा तो पत्नी कमरे में फांसी के फंदे पर लटक रही थी। उसके बाद रात करीब दस बजे मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। वह अपने पीछे बेटी नंदनी (15), दिव्या (13) बेटा देवा (11), शिवा (8) के साथ परिजनों को रोते बिलखते छोड़ गई है।

## गुमटी में लगाई आग

इकदिल, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर मनियांमऊ के सामने गुरुवार की रात सड़क किनारे रखी एक चाय, पान और परचून की गुमटी को आग के हवाले कर दिया गया। यह करतूत इलाकाई अराजक तत्वों की है। आग से दुकान में रखा हजारों का सामान जल कर राख हो गया। गांव मनियांमऊ निवासी गुमटी दुकान मालिक प्रेम नारायण पुत्र रव, रामदुलारे ने बताया उसने परिवार के भरण पोषण के लिए गांव के बाहर हाइवे किनारे एक चाय-पान की गुमटी रखे हुए है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे (इंटर) सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा सन 2021 के अंक/ प्रमाण पत्र में पिता का नाम दिलीप गुप्ता अंकित हो गया है। वास्तव में दिलीप कुमार होना चाहिए। **सौम्या गुप्ता पुत्री दिलीप कुमार नि.- हर्षनगर, महानन्दपुर कोतवाली-सदर जिला -रायबरेली।**

# सीएम योगी के नेतृत्व में बढ़ी यूपी की ख्याति




गोरखपुर। गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रीतेश मिश्र ने कहा कि जब कोई कर्मशील, प्रेरक और निवास्र्थ्य व्यक्ति अपनी उपाधिता से समाज और राष्ट्र को सर्वगाह होता है तो संबोधन के लिए बड़े से बड़ा व्यक्ति भी उनके व्यक्तित्व की ऊंचाई का आवह्न कराने में अपना सामर्थ्य साबित नहीं कर सकता है। सबकी वाणी और सबके मन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हम सभी के भाव ऐसे ही जुड़े हुए हैं। सुशासन, सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा विकास के अनेकाएक आयामों पर देश के सभी राज्यों के लिए नेतृत्व का अद्वितीय रोल मॉडल बन चुके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पत्रकार साथी भी आत्मीयता का बोध करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा कहते हैं कि समय के साथ न चलने वाला हमेशा पीछे छूट जाता है उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने समय के साथ चलना शुरू किया तो आज प्रदेश की ख्याति और उपलब्धियों की चर्चा चारों ओर है।

समारोह में मंच पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक गण राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, डॉ. विमलेश पासवान, महेंद्र पाल सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी, पूर्व महापौर अंजू चौधरी व सीताराम जायसवाल, डॉ. सत्या पांडेय, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण प्रो जेपी सैनी, प्रो शोभा गौड़, प्रो रवि शंकर सिंह, हिन्दी दैनिक मदन मोहन सिंह, हिन्दी दैनिक के वरिष्ठ स्थानीय संपादक व यूनिट हेड पीयूष बंका, स्थानीय संपादक दीप्तभानु डे, हिन्दी दैनिक के स्थानीय प्रभारी अखिलेश चंद व संपादक सूर्य प्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सारगर्भित संचालन वरिष्ठ पत्रकार प्रो.हर्ष कुमार सिन्हा कुमार हर्ष ने किया। इस अवसर पर गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह, मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार राय, पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक एडवोकेट जेपी गुप्ता व प्रांतीय संगठन मंत्री घनश्याम कसौधन, प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्य गजेंद्र त्रिपाठी, नीरज श्रीवास्तव, श्रीकृष्ण त्रिपाठी, कौशल त्रिपाठी, सतीश शुक्ला, राकेश सारस्वत, पूर्व अध्यक्ष सर्वेश दूबे, एसपी सिंह, मार्कण्डेय मणि त्रिपाठी, दामोदर उपाध्याय, गौरव त्रिपाठी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, यजुगेंद्र श्रीवास्तव, सुनिल शाही, अमित उपाध्याय, डीपी राय व केपी राय समेत प्रेस क्लब के पूर्व पदाधिकारी, पत्रकार एवं समाज के गणमान्य जन मौजूद रहे।

### नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के इन पदाधिकारियों ने ली शपथ

**रीतेश मिश्र- अध्यक्ष**
**भूपेंद्र द्विवेदी-उपाध्यक्ष**
**पंकज श्रीवास्तव- महामंत्री**
**प्रिंस पांडेय- कोषाध्यक्ष**
**अंगद प्रजापति- संयुक्त मंत्री**
**विनय सिंह- पुस्तकालय मंत्री**
**परमात्मा राम त्रिपाठी, राजीव पांडेय और विवेक कुमार - कार्यकारिणी सदस्य।**

## गरीबों के मसीहा थे मान्यवर कांशीराम



जौनपुर। आज मड़ियाहूं जनसंपर्क कार्यालय में मान्यवर कांशीराम की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव अनु. मंच ललई सरोज एवं विशिष्ट अतिथि जिला मीडिया सचिव चंद्रशेखर पटेल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मछलीशहर लालबहादुर पटेल एवं कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव सार्जन पटेल ने किया। सभी ने कांशीराम के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धां सुमन अर्पित किये।मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य ललई सरोज ने कहा कि मान्यवर कांशीराम का जन्म 15 मार्च 1934 को भारत में दलित जाति के रामदासिया परिवार में हुआ था।वे भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे।उन्होंने भारतीय वर्ण व्यवस्था में बहुजनों के राजनीतिक, एकीकरण तथा उत्थान के लिए कार्य किया।जिलाध्यक्ष मछलीशहर लालबहादुर पटेल ने कहा कि कांशीराम जी को बहुजन नायक या मान्यवर के नाम से भी जाना जाता है, साहब कांशीराम एक भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, जिन्होंने बहुजनों, भारत में जाति व्यवस्था के सबसे निचले स्तर पर अछूत समूहों सहित पिछडी या निचली जाति के लोगों के उत्थान और राजनीतिक लामबंदी के लिए काम किया। चंद्रशेखर ने कहा कि कांशीराम बहुजन के नेता थे उन्होंने अपना दल बनाकर दलितों को राजनीती का हिस्सा बनाकर उनको सम्मान देने का कार्य किये है। इस कार्यक्रम में सुनील पटेल, अवनीश कुमार यादव, बलिराम सरोज, रवि शंकर दुबे, लालजी, रामू विश्वकर्मा, चंद्रशेखर यादव साहित सैकड़ो पदाधिकारी उपस्थित होकर जयंती मनाई।

## डिलेवरी बॉय का लेखा परीक्षक के पद पर हुआ चयन

सरहरी, गोरखपुर। जनपद के विकास खण्ड जंगल कौड़ियां क्षेत्र के बुढ़ियाबारी गाँव निवासी कृपाशंकर ने एसएससी सीजीएल द्वारा रक्षा मंत्रालय में लेखा परीक्षक के पद पर चयनित होकर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया जिसका श्रेय उसने अपनी माँ को दियो जानकारी के अनुसार कृपाशंकर अनुशासन, समर्पण और मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।10वीं की पढ़ाई सरस्वती शिशु मंदिर पक्कीबाग दुगार्बाड़ी गोरखपुर से और 12वीं जुबली इन्टर कॉलेज बक्शीपुर गोरखपुर से किया और 2022 में स्नातक की पढ़ाई पूरी की साथ ही उसने अमेजन कम्पनी में डिलेवरी बॉय का भी काम करता था उसकी सफलता में माता शीला देवी, प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षकों का मार्गदर्शन भी अहम रहा। कृपा शंकर के पिता स्व राजाराम जो श्रम विभाग में माली के पद पर कार्य करते थे उनका चार माह पहले आकस्मिक निधन हो गया था जिन्होंने खेतों में कठिन मेहनत और सीमित संसाधनों के बावजूद बेटे की पढ़ाई को हमेशा प्राथमिकता दी।

## युवक पर किया जानलेवा हमला मुकदमा कायम

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा नं० 1 में मनबढ़ो ने युवक को रास्ते में घेर कर जान लेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया भाई अबिनाश यादव के तहरीर पर चिलुआताल पुलिस बी एन एस की धारा 191 (2) / 115 (2) / 352 / 131 / 151 (3) के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दिया है स्थानिय थाना क्षेत्र के नकहा न० 1 यादव टोला भिटवा निवासी अबिनाश यादव पुत्र स्व० श्रीपति यादव ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरा भाई अमिलास यादव उर्फ सरवन को दोपहर में घर आ रहा था जिसे मेरे ही गाँव के रहने वाले राज उर्फ सुदामा यादव, प्रदुमन यादव, जकाती यादव, दोपहर में घर आते समय मारपीट की।

## भाजपा के जिलाध्यक्ष बने जनार्दन तिवारी व देवेश श्रीवास्तव महानगर अध्यक्ष

गोरखपुर। भारतिय जनता पार्टी के बहुप्रतीक्षित जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष के नाम से रविवार को पर्दा हट गया। पार्टी के चुनाव अधिकारी ने जिलाध्यक्ष पद के लिए जनार्दन तिवारी तथा महानगर अध्यक्ष पद पर देवेश श्रीवास्तव के नाम की घोषणा किया। जिसके बाद महानगर से लेकर जनपद के सभी मण्डलों ने कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशियों को साझा किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व के अंतर्गत जिला अध्यक्ष घोषणा दिवस का आयोजन रविवार को पार्टी के रानीडीहा जिला कार्यालय पर आयोजित हुआ। जिला कार्यालय के खचाखच भरे सभागार में सभी मंडल अध्यक्ष, जिले के पदाधिकारी एवं जिले में निवास करने वाले क्षेत्रीय पदाधिकारी गण की मौजूदगी में बतौर मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी व पूर्व विधान परिषद सदस्य केदारनाथ सिंह ने शीर्ष नेतृत्व द्वारा कुछ पल पहले ही व्हाट्सएप पर मिले मैसेज के आधार पर जिलाध्यक्ष पद के लिए क्षेत्रीय मंत्री जनार्दन तिवारी का नाम की घोषित की। इसी तरह पार्टी के बेनीगंज कार्यालय पर आयोजित बैठक में चुनाव अधिकारी ने महानगर अध्यक्ष पद के लिए देवेश श्रीवास्तव के नाम की घोषणा की। नाम की घोषणा होते ही निवर्तमान जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंच पर मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी केदारनाथ सिंह के साथ जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, विधायक गण राजेश त्रिपाठी, प्रदीप शुक्ला, विमलेश पासवान, श्रीराम चौहान, महेंद्र पाल सिंह, एससी एसटी आयोग के उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक बेचन राम, जिला महामंत्री व पिछड़ा आयोग के सदस्य डॉक्टर आर डी सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष मार्कंडेय राय मौजूदगी में नाम की घोषणा किया गया। इससे पूर्व जिला चुनाव अधिकारी ने भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों एवं चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रकाश डाला।

## पुलिस लाइन में मनी कपड़ा फाड़ होली

### एसएसपी समेत सभी अधिकारी डीजे पर थिरके



इटावा। होली के दूसरे दिन पुलिस विभाग ने धूमधाम से त्योहार मनाया। पुलिस लाइन में सुबह 10 बजे से होली की रंगत शुरू हुई। सभी पुलिसकर्मी रंग, अबीर और गुलाल से सराबोर नजर आए। एसएसपी संजय कुमार वर्मा दोपहर 12 बजे पुलिस लाइन पहुंचे। उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ होली खेली। पुलिसकर्मियों ने एसएसपी को कंधे पर उठाकर जश्न मनाया। डीजे की धुन पर सभी ने जमकर डांस किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा भी होली मिलन समारोह में जमकर झूमते नजर आए। इससे पहले शुक्रवार को होली और जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर रही। चैराहों और गलियों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। जिले में त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, एएसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, एएसपी क्राइम सुबोध गौतम समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे पर रंग-गुलाल लगाया। कुछ को रंग भरी टब में भी डुबोया गया। शाम को होली मिलन समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ होली का हुड़दंग दोपहर 2 बजे तक चलता रहा। इसी के साथ शाम होते ही पुलिस लाइन में होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से लेकर सभी अधीनस्थ फूलों की होली खेली और डीजे पर नाचते झूमते नजर आए। इस दौरान पुलिस जवानों ने रंगों के साथ साथ जमकर कपड़ा फाड़ होली भी खेली। जनपद के सिविल लाइंस, कोतवाली, फ्रेंड्स कालोनी, बढ़पुरा, जसवंतनगर, बकेवर, इकदिल समेत सभी थानों के साथ पुलिस चैकियों पर थानाध्यक्षों एवं जवानों ने जमकर होली खेली। इस दौरान थानों पर डीजे भी जमकर बजे।

## बाइक ट्रक में घुसी, दो की मौत

- **गुस्साए लोगों ने किया पथराव**
- **पत्रकार पर भी हमला कर मोबाइल लूटा**



इटावा। शनिवार शाम हुए सड़क हादसे में 8 साल के बच्चे समेत 2 लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक ट्रक में पीछे से जा घुसी। मरने वाले दोनों बाइक से जा रहे थे। हादसा आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर हुआ।

मृतकों की पहचान परशूपुरा गांव में रहने वाले लालू (35) और 8 साल के सार्थक के रूप में हुई। हादसे के वक्त दोनों इकदिल कस्बे से अपने गांव लौट रहे थे। कहा जा रहा है कि 8 साल का बच्चा बाइक चला रहा था। वह बाइक पर कंट्रोल नहीं कर पाया। गुस्साए लोगों ने किया हंगामा, ट्रक में आग लगाने की कोशिश थाना इकदिल क्षेत्र में हुए हादसे की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। गुस्साए लोगों ने वाहनों पर पथराव किया। इसमें एक बस और दो ट्रकों के शीशे टूट गए। एक पत्रकार संजीव कुमार के साथ भी मारपीट की गई। उनका मोबाइल छीन लिया गया। भीड़ ने ट्रक में आग लगाने का भी प्रयास किया। सूचना पर सीओ सिटी के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। हादसे के बाद ट्रक चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। हाईवे पर करीब एक घंटे तक यातायात थमा रहा।

घायल संजीव कुमार ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना पर वे पहुंचे थे। तभी नशे में धुत कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। उनके साथ मारपीट की गई और मोबाइल लूट लिया गया। इसके अलावा हाईवे से गुजर रहे एक राहगीर पर भी पथराव किया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। हंगामा करने वालों पर दर्ज होगा मुकदमा एक घायल राहगीर ने बताया कि हाईवे पर जाम लगा था। गुस्साए लोग पुलिस और आम लोगों पर पत्थर फेंक रहे थे। सीओ सिटी ने बताया कि बाइक तेज गति में थी। ट्रक से टकराने के कारण हादसा हुआ। गुस्साए लोगों ने हंगामा और पथराव किया। लेकिन, उन्हें समझाकर शांत करा दिया गया। जो लोग इस पथराव में घायल हुए हैं, उनकी शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## जनार्दन तिवारी के तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

गोला, गोरखपुर। गोरखपुर जिले के भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष पद के जनार्दन तिवारी के नाम की घोषणा होते ही गोला के भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकताओं ने पटाखे फोड़ने के साथ ही एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया। भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जनार्दन तिवारी के पुनः जिलाध्यक्ष बनने पर उपनगर गोला के बेकरी चौराहे पर पटाखा फोड़ जश्न मनाया। तथा एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशियों को साझा किया। ज्ञान अवसर पर श्री राय ने कहा कि जनार्दन तिवारी कर्तव्यनिष्ठ एवं कुशल संगठनकर्ता है। इनके दो बार के कार्यकाल में भाजपा ने जनपद में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इनको पुनः जिले का कमान मिलने से कार्यकताओं में उत्साह का संचार हुआ है। इस मौके पर युवा समाजसेवी उमेश कुमार यादव, आलोक तिवारी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष देवेश निषाद, भाजपा आईटी सेल आलोक पांडेय, सह जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार हिंदुस्तानी, अजय राजभर समेत अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।वहीं उरुवा गोरखपुर जिले के भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष पद के जनार्दन तिवारी के नाम की घोषणा होते ही नगर पंचायत उरुवा के वार्ड नं 10 के श्री कम्प्लेक्स में भाजपा नेताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। जनार्दन तिवारी को जिलाध्यक्ष बनने पर भाजपा नेता व नगर पंचायत उरुवा अध्यक्ष प्रतिनिधि नवीन कुमार उर्फ मुन्ना सिंह तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृपा शंकर उर्फ जुगनू दुबे सहित दर्जनों भाजपा नेताओं ने बधाई दी और मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। इस पर प्रमुख प्रतिनिधि जुगनू दुबे ने कहा कि श्री तिवारी के जिलाध्यक्ष बनने से जनपद में भाजपा और मजबूत होगी। श्री तिवारी काफी मिलनसार व पार्टी के लिए दिन रात एक कर काम करने वालों में हैं। इस मौके पर बधाई देने वाले पूर्व मंडल अध्यक्ष इन्द्रजीत पाण्डेय, वेद प्रकाश सिंह, अभिमन्यु सिंह, शिवरतन भारती, सुशील पाठक, सोनू पाण्डेय, संतोष मणि त्रिपाठी, लाल मोहन सिंह सहित कई लोगो ने मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई।

## होली मिलन समारोह में झूमे नगरवासी, भाईचारे का दिया संदेश




जसवंतनगर, इटावा। व्यापार मंडल के तत्वावधान में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन नगर के एक मैरिज होम में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने पारंपरिक रंगों के साथ एकता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में आपसी सामंजस्य बना रहता है और प्रेम एवं सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। समारोह में पारंपरिक होली गीतों, रंगारंग कार्यक्रमों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और संगीत की धुन पर जमकर थिरके। इस मौके पर नगर के प्रतिष्ठित लोग डॉ. पुष्पेंद्र पुरवार, अशोक गुप्ता, राजीव माथुर, शिवकांत जैन, सर्वेश गुप्ता, राजीव बबलू गुप्ता, राजेंद्र गौर, अश्वनी गुप्ता, पीयूष गुप्ता, मोनू गुप्ता, बजरंगी भाई, शांतनु पुरवार सहित लगभग एक सैकड़ा से ज्यादा लोग मौजूद रहे। समारोह में आए सभी अतिथियों ने आयोजन समिति की भूरी-भूरी प्रशंसा की और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिठाइयां वितरित की गईं और होली के रंग में सराबोर होकर सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

## होली की प्रभारी निरीक्षक ने तोड़ी परंपरा

चकरनगर, इटावा। होली के पर्व पर आदि काल से सहसों थाने से शुरू होने वाली फाग के साथ होली खेलने की परंपरा प्रभारी निरीक्षक ने बंद करा दी। जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश रहा, फिर ग्रामीणों के द्वारा थाने के नीचे से ही होली और भाग का कार्यक्रम शुरू किया गया। बुजुर्गों के मुताबिक आदि काल से आज तक पहले राजा, फिर अंग्रेजों के बाद से तहसील क्षेत्र चकरनगर के सहसों गांव के थाने से होली के साथ फाग गायन की शुरूआत की जाती थी, लेकिन इस बार प्रभारी निरीक्षक सहसों ने चैकीदार गुल्लू को गांव में भेजकर थाने में फाग और होली खेलने जाने की मनाही करा दी। जिसको लेकर ग्रामीणों में पहले काफी आक्रोश रहा, फिर बुजुर्गों के द्वारा समझाने बुझाने पर थाने के नीचे से ही फाग के साथ होली की शुरूआत की गई। सहसों गांव में सुबह धूल-मिट्टी के बाद शांम को करीब दो बजे से रंग-गुलाल के साथ होली खेलते हुए दरवाजे-दरवाजे पर खड़े होकर फाग गाई गई। शाम तक गली कूचे रंग गुलाल से रंग बिरंगे हो गए। इसी बीच युवाओं के साथ बुजुर्गों ने भी फाग गायन में बढ़ चढ़कर भाग लिया और होली खेल रहे नंदलाल जैसी फागों से होली खेलने वाले युवाओं का उत्साह वर्धन किया। होली का त्यौहार एक दूसरे को अबीर के साथ रंग-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए पैर छूकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। बताते चलें कि सहसों ही नहीं तहसील क्षेत्र के एक सैकड़ा से अधिक गांवों में धूमधाम से होली का त्योहार मनाया गया। प्रेम कुमार थापा, पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मुझे जानकारी नहीं है, कि आखिर होली खेलने से क्यों मना किया गया, मैं इसकी जांच कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराता हूं।

## शेरनी नीरजा ने होली पर दिया तीन शावकों को जन्म

इटावा। इटावा सफारी पार्क की शेरनी नीरजा ने दिया होली को तोहफा। सफारी पार्क के बब्बर शेर प्रजनन केन्द्र में बीते 12 दिसम्बर 2020 को जन्मी बब्बर शेरनी नीरजा ने इटावा सफारी पार्क में दूसरी बार आज 03 शावकों को जन्म दिया है। शेरनी नीरजा की मीटिंग गुजरात से आये नर शेर कान्हा से दिनांक 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर 2024 के मध्य हुयी थी। प्रसव की सम्भावित तिथि होली के दौरान होने के कारण सफारी प्रशासन पूरी तरह से सजग था जिसके चलते आज शेरनी नीरजा ने दिनांक 16 मार्च को अपराह्न में तीन शावकों को जन्म दिया है। प्रथम शावक 02.15 बजे, दूसरा शावक 2.55 बजे तथा तीसरा शावक 3.18 बजे पर हुआ। शेरनी नीरजा व तीन नवजात शावक स्वस्थ है। शेरनी नीरजा द्वारा शावकों का पूर्ण रूप से देखभाल किया जा रहा है। इससे पूर्व सफारी पार्क की शेरनी नीरजा की मां जेसिका ने वर्ष 2016 में दो नर शावक सिम्बा व सुल्तान, वर्ष 2017 में नर शावक बाहुबली, वर्ष 2019 में दो मादा व एक नर शावक रूपा, सोना और भारत तथा वर्ष 2020 में दो मादा शावक गार्गी व नीरजा को जन्म दिया है। इसके अतिरिक्त सफारी पार्क की दिवंगत शेरनी जेनिफर जो 25 सितम्बर 2020 को गुजरात से लायी गयी थी तथा जिसकी मां जैसिका है, ने वर्ष 2020 में नर शावक केसरी तथा अगस्त-22 में एक नर शावक विष्वा को जन्म दिया। यहां पर पैदा हुई बब्बर शेरनी रूपा द्वारा भी सितम्बर 2023 में एक नर शावक को जन्म दिया जा चुका है। इस प्रकार सफारी पार्क में तीनों नवजात शावकों के अतिरिक्त अब तक कुल 13 शावकों ने जन्म लिया है। तीनों नवजात शावक व मादा बब्बर शेरनी की विशेष देखभाल पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से शेरनी नीरजा एवं नवजात शावकों के स्वास्थ्य एवं व्यवहार पर सफारी पार्क के सलाहकार गुजरात के डा. सीएन भुवा, सफारी पार्क के पशु चिकित्सक डा. रोबिन सिंह यादव एवं डा. शैलेन्द्र सिंह द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। सफारी पार्क में नवजात शावकों के जन्म लेने से वर्तमान में बब्बर शेरों की संख्या 18 हो गयी है। गुजरात के अतिरिक्त एशियाई बब्बर शेर का एकमात्र प्रजनन केन्द्र उत्तर प्रदेश के जनपद में है, जहां इनका सफल प्रजनन हो रहा है। सफारी पार्क के निदेशक डा. अनिल पटेल ने यह जानकारी दी है।

## जंतर-मंतर पर -आज शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने की अपील



इटावा। जमीअत उलेमा हिंद ने वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संगठन ने 17 मार्च को जंतर-मंतर पर होने वाले विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। जिलाध्यक्ष मौलाना तारिक शम्सी ने कहा कि वक्फ संपत्तियां मुस्लिम समुदाय की सामूहिक धरोहर हैं। इनका उपयोग मस्जिदों, मदरसों और अनाथालयों के लिए किया जाता है। उन्होंने सरकार की नीतियों पर चिंता जताई। उनका कहना है कि ये नीतियां वक्फ संपत्तियों को कमजोर कर सकती हैं। मौलाना शम्सी ने मुस्लिम समाज, सामाजिक संगठनों, उलेमा, वकीलों और युवाओं से विशेष अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण होना चाहिए। साथ ही यह स्पष्ट संदेश देना होगा कि वक्फ संपत्तियों पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने समुदाय से लगातार जागरूक और सक्रिय रहने का आग्रह किया है। मौलाना ने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ जमीन का नहीं है। यह धार्मिक और सामाजिक पहचान से जुड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आज कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाली पीढ़ियां अपनी विरासत खो सकती हैं। जमीअत उलेमा-ए-हिंद ने लोगों से कानूनी और व्यावहारिक प्रयासों में भी सहयोग मांगा है। उन्होंने मस्जिदों और मदरसों में इस मुद्दे पर चर्चा करने का आह्वान किया है। किसी भी अवैध कदम का सामूहिक विरोध करने की बात कही गई है। लिहाजा सभी मुसलमानों से अपील है कि वे कल के विरोध प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों और वक्फ की रक्षा के लिए हर स्तर पर तैयार रहें।

## 13 वर्षीय युवक नदी में कूदा, नहीं लगा पता

उदी, इटावा। थानां बढ़पुरा क्षेत्र इटावा-ग्वालियर मार्ग स्थित यमुना पुल के नीचे दोस्त के साथ यमुना नदी में नहाने गया 13 वर्षीय युवक नदी में डूब गया। सूचना पर थानां पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से तलाश जारी। समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं लग सका था।कोतवाली थाना क्षेत्र के कटरा महमूद खाँ लोधी मौहल्ला निवासी दिनेश कुमार का 13 वर्षीय पुत्र कृष्णा इसी मुहल्ले के निवासी दोस्त विवेक पुत्र मुकेश के साथ प्रातः लगभग आठ बजे साइकिल से घर पर बगैर बताए घूमने निकल गया था। बताया गया है कि दोनों युवक लगभग 10 बजे बढपुरा थाना क्षेत्र यमुना पुल के दक्षिणी तरफ यमुना नदी में नहाने पहुंचे थे।नदी में नहाते समय कृष्णा गहरे पानी में चला गया तथा देखते ही देखते लापता हो गया।

संक्षेप

## युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

लखीमपुर खीरी। रविवार की दोपहर रेहुआ धौरहरा रोड स्थित ग्राम सरसवा के पास बनी पुलिया के नीचे झाड़ी में से 33 वर्षीय युवक का शव पाया गया। युवक की पहचान डिहुआ निवासी जयदीप के रूप में हुई है पुलिस ने शव को पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढिहुआ कलां निवासी जयदीप भार्गव (33) पुत्र कौशल का शव रेहुआ बसंतापुर मार्ग के किनारे ग्राम सरसवा के पास एलीमेंट्री स्कूल के नजदीक बनी पुलिया के नीचे से पुलिस ने बरामद करते हुए पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा ने बताया कि फिलहाल परिजनों को सूचना दे दी गई है। तहरीर व पी एम रिपोर्ट मिलने पर जांचोपरांत कार्यवाही जाएगी।

## होली में रंग लगाने के दौरान महिला से हुई थी छेड़छाड़

धौरहरा खीरी। शुक्रवार को होली खेलने के दौरान एक गांव निवासी घर में अकेली मौजूद महिला के रंग लगाने के दौरान छेड़छाड़ करने, कपड़े फाड़ने व मारपीट करने के गांव निवासी चार आरोपियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने छेड़खानी की धाराओं में मामला रविवार को दर्ज करते हुए चिकित्सीय परीक्षण के लिए सी एच सी धौरहरा भेजा गया। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बबुरी निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार दोपहर 12 बजे होली खेलते समय गांव निवासी श्याम, रामपाल, छोटू व मौजी द्वारा घर में घुसकर रंग लगाने से मना करने पर छेड़खानी करने कपड़े फाड़ने व गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ करने का मामला पंजीकृत कर दिया।

## घायल व्यक्ति की मौत, मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) होली के दिन सडक हादसे में घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला मथुरानगर निवासी डाली देवी पत्नी स्व0 आशीष कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 13 मार्च की शाम उसके पति घर से दुकान पैदल जा रहे थे। इसी दौरान खुटार रोड स्थित गुरुनानक कन्या डिग्री कालेज के सामने पीछे से आ रही बोलेरो यूपी 81 एएन 5269 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उसके पति गंभीर घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया था। जिनकी उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई।

## किशोरी से मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने उसकी पुत्री के साथ गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम कोंधवा निवासी गुड्डी पत्नी चंदन लाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 15 मार्च की देर शाम उसकी 17 वर्षीय पुत्री सुधी घर पर अकेली थी। इसी दौरान गांव निवासी मोनू व संजय उसके घर में घुसकर पुत्री के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विजेता टीम को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया

उदी, इटावा। बढ़पुरा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम नगला भवानी दास में होली पर्व पर पारपड़ी की जूनियर व सीनियर क्रिकेट टीमों के बीच आयोजित सदभावना क्रिकेट मैच में जूनियर टीम द्वारा पांच विकेट से जीत दर्ज की गयी। मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता समाजसेवी शिलपू भदौरिया द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।

क्षेत्र के संभ्रांत जनों के सहयोग से आयोजित 15 ओवर के सदभावना क्रिकेट मैच में सीनियर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रन बनाए, जबकि 125 रनों के पीछा करते हुए जूनियर टीम ने 126 रन बनाकर सीनियर टीम को पांच विकेट से पराजित किया गया। जूनियर टीम के कप्तान राघवेंद्र उर्फ छोटू भदौरिया मैन ऑफ द मैच रहे।

# घर का ताला तोड़ लाखों का माल ले गये चोर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) शहर के मोहल्ला मुन्नूगंज में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर 10 हजार की नगदी समेत लगभग पांच लाख का माल पार कर दिया। जिससे शहर में सनसनी फैल गई है। मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी सरार्फा व्यापारी/ उद्योग व्यापार मंडल के जिला महासचिव दुर्गेश सोनी का एकाएक स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण उन्हें दिल्ली ले जाया गया। होली की रात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर कई लाख का सामान पार कर दिया। दुर्गेश सोनी की मां कुसुम सोनी का कहना है कि शनिवार की शाम जब उनके बेटे दुर्गेश के मित्र अमित त्रिपाठी और राखी वर्मा उनके घर चिड़ियों को दाना पानी देने के लिए गए और घर का ताला टूटा देखा तो उन्हें जानकारी हुई। उन दोनों ने फोन से दुर्गेश सोनी के परिजनों को सूचना दी गई है। सूचना पाकर दुर्गेश सोनी की मां कुसुम सोनी गोला पहुंची और पुलिस को तहरीर दी है। कुसुम सोनी का कहना है कि चोर उनके घर से लाकर तोड़कर 10 हजार रुपये नगद डेढ़ किलो चांदी और 25 ग्राम सोना चोरी कर ले गए हैं। जिनकी कीमत लगभग पांच लाख रुपए से अधिक है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। होली की रात थी शहर के मोहल्ला भारत भूषण कॉलोनी में भी चोरों ने सर्वेश कुमार के घर से पांच लाख का माल पार कर दिया था।

## हत्याकांड का खुलासा, चार अभियुक्त गिरफ्तार




खमरिया खीरी। रविवार को खमरिया पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया ओपी राय व उनकी टीम ने मायादेवी हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त सहित चार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ओपी राय ने बताया माया देवी हत्याकांड मे खुलासा करते हुए कुलदीप वर्मा पुत्र मुनीम वर्मा नि0ग्राम चहमलपुर थाना खमरिया जनपद खीरी।

पुनई लाल पुत्र मथुरा नि0ग्राम बालकरामपुरवा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी। घनश्याम पुत्र माधवराम नि0ग्राम समदहा थाना खमरिया जनपद खीरी।सन्दीप उर्फ मन्टोरी उर्फ मन्टी वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा नि0ग्राम केशवापुर कलाँ थाना धौरहरा जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की निशानदेही पर आलाकत्ल एक अदद अवैध तमन्चा 12 बोर, एक खोखा कारतूस 12 बोर, एक जिन्दा कारतूस 12 बोर, एक मिस फायर कारतूस 12 बोर व आला कत्ल एक अदद गड़ासा/बांका, आला वारदात एक डण्डा बरामद किया गया है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 रामशेष यादव थाना खमरिया जनपद खीरी। उ0नि0 सुनील बाबू अवस्थी थाना खमरिया जनपद खीरी।का0 पवन कुमार थाना खमरिया जनपद खीरी।का0 विशेष यादव थाना खमरिया जनपद खीरी शामिल रहे।

## नर्सिंग कोर्स में दाखिला कराने के नाम पर हड़पे 60 हजार रुपये

जिला संवाददाता (vol)

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) तीन बच्चों का नर्सिंग कोर्स में प्रवेश करने के नाम पर 60 हजार रुपये लेकर धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को तहरीर दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कालीचरनपुर निवासी अखिलेश कुमार पुत्र स्वर्गीय सधारी लाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि द्वारिकागंज निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र राजाराम उसे मिले और नर्सिंग कोर्स में बच्चों का एडमिशन कराने का झांसा दिया। वह नरेंद्र कुमार के झांसे में आ गया। अपने बच्चों के (गायत्री, शीतल, नीतू) का लखनऊ के एकेजी नर्सिंग होम से एएनएम कोर्स करने के लिए 19 अप्रैल 2023 को 60 हजार रुपए दे दिए थे। आरोप है कि नरेंद्र कुमार ने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया प्रवेश भी नहीं कराया और पैसे भी वापस नहीं किये। जिसके सम्बन्ध में उसने पूर्व में भी कई बार प्रार्थना पत्र दिया तब कोतवाली में एक शपथ पत्र पर समझौता हुआ था कि 30 अप्रैल 2024 तक पैसा वापस कर देगा। लिखा पड़ी के बाबजूद लगभग 11 माह बीत चुके हैं जिसके बाद भी पैसे वापस नहीं किया जब 15 मार्च को वह रुपये मांगने उनके घर गया तो उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित मामले की रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है।

## घर में बंधे पड्डे को बाघ ने बनाया अपना शिकार



पलियाकलां-खीरी। संपूर्णानगर वन रेंज के अंतर्गत थाना हजारा के मरौनिया गांधीनगर की है। निवासी रवि प्रताप ने बताया कि उनके घर के बाहर शाम को पड्डा बंधा हुआ था। रात लगभग 3:00 बजे पड्डे के चिल्लाने की आवाज आई। उठकर घर के बाहर देखा तो पड्डा नहीं दिखा। शोरगुल किया गया। गांव के ग्रामीण भी एकत्र हो गए। पता चला कि बाघ पड्डे को गन्ने के खेत में खींच ले गया हैं। इसकी सूचना प्रधान व वन विभाग को दे दी गई। गांव के ग्रामीण रुद्र प्रताप सिंह ने बताया की घटना सुबह 3:00 बजे की हैं। वन विभाग को सूचना दी गई। लेकिन पांच घंटे बाद वन विभाग की टीम सुबह 9 बजे पहुंची हैं। टीम के पास न तो कोई ड्रोन था और ना ही पिंजरा था। डंडे और बंदूक लेकर टीम आई। ग्रामीणों को खेत में जाने से मना कर दिया। वन विभाग के पास कोई संसाधन नहीं हैं।

आये दिन इस क्षेत्र में बाघ तेंदुए घूमते व पालतू जानवरों का शिकार करते हैं। ग्रामीणों में काफी दहशत का माहौल हैं। गन्ने के खेत में बाघ को लेकर काम्बिंग के लिए दो बजे तक वन विभाग की टीम ट्रेक्टर का इंतजार करती रही। ट्रेक्टर के अभाव में टीम गन्ने के खेत मे नही घुसी और मझगईं से जाली लगी वाले ट्रेक्टर मंगाने की बात कहती रही। ग्रामीणों ने कहा कि इतने समय तक कोई संसाधन नही, पड्डे का शव कहा है बाघ किधर गया ये सब पता लगाने में टीम के पास कुछ नहीं हैं। हालांकि वन विभाग की टीम बाघ की निगरानी में लगी रही। काफी देर बाद वन विभाग के पास पिंजरा पहुंचा। बाघ को पकड ? के लिए टीम ने गन्ने के पास में पिंजरे को लगाया है। इस संबंध में संपूर्णानगर वन क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि सूचना पर टीम पहुंची हैं। जिस पर पग चिन्हि बाघ के पाए गए हैं। जो पड्डे को खींच के गन्ने के खेत मे ले गया। मझगईं डिवीजन से जाली वाला ट्रैक्टर मंगाया हैं। उसके आते ही खेत में काम्बिंग की जाएगी।

## कलरव चित्रकला प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा, उकेरे चित्र



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) गोला टूरिज्म संगठन द्वारा आयोजित कलरव चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रविवार को शहर के नीलकंठ मैदान में कलरव चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। जिसकी शुरूआत मुख्य अतिथि राज्य ललित कला अकादमी उप्र की निदेशक डा. श्रद्धा शुक्ला, कार्यक्रम अध्यक्ष पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतिभागियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में दिए गए विषयों पर अपनी-अपनी प्रतिभा के रंग उकेरे। प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, गोला गोकर्णनाथ, होली एवं महाकुंभ विषय रखे गए थे। जिन पर प्रतिभागियों ने सुंदर चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में राजेंद्र सोनी रहे। निदेशक ललित कला ने गोला टूरिज्म की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि गोला टूरिज्म नगर की प्रतिभा को निखारने के लिए अनेक कार्य करते रहते हैं। संगठन के अध्यक्ष विनायक श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी छात्रों को शुभकामनाओं के साथ आयोजन के लिए कार्यकारिणी और प्रायोजक का आभार व्यक्त किया। संचालन गोला टूरिज्म के सचिव मिलिंद शुक्ल ने किया। विद्या निकेतन के प्रबंध सदस्य अभय त्रिपाठी, कृषक समाज इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य लखपतिराम वर्मा, गोला टूरिज्म के उपाध्यक्ष प्रशांत मिश्र, प्रबंधक प्रेम गुप्ता, मंत्री अनुज त्रिवेदी, आशुतोष, हर्ष, वीरेंद्र गुप्ता वीनू, रविन्द्र कटियार सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## चूल्हे से लगी आग, 10 माह के शिशु की झुलसकर मौत




खमरिया खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र के महरिया गांव में रविवार की दोपहर चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई। आग की चपेट में आकर 10 माह के मासूम बच्चे की झुलस कर मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना खमरिया क्षेत्र के महरिया निवासी झब्बू लाल के घर में रविवार की दोपहर खाना बनाते समय चूल्हे की चिंगारी की चपेट में चारपाई आ गई। और चारपाई पर सो रहे 10 माह के नाती की झुलसकर मौत हो गई। मृतक बालक की मां सुमन के मुताबिक वह खाना बनाते समय शौच को चली गई और बालक पड़ोस में पड़ी चारपाई पर सो रहा था। चूल्हे की चिंगारी ने चारपाई को चपेट में ले लिया। और चारपाई पर पड़ा बिस्तर भी जलने लगा। जिससे चारपाई पर सो रहा मासूम बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यही नहीं धुंआ उठता देख दौड़ कर पहुंची सुमन ने बच्चे को बचाने का प्रयास किया तो सुमन के भी हाथ झुलस गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची खमरिया पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। सुमन के मुताबिक वह ससुराल से 13 दिन पूर्व होली में अपने मायके आई थी। इस घटना के बाद परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## शमी की बेटी के होली खेलने पर बरेली के मौलाना को ऐतराज

बरेली। रमजान में मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद शमी के एनर्जी ड्रिंक पीने पर विवादास्पद बयान देने वाले स्वयंभू धर्मगुरु एवं ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने अब शमी की बेटी के होली खेलने पर आपत्ति जताते हुए इसे शरीयत के खिलाफ करार दिया है। रजवी ने शनिवार देर शाम जारी एक वीडियो में कहा कि शमी की बेटी आयरा का होली खेलना शरीयत के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि वह छोटी बच्ची है, अगर वह बिना समझे होली खेलती है तो कोई बात नहीं, लेकिन अगर वह समझदार है और फिर भी होली खेलती है तो इसे शरीयत के खिलाफ माना जाएगा। रजवी ने यह भी कहा कि उन्होंने शमी को पहले भी नसीहत दी थी, लेकिन उसके बावजूद उनकी बेटी का होली खेलने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। उन्होंने कहा कि मैंने शमी समेत सभी परिजनों से अपील की है कि जो भी शरीयत में नहीं है, उसे अपने बच्चों को न करने दें। होली हिंदुओं का बहुत बड़ा त्योहार है। लेकिन, मुसलमानों को होली खेलने से बचना चाहिए। क्योंकि, अगर कोई शरीयत को जानते हुए भी होली खेलता है, तो वह गुनाह है। रजवी ने इससे पहले छह मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान एनर्जी ड्रिंक पीने को लेकर शमी पर निशाना साधा था और उन्हें रोजा नहीं रहने पर गुनहगार और शरीयत की नजर में मुजरिम करार दिया था। उन्होंने कहा था कि क्रिकेट खेलना बुरा नहीं है, लेकिन मोहम्मद शमी को अपनी धार्मिक जिम्मेदारियों को पूरा करना चाहिए। मैं शमी को सलाह देता हूं कि वह शरीयत के नियमों का पालन करें और अपने धर्म के प्रति जिम्मेदार रहें।

## हाईवे पर बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे डंपर




जसवन्तनगर, इटावा। नगर क्षेत्र से गुजरते राष्ट्रीय राजमार्ग और एनएच-19, व नगर से बलरई होते हुए फिरोजाबाद जिले के लिए जाने वाली सड़क पर यातायात नियमों की सरेआम उल्लंघन करते हुए मिट्टी और मौरंग लदे डंफर के अलावा मिट्टी और यमुना नदी की बालू से लदे ट्रैक्टर ट्राली जैसे अन्य कमर्शियल वाहनों को बिना नंबर या फिर मिटी हुई नंबर प्लेट लगाए दौड़ाया जा रहा है पर स्थानीय ट्रैफिक पुलिस द्वारा इन वाहन चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाती है। गौरतलब है कि बिना नंबर प्लेट या स्पष्ट रूप से नहीं पढ़ी जाने वाली नंबर प्लेट्स के साथ वाहनों को सड़क पर दौड़ाना यातायात नियमों का उल्लंघन है और ट्रैफिक पुलिस आरटीओ की ओर से इनका मौके पर चालान किया जा सकता है उसके बावजूद नियमों को ताक पर रख हाईवे पर बिना नंबर प्लेट दौड़ाए जा रहे डंफर, ट्रैक्टर ट्रालियों जैसे अन्य कमर्शियल वाहन सरेआम ट्रैफिक रूल्स की उल्लंघना तो कर ही रहे है साथ ही किसी दुर्घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हुए ऐसे वाहन को ट्रेस करना बेहद मुश्किल होता है। राष्ट्रीय राजमार्ग हो या लिंक मार्ग पर लगातार हो रहे हादसों के बाद भी जिम्मेदारों की अनदेखी से बिना नंबर के डंपर काल बनकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। हादसे होने के बाद भी जिम्मेदार इनपर प्रभावी नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं। यदि आपके दो पहिया या चार पहिया वाहन पर अगर नम्वर धुंधले हों या किसी कारण बस मिट गए हैं या किसी प्रकार अन्य नियम फॉलो नहीं हुआ तो आपको भारी भरकम चालान भुगतान करना पड़ जाता है लेकिन बड़े आश्चर्य की बात है यहाँ अधिकांश डंफर बगैर नम्बर प्लेट के सड़कों पर धड़ल्ले से फराटें भरते नजर आते हैं तथा जिला एवं स्थानीय प्रशासन का इधर कोई ध्यान नहीं है या इनके लिए कोई नियम कानून नहीं है या फिर स्थानीय प्रशासन द्वारा सबकुछ जानते हुए इन्हें नजर अंदाज किया जाता है। कि सड़कों पर दौड़ते मिट्टी से लदे अधिकांश डंफरों पर आगे, पीछे या फिर साइड में आपको कहीं भी वाहन का नम्वर दिखाई नहीं देगा। अगर ऐसे में खनन में लगे वाहन किसी को हादसे का शिकार बना दें तो बगैर नम्बर प्लेट के इनकी पहचान करना मुश्किल है। वहीं सूत्रों की मानें तो खनन माफिया पुलिस को चकमा देने के लिए भी कई वाहनों पर एक जैसी नम्वर प्लेट लगा कर प्रयोग कर रहे हैं।

## अजमानी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने किया रंगारंग कार्यक्रम




लखीमपुर-खीरी। अजमानी इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में होली के पर्व पर बच्चों ने में रंग बिरंगे कार्यक्रम का आयोजन होली स्प्लैश पार्टी के अंतर्गत किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नृत्य और गायन की मनमोहक प्रस्तुति ने होली की उमंग को रंगों की मस्ती से भर दिया। इस अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन ने भी हंसी की बौछार से सभी को सराबोर कर दिया। इसी के साथ पपेट शो के माध्यम से प्रहलाद की कहानी द्वारा होली के महत्व को दशार्या गया। छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुए होली मिलन के पर्व को मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष जसमीत सिंह अजमानी, प्रबंध निदेशिका श्रीमती हरविंदर कौर, प्रबंधक ब्रह्मजीत सिंह अजमानी तथा प्रधानाचार्य प्रिंस सलूजा उपस्थित रहे। होली के पावन पर्व पर प्रेम, स्नेह और भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य प्रिंस सलूजा एवं लेखाकार सचिन गुप्ता की देखरेख में किया गया।

## कलश यात्रा के साथ हुई गायत्री महायज्ञ की शुरुआत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) शहर के मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना में मां मंगला देवी मंदिर में चार दिवसीय नारी शक्ति जागरण और नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ के लिए रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। गायत्री परिवार की टोली द्वारा संगीत मय प्रवचन सुनाए गए। आयोजक मुनीष चंद शुक्ला ने बताया कि चार दिवसीय नारी शक्ति जागरण और नौ कुंडीय गायत्री की शुरूआत रविवार को कलश यात्रा के साथ की गई, सोमवार को सुबह आठ बजे से दोपहर दो तक देव आवाहन पूजन एवं यज्ञ कार्यकर्ता गोष्ठी, शाम छह से नौ बजे तक संगीत प्रवचन, मंगलवार 18 मार्च को सुबह आठ बजे से दोपहर दो तक यज्ञ एवं संस्कार पारिवारिक गोष्ठी, बुधवार 19 मार्च को सुबह आठ बजे से यज्ञ संस्कार, पूणार्हूति, कन्या भोज, विदाई कार्यक्रम होगा। कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, समाजसेविका रानी चैधरी, सत्यवती शुक्ला, मुनीश चंद शुक्ला, कृष्ण कुमार शुक्ला, सत्यनारायण वर्मा सहित तमाम भक्त मौजूद थे।

## चौढेरा ग्राम पंचायत में गंदगी का अंबार होली पर भी नहीं हो सकी सफाई




शाहजहांपुर/सरकार एक तरफ स्वच्छ भारत अभियान चला रही है नेता खुद झाड़ू उठाकर स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारियों अधिकारियों की दला मली में जुटे हुए हैं यही कारण है कि सरकार द्वारा गांव-गांव सफाई कर्मचारी तैनात होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है और नालियों की साफ सफाई न होने के कारण मच्छरों सहित तमाम प्रकार की बीमारियां पनप रही है और ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी जिला पंचायत राज अधिकारी, सहित जिला स्तर के अधिकारियों के पास दलामली कर रहे हैं पूरा मामला भावल खेड़ा ब्लॉक के चौढेरा ग्राम पंचायत का है जहां गायत्री पब्लिक स्कूल वाली गली रौसर चौराहा, और दनियांपुर से चौढेरा जाने वाली गली में सफाई न होने के कारण गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है नालिया चौक होने के कारण रोड पर पानी बह रहा है जिसके चलते मच्छरों की भरमार है और तरह-तरह की बीमारियां पनप रही है इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए खंड विकास अधिकारी भावल खेड़ा से फोन संपर्क किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

## साठा धान पर प्रतिबंध, किसान परेशान



पिपरिया धनी, खीरी। जिले में डीएम ने साठा धान पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे किसान परेशान है। ग्राम प्रधान बंजरिया गुरूपाल सिंह ने कहा कि जिलाधिकारी ने साठा धान को प्रतिबंधित किया गया। जिसका सभी किसान सम्मान करते हैं लेकिन बहुत से किसान धान लगा चुके हैं और धान लगाने की तैयारी में हैं ।उनको काफी नुकसान का सामना करना पडेगा। अगर यहीं आदेश शुरूआत जनवरी में किया गया होता तो किसान धान की पौध नहीं डालता। जिससे किसान की पौध का खर्च बच जाता और अन्य फसलों की बुवाई कर लेता।

## जांच में फर्जी पाये गये निवास प्रमाण पत्र को निरस्त करने में हीला हवाली कर रहा तहसील प्रशासन

मदनापुर -शाहजहांपुर/कूट रचित दस्तावेजों के सहारे बनवाए गए निवास प्रमाण पत्र को उप जिला अधिकारी सदर 10 दिन बीत जाने के बावजूद आज तक निरस्त नहीं करा सके हैं, इसे तहसील प्रशासन की लापरवाही कहें या फिर फर्जी बड़ा करने वालों के साथ तालमेल फिलहाल शिकायतकर्ता अबू तहसील प्रशासन पर उंगली उठाने लगा है और उसका कहना है की तहसील प्रशासन निवास प्रमाण पत्र निरस्त करने में देरी करके फर्जी निवास प्रमाण पत्र के सहारे आंगनवाड़ी में नियुक्ति का प्रयास करने वाली महिला का सहयोग कर रहा है आपको बता दें जनपद के ब्लाक मदनापुर क्षेत्र के गांव आंमखेडा सैंजना में आंगनबाड़ी की एक जगह रिक्त थी जिसमें कांट ब्लाक के सिसोरी निवासी पूजा ने कूट रचित दस्तावेजों के सहारे दूसरे ब्लॉक के गांव आंमखेडा से अपना फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाकर आंगनवाड़ी पद पर आवेदन किया था जिसको लेकर सैंजना निवासी गुड्डू माथुर ने जिला अधिकारी से शिकायत की थी शिकायत के बाद मुख्य विकास अधिकारी के आदेश अनुसार एसडीएम सदर को जांच सौंपी गई थी जिसकी तहसीलदार सदर द्वारा 5 मार्च को गांव जाकर जांच की गई और जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर निवास प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया गांव के प्रधान ने भी इस बात की पुष्टि करते हुए एसडीएम सदर को प्रार्थना पत्र देकर निवास प्रमाण पत्र निरस्त कराने की मांग की है और आरोप लगाया है कि उसके फर्जी हस्ताक्षर और मोहर का अटैचमेंट लगाकर निवास प्रमाण पत्र जारी कराया गया है ।

संक्षेप

## दबंग कर रहे भूमि पर अवैध कब्जा

**जौनपुर**। मड़ियाहूं, न्यायालय में विचाराधीन भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है, जिसमें दबंगों को पुलिस का खुला संरक्षण मिलने के आरोप लगे हैं। प्रकरण मड़ियाहूं तहसील के दिलावरपुर गांव का है, जहां न्यायालय द्वारा स्पष्ट आदेश होने के बावजूद दबंग न्यायिक प्रक्रिया की अनदेखी कर जबरन कब्जा कर रहे हैं। आरोप है विवादित भूमि को लेकर न्यायालय ने आदेश दिया था कि राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित पक्ष अपने-अपने हिस्से पर काबिज होंगे। इसके बावजूद, विपक्षी पक्ष न्यायालय के आदेशों को दरकिनार कर भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उन्होंने इस मामले को लेकर कई बार मड़ियाहूं कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। भुक्त भोगी परिवार पुलिस अधिकारियों के यहां चक्कर काट रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। परिवार ने डीएम, एसपी व उच्च न्यायालय से हस्तक्षेप की अपील की है, ताकि न्यायालय के आदेशों का पालन हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## निपुण आंकलन में जौनपुर प्रथम

**जौनपुर**। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने अवगत कराया कि निपुण लक्ष्य ऐप से जौनपुर के कुल 1961 परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता परखने हेतु डायट में अध्यनरत प्रशिक्षुओं ने प्रथम चरण दिसंबर 2024 में 1245 विद्यालयों एवं द्वितीय चरण फरवरी 2025 में 716 विद्यालयों (1961) में अध्यनरत कक्षा 1 व 2 के बच्चों का आंकलन कराया, जिसमें कुल 1757 विद्यालय निपुण हुए हैं, जो 89.65ः रहा। यह प्रदेश में प्रथम स्थान रहा है। जनपद प्रयागराज में 1431, सीतापुर में 1313, हरदोई में 1311, गाजीपुर में 1101, कुशीनगर में 1088, बाराबंकी में 1001, फतेहपुर में 990, उन्नाव में 953, सोनभद्र में 934 विद्यालय निपुण हुए है।

## दुर्गेश सिंह का देहावसान

**जौनपुर**। प्रतापगढ के पूर्व सांसद जौनपुर जिले के मूल निवासी हरिबंश सिंह के छोटे बेटे दुर्गेश सिंह के देहावसान की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। हृदयगति रुकने से दुर्गेश सिंह का निधन हुआ ।दुर्गेश सिंह के देहावसान से हरिवंश सिंह के परिवार की बहुत बडी क्षति हुई है ।क्योंकि परिवार ने एक प्रतिभाशाली व्यक्तित्व खो दिया है। इन शब्दों में पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने दुर्गेश सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया है।

## 10 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया

**मीरजापुर**। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 10 बिछड़े दम्पत्तियों को प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया । उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे ।परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान महिला निरीक्षक-शशि तिवारी, महिला उप निरीक्षक-रीता यादव, महिला मुख्य आरक्षी ममता तिवारी व सावित्री यादव, महिला आरक्षी कविता पाल व सपना, ओपी सुनीता देवी सहित सदस्यगण कृष्णा सिंह व निर्मला राय मौजूद रहीं ।

# राज्यस्तरीय कबड्डी टीम के प्रगति में बाधा कौन

**बीजपुर(सोनभद्र)**। राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में महज दो दिन शेष बचे हैं लेकिन खेल कोच टीचर के अभाव में तैयारियां शून्य होने से कंपोजिट विद्यालय बीजपुर कब्बड्डी टीम के प्रतियोगिता में शामिल होने पर संशय की स्थिति बनी हुई है। अपने खेल कोच के बिना राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग सोनभद्र टीम को कानपुर किसी तरह पहुंचा भी देता है तो देखना यह है कि खेल कोच को विद्यालय से हटाने पर प्रैक्टिस से वंचित हतोत्साहित हो चुकी टीम प्रदेश स्तर पर कानपुर में कैसा प्रदर्शन करती है ।सूत्रों के अनुसार चहेते संकूल शिक्षक को नियम विरुद्ध प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाने के लिए एबीएसए द्वारा फैलाए गए मायाजाल और रचे गए षड्यंत्र के चक्रव्यूह में अभी और कितने शिक्षकों की बलि चढ़ेगी यह चर्चा का विषय बना हुआ है। एक संकूल शिक्षक के लिए सेनापति की तरह लड़ाई लड़ कर पूरे जिले में चर्चा का विषय बन चुके एबीएसए कंपोजिट विद्यालय की राज्य स्तरीय कब्बडी टीम के बच्चों के भविष्य के साथ क्यों खेल रहे हैं कोई नहीं समझ पा रहा है ।टीचर आशारानी निलंबन केस हो या फिर शिक्षकों को दूसरे विद्यालयों पर फेंके जाने का मामला षडयंत्र के इस खेल में ढाई महीने से नुकसान विद्यालय के बच्चों का ही हुआ है ।ढाई महीने से प्रधानाध्यापक विहीन विद्यालय में लगभग 340 बच्चों को दो तीन शिक्षिकाओं द्वारा कमरे में बैठा के रखा जा रहा है लेकिन पढ़ाई लिखाई शून्य हो चुकी है ।अभिभावक सुदर्शन पाल महेंद्र गुप्ता राम दर्शन बाजीलाल मुनिदेव अशोक विजय ने बताया की हम लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी की लेकिन गोल मटोल जवाब दे कर स्पेशल क्लोज कर मामले को दबाया जा रहा है वार्षिक परीक्षा की समय सारिणी भी आ चुकी है लेकिन एन मौके पर शिक्षकों के साथ राजनीति कर हटाना जांच का विषय बन गया है।

## ठुरुक्की से जरहा नदी तक अवैध बालू खनन का खुलेआम तांडव

**बीजपुर(सोनभद्र)**। जरहा वनरेंज क्षेत्र अंतर्गत ठुरुक्की नदी से लेकर जरहा नदी तक अबैध बालू खनन का खुलेआम तांडव चल रहा है ।खनन माफिया रात के अलावा दिन दहाड़े खुले आम खनन और परिवहन सहित जगह जगह बालू डंपिंग करने में लगे हुए हैं 60 से 70 ट्रैक्टर और टीपर क्षेत्र के विभिन्न नदियों से किसके संरक्षण में चलवाए जा रहे हैं कोई बताने वाला नही है ।सूत्रों के अनुसार बकरिहवा के ठुरुक्की नदी लीलाडेवा के अंजीर नदी पिण्डारी के बिच्छी नदी महरिकला और खम्हरिया गाँव के रिहन्द जलाशय जरहा गाँव के बघाडू सहित अंजीर नदी और रिहंद जलाशय तथा महुली रजमिलान गाँव की पन्गा नदी समरलोटवा नदी राजो के दिघुल मोहारे नीमडॉड सहित अनेक नए नए बनाए घाटों से बालू खनन में संलिप्त अधिकांश ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि या फिर किसी न किसी राजनीति पार्टी से जुड़े सरक्षण प्राप्त सरहंग बताए जाते हैं। बताया जाता है कि गाँवों में चल रहे विकास कार्य हो या फिर क्षेत्र में पुल पुलिया का निर्माण अथवा निजी भवन निर्माण में धड़ल्ले से अबैध बालू खपाया जा रहा है ।खनन में संलिप्त टीम लीडर के निर्देश पर बकरिहवा से जरहा तक जगह जगह रेकी के लिए बैठाए गए दलाल किस्म के लोग किसी भी अधिकारी अथवा उड़ाका दल टीम के आने पर कड़ी निगरानी रखते हुए फोन से खनन और परिवहन को अंजाम दिया जा रहा है यही कारण है कि बाहर से आने वाली टीम की भनक लगते ही ट्रैक्टरों टिपरों को नदियों से हटा कर छापा मार जांच टीम को गच्चा दे दिया जाता है।

## कोन वन रेंज में माफियाओं का कहर लोगों का विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

**कोन/सोनभद्र**। ओबरा वन प्रभाग के वन रेंज कोन अन्तर्गत सम्पूर्ण सेक्सन में वन भूमि पर कब्जा बदस्तु जारी है। बतातें चलें कि बागेसोती बीट के झारखंड अंतर्राज्जिय सीमा पर झारखंड वासियों द्वारा उत्तर प्रदेश के सीमा के अंदर लगभग 70 मीटर आकर घर तक बना लिया गया है और वहीं खोहिया जंगल, बड़ाप के ललुआखोह, भालुकूर्द के धरनवा बॉर्डर, कोन के मिश्री, डोमा, चांचीकलां, नरहटी, हर्रा के पडरक्ष आदि जगहों पर बड़े पैमाने पर पेडों को कटान करके वन भूमि पर कब्जा किया जा चुका है और वहीं दूसरी ओर क्षेत्रों में अबैध खनन व बालू परिवहन धड़ल्ले से चल रहा है।

जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों से किया किया गया लेकिन संबंधित विभाग द्वारा फर्जी कागजी कोरम पूरा करने का सिलसिला अन्वरत जारी है। जिससे क्षुब्ध होकर बड़ाप में स्थानीय लोगों ने रामचंद्र सिंह की अगुवाई में वन विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी की। वही वन विभाग की राजशाही, वन विभाग की भूमि खाली कराते हुये अवैध अतिक्रमण को हटवाये जाने मांग की। वन विभाग की संपत्ति की जाँच हो, फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत का निस्तारण को लेकर ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि कोन वन रेंज के अधिकारियों व कर्मचारियों की अफसरशाही इस कदर बढ़ गई है कि क्षेत्र में कोई भी कर्मचारी गस्त नहीं करते हैं और न ही स्थानीय वन चैकी पर निवास करते हैं। शिकायत करने पर इनके द्वारा कार्यवाही का आश्वासन देकर सिर्फ फर्जी खानापूर्ति किया जाता है। जिससे अबैध खननकताओं व भू-माफियाओं के हौसलें बुलंद हैं। जिससे साफ तौर पर क्षेत्रों में देखा जा सकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि वन विभाग द्वारा मौन सहमति देते हुए वन माफियाओं को खुली छुट दे रखी है। जिसके क्रम में कई बार स्थानीय समाचार पत्रों व न्यूज चैनल में खबर प्रकाशित भी हुआ है फिर भी वन विभाग मुदर्शक बनकर तमाशबिन बना हुआ है। ग्रामीणों ने बतया कि जब लिखित शिकायत की जाती है तो संबंधित जाँच अधिकारी द्वारा घर बैठे बैठे माफियाओं के बचाव पक्ष में फर्जी जाँच आख्या लगा दी जाती है। आखिर सबसे बड़ा सवाल उठता है कि संबंधित विभाग इन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं करता, जबकि भ्रस्टाचार के मामले में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री का स्पस्ट निर्देश है कि प्रदेश सरकार माफियाओं को मिट्टी में मिलाने के कटिबद्ध है। वहीं दूसरी तरफ कुछ जानकारों का कहना है कि प्रदेश के मुखिया का जीरो टालरेंस की नीति को वन कर्मियों व माफियाओं द्वारा सरेयाम ठेंगा दिखाया जा रहा है।

# शिक्षकों ने राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी को सौंपा ज्ञापन



**जौनपुर**। विशिष्ट बीटीसी 2004 में चयनित शिक्षकों ने राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी को उनके आवास पर मिलकर पुरानी पेंशन हेतु ज्ञापन सौंपा। सांसद से यह मामला राज्य सभा में उठाने का आग्रह भी शिक्षकों ने किया जिस पर सांसद ने सकारात्मक आश्वासन दिया। एसोशिएशन के जिला मंत्री संजय मिश्र ने सांसद को प्रशिक्षण और नियुक्ति के तकनीकी पक्ष को मौखिक रूप से अवगत कराया। ज्ञात हो कि इस समय उत्तर प्रदेश सरकार के सभी विभागों में ऐसे कर्मचारी जिनकी नियुक्ति 2005 से पूर्व जारी विज्ञापनों पर हुई है उन्हें पुरानी पेंशन प्रदान की जाने की प्रक्रिया गतिमान है। इसी क्रम में जौनपुर में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी विकल्प पत्र भर रखा। शिक्षक वर्ग में विशिष्ट बीटीसी 2004, बीटीसी 2001, बीटीसी 2004, उर्दू बीटीसी 2005 तथा 28 मार्च 2005 के पूर्व विज्ञापन पर शिक्षा मित्र पद पर चयनित होकर वर्तमान में शिक्षक पद कार्यरत शिक्षकों और मृतक आश्रित शिक्षकों ने अपने अपने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में विकल्प पत्र जमा कर रखे हैं जिनकी सूची खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजी जा चुकी है। प्रभाकर शुक्ल, अरुण पांडेय, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, कमलेश उपाध्याय,किरन मिश्रा, रविकांत पाण्डेय, धनंजय सिंह, विजय कन्नौजिया, अनिल तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ला,शेर बहादुर मौर्य राजमणि यादव आदि मौजूद रहे।

## मछलीशहर भाजपा के जिलाध्यक्ष बने अजय सिंह

**जौनपुर**। मछलीशहर के भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह को घोषित किया गया। वे वहीं महामंत्री थे और जिलाध्यक्ष बनाया गया है। टीडी कॉलेज से सेवानृवित्त हैं वनस्पति विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर रह चुके हैं। लंबे समय से प्रतीक्षारत जिलाध्यक्षो की सूची रविवार को भाजपा संगठन ने जारी की। अपराह्न तीन बजे जौनपुर के मछलीशहर में संगठन ने पहले से महामंत्री रहे डॉ. अजय सिंह पर भरोसा जताते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष घोषित किया। सीहीपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर घोषणा होते ही डॉ. सिंह को बधाई देने वालों का ताँता लग गया। वे दो कार्यकाल से मछलीशहर संगठन में महामंत्री थे। मूल रूप से जलालपुर के कुकुड़ीपुर गांव के निवासी हैं। वह शहर स्थित टी डी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग से बतौर असिस्टेंट



प्रोफेसर रिटायर हुए हैं। संगठन में पहले से पढ़ासीन होने के कारण उन्हें आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट का लाभ मिला है। कार्यालय पर उनके नाम की घोषणा होते ही बधाई देने वालों की भीड़ लग गई। सभी ने उन्हें माला पहना कर व बुके देकर उनका स्वागत किया। डॉ अजय ने कहा कि संगठन द्वारा उनके प्रति जो भरोसा जताया गया है, उसके लिए वे सभी वरिष्ठ जनों का आभार प्रकट करते हैं। मुख्य अतिथि राबट्सगंज के विधायक भुसेश चैबे, पूर्व विधायक हरेंद्र सिंह, पूर्व विधयक दिनेश चैधरी, एम एल सी बृजेश सिंह प्रिंशु आदि मौजूद रहे।

## सड़क पर फेंका जा रहा कचरे से राहगीर परेशान

**आजमगढ़**। मुबारकपुर नगर पालिका परिषद के अलीनगर मोहल्ले में कूड़ादान न होने से स्थानीय लोग घरों से निकलने वाला कचरा को बीच सड़क पर फेंक रहा है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर पालिका परिषद मुबारकपुर के विभिन्न मोहल्लों में घर से निकलने वाले कचरे को फेकने के लिए जगह-जगह कूड़ादान रखे गए है। अधिकांश जगहों से कूड़ादान गायब है। मोहल्ले में कूड़ादान न होने से लोग कूड़ा सड़क पर फेंक देते है। पालिका की तरफ से कूड़ा समय नही उठने से आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। इसीक्रम में अलीनगर मोहल्ले में एहसान हास्पिटल के समीप चौराहे के समीप कूड़ादान रखा गया था। इधर काफी दिनों से कूड़ादान गायब है। जिसके चलते आस-पास के घरों के लोग सड़क पर कूड़ा फेक दे रहे है। जिससे कूड़े का ढेर लगा हुआ है। कूड़ा भी समय से नही उठता है। उक्त सड़क से हजारों लोगों का आना जाना है। कूड़े के चलते लोगों को आने जाने में परेशान उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने पालिका प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## साफ-सफाई न होने से लगा गंदगी का अंबार

**आजमगढ़**। रानी की सराय ब्लाक क्षेत्र के जलालपुर गांव में साफ-सफाई न होने से जगह जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गंदगी के चलते लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इसकी शिकायत संबंधित अधिकारी से करने के बाद भी कोई सुनवाई नही हो रही है। इसे लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। रानी की सराय व्लाक क्षेत्र के जमालपुर गांव की आबादी आठ सौ है। साफ-सफाई के लिए एक महिला सफाईकर्मी की तैनाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सफाई कर्मी सफाई करने नही आती है। सफाई के अभाव में गांव के गली कूंचों में जगह जगह गंदगी फैली हुई। नालियां गंदगी से बजबजा रही है। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। गांव के संदीप, प्रकाश, संतोष, राहुल गौतम, महेंद्र, राकेश आदि ने कहा कि सफाई के लिए ब्लाक के अधिकारियों से शिकायती की गई है लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है।

# आजमगढ़ के ध्रुव सिंह तो लालगंज के भाजपा जिलाध्यक्ष बने विनोद



**आजमगढ़**। भाजपा के संगठनात्मक जिला आजमगढ़ से ध्रुव कुमार सिंह को पुनः जिलाध्यक्ष बनाया गया और लालगंज से विनोद राजभर को जिलाध्यक्ष बनाया गया। भारतीय जनता पार्टी ने जिला कार्यालय पर बैठक कर जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजमगढ़ जिला चुनाव अधिकारी जयपाल सिंह व्यस्त, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, लालगंज जिला चुनाव अधिकारी सुरेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण पाल, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता अखिलेश मिश्रा, घनश्याम सिंह, प्रेम प्रकाश राय, जयनाथ सिंह, हनुमान सिंह, डॉ संतोष सिंह, सत्येंद्र राय, अरविंद जायसवाल, ब्रजेश यादव, शिवनाथ सिंह, कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### विवाद के बाद भाजपा नेता ने किया थाने का घेराव

**आजमगढ़**। जहानागंज क्षेत्र के बड़हलगंज बाजार में होली के दिन दो वर्गो में विवाद हो गया। इसी मामले में शनिवार की रात में एक पक्ष ने घात लगा कर हमला कर दिया। हमला में एक पक्ष के पिता-पुत्र सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों का मंडलीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने रविवार की भोर में छापा मारकर पीड़ित पक्ष से छह लोगों को उठाया है। दो पक्षों में आक्रोश को देखते हुए बाजार में पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गयी है। बड़हलगंज बाजार निवासी दयाशंकर जायसवाल के घर के समीप वर्ग विशेष का धार्मिक स्थल है। होली के दिन शुक्रवार को उसी के समीप बच्चे रंग खेल रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी को लेकर लेकर विवाद हो गया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस पहुंची और दोनों पक्ष को समझा बुझा कर शांत करा दिया। दूसरे दिन शनिवार की रात एक पक्ष ने लाठी-डंडा से हमला कर दिया। हमले में दूसरे पक्ष के पिता-पुत्र सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। भाजपा नेता आनंद गुप्ता ने पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए थाना का घेराव कर दिया।

## मंडी समिति के आठ दुकानों में लगी आग, लाखों का नुकसान

**मीरजापुर**। नगर के जंगी रोड स्थित नवीन मंडी परिसर में आग लगने से फल की आठ दुकानों का सामान जलकर राख हो गया। आग से 25 लाख से ज्यादा का नुकसान बताया जा रहा है। बताते हैं कि शाम चार बजे नवीन मंडी परिसर में स्थित रब्बू की हिंदुस्तान फ्रूट कंपनी की दुकान में आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग आसपास की दुकानों में फैलने लगी। कुछ ही देर में नगेंद्र सिंह, पुत्तुन सिंह, भगत सिंह एंड कंपनी, शिवम एंड कंपनी, केदार एंड कंपनी, रवि सोनकर और धर्मेंद्र सिंह की दुकानों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया ।फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सभी दुकानों का सामान जलकर राख हो चुका था। मंडी के सचिव धीरेंद्र गुप्ता ने बताया बगल में लगा ट्रांसफार्मर भी जल रहा था। मामले की जांच के बाद ही आग लगने की सही वजह पता चल पाएगी।

# शिक्षक हितों के संबंध में चर्चा की गयी



**जौनपुर**। रविवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की संयुक्त कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला की अध्यक्षता में मियापुर के डी जी एस स्कूल के मीटिंग हाल में संपन्न हुई । बैठक में शिक्षा एवं शिक्षक हितों के संबंध में चर्चा की गई तथा पुरानी पेंशन हेतु 2004 बैच के शिक्षकों को विकल्प पत्र भरवाने के बाद अग्रिम कार्रवाई न होने पर पदाधिकारियों द्वारा आक्रोश व्यक्त किया गया , जबकि अन्य विभागों की सूची जारी की जा रही है । जिला अध्यक्ष ने बताया कि आधुनिक युग में अपने संवर्ग के अस्तित्व की रक्षा करने हेतु शिक्षक तथा कर्मचारी संगठन की नितांत आवश्यकता होती है। इसी दृष्टि से 1921 ई0 में प्राथमिक शिक्षकों ने अध्यापक मण्डल नाम की संस्था का गठन किया, जिसका उद्देश्य शिक्षा एवं शिक्षार्थियों के हितों की रक्षा करना था। शैनः शैनः अध्यापक मण्डल शक्तिशाली होता गया तथा शिक्षकों के हितों के लिए संघर्ष करने लगा। 1951-52 में संघ ने प्रदेश व्यापी आन्दोलन किया। क्षुब्ध होकर सरकार ने इसकी मान्यता समाप्त कर दी। परन्तु 1957 में संगठन की शक्ति देखते हुए शासन को पुनः मान्यता प्रदान करने हेतु विवश होना पड़ा। अध्यापक मण्डल को नया कलेवर देते हुए वर्ष 1967 में इसे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ नाम से मान्यता मिली। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा को निकायों के फौलादी पंजों से मुक्त कराने हेतु सफल आंदोलन किया एवं आर्थिक दृष्टिकोण से भी सफलता प्राप्त की। धीरे-धीरे संघर्ष के बल पर प्राथमिक शिक्षक भी वेतन आयोग की परिधि में आये और उनको भी राज्य कर्मचारियों अधिकारियों को मिलने वाली सुविधाएं प्राप्त होने लगी। उत्तर प्रदेश का शिक्षक संघ के प्रयासों से आज देश के अन्य राज्यों के शिक्षकों की अपेक्षा आर्थिक रूप से सम्मानजनक स्थिति में पहुँच गया है परंतु कुछ फर्जी लोग इस समय महान संगठन के लेटर हेड का दुरुपयोग कर शिक्षक गरिमा के विरुद्ध कार्य कर रहे है । इनके विरुद्ध करवाई होनी चाहिए । बैठक में उषा सिंह,प्रियंका सिंह,रविचंद्र ,विजय, बृजेश यादव ,रामदुलार यादव, विक्रम प्रकाश, सुनील यादव, घनश्याम मौर्य ,मनोज कुमार यादव, धीरेंद्र यादव, सभाजीत, राकेश पांडे , रजनीश,विजय कुमार ,बृजेश कुमार, पवन,घनश्याम, चंद्र प्रकाश,ओम प्रकाश, लाल साहब, प्यारेलाल, राकेश, विजय कुमार, बृजेश कुमार, अनिल कनौजिया, विनोद पाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए ।

## रमजान रहमतों और बरकतों का महीना : क्यामुद्दीन

**जौनपुर**। नगर के मोहल्ला आलम खां, नवाब साहब का आहाता स्थित मदीना मस्जिद में नमाज-ए-तरावीह में कुरान मुकम्मल होने पर विशेष दुआएं की गईं। इस मौके पर मुल्क की तरक्की, अमन और भाईचारे के लिए मस्जिद के पेश इमाम मौलाना क्यामुद्दीन ने दुआ कराई। इस दौरान अकीदतमंदों ने शिरकत की और अल्लाह से रहमत और बरकत की फरियाद की। पेश इमाम मौलाना क्यामुद्दीन ने रमजान की अहमियत पर रौशनी डालते हुए कहा कि यह अल्लाह की तरफ से मुसलमानों के लिए एक खास तोहफा है। उन्होंने कहा कि रमजान सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि यह खुद को हर तरह की बुराइयों और गुनाहों से बचाने का महीना भी है। इस पाक महीने में इंसान को अपने अखलाक को बेहतर बनाना चाहिए और सभी से मोहब्बत, भाईचारे और सौहार्द का पैगाम देना चाहिए। मौलाना ने कहा कि बेहद खुशनसीब हैं वे माता-पिता जिनके बच्चे कुरान पाक को अपने सीने में महफूज कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि हाफिज-ए-कुरान का मर्तबा जन्नत में बहुत ऊंचा होगा। उन्होंने रोजेदारों को इस मुकद्दस महीने की अहमियत को समझने और इसमें ज्यादा से ज्यादा इबादत करने की नसीहत दी। मदीना मस्जिद में आयोजित इस खास मौके पर तरावीह की नमाज मौलाना साबिर की इमामत में अदा कराई गई। तरावीह के दौरान मस्जिद में अकीदतमंदों की बडी तादाद उमडी, जिन्होंने अल्लाह की रहमत और मगफिरत की दुआ की। जफर अहमद उर्फ शेरू, मौलाना अहमद, हाजी मोइनुद्दीन, जलालुद्दीन उसैद, शकील मंसूरी, हाजी अफजाल, हाजी अब्दुल हकीम, हाफिज मोहम्मद शाद, रईस गोलू, मोहम्मद फिरोज, अतीक, जीसान और शहजादे सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह में जनपद न्यायधीश सहित अधिकारियों ने लिया भाग



**मीरजापुर** । होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के उपरान्त पुलिस लाइन मीरजापुर में जनपदीय पुलिस बल के अधिकारीगण सहित पुलिसकर्मियों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमे जनपद न्यायधीश अरविन्द कुमार मिश्रा ,जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजनह्न वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर की धर्म पत्नी निवेदिता भट्टाचार उप निदेशक भारतीय राजस्व सेवा के साथ प्रतिभाग किया गया । इस दौरान पुलिस बल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गयी । इस दौरान पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग कर होली के त्यौहार को उत्साह, उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपदीय पुलिस बल के अधिकारी व कर्मचारीगण को होली पर्व को निर्बाध एवं सकुशल सम्पन्न करायें जाने हेतु होली की हार्दिक शुभकामना देते हुए भविष्य में जनपदीय पुलिस बल को पूर्ण मनोयोग, निष्ठा के साथ अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया । जनपदीय पुलिस बल के साथ-साथ पत्रकार बन्धुओं, सम्मानित व संभ्रान्त व्यक्तियों सहित समस्त जनपदवासियों को भी होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## 'खेले शिवाजी होली समर में खेले शिवाजी होली' का स्वयंसेवकों ने किया गायन

**मीरजापुर**। भारतीय शिशु मंदिर नारघाट के मैदान मे नित्य लगने वाले मंदिर शाखा के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक होली मनाई। संघ स्थान पर पहुचे स्वयंसेवकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामना दी। मंडल में बैठे स्वयंसेवकगण ₹खेले शिवाजी होली समर में खेले शिवाजी होली₹ होली गीत का वीर रस में गायन किये। इस दौरान विभाग प्रचारक, नगर कार्यवाह एवं नपा अध्यक्ष स्वयंसेवकों पर अबीर गुलाल की वर्षा करते रहे। तत्पश्चात कबड्डी और अंत्याक्षरी करते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर लोग बधाई देते रहे। प्रार्थना के उपरांत सभी ने ठंडई पान किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों की टोली राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत होली एवं अन्य गीत गायन करते हुए और भारत माता की जय और वन्दे मातरम का उद्घोष करते हुए सेवित बस्ती के विभिन्न मुहल्लों में भ्रमण किया और एक दूसरे को होली की बधाई दी। इस अवसर पर विभाग प्रचारक प्रतोष कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, जिला बौद्धिक प्रमुख गुंजन एवं व्यवस्था प्रमुख राजकुमार, प्रधानाचार्य भारतीय शिशु मंदिर अलख नारायण, नगर कार्यवाह लखन एवं प्रचार प्रमुख विमलेश, अशोक यादव, हनुमान रस्तोगी, दीनानाथ खेमका, राजेंद्र गोयनका, अवधेश, राजकुमार तिवारी, संदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। सिटी क्लब में लगने वाले माँ जालपा शाखा के स्वयंसेवकों ने भी शाखा विकिर के पश्चात होली मनाई और ठंडई पान किया। इस अवसर पर सह विभाग संघचालक धर्मराज, सह नगर कार्यवाह रितेश, सह व्यवस्था प्रमुख प्रदीप एवं प्रचार प्रमुख विमलेश, शाखा कार्यवाह राजेश शाह, मुख्य शिक्षक आशीष, विजेन मुखर्जी, जगदीश सिंह, रामचंद्र, विनोद गुप्ता, आत्रेयदत्त मिश्र, मनोज मिश्रा, कमलेश चौहान आदि रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष फिर बने नंदलाल



● भाजपा कार्यालय पर बजे ढोल नगाड़ा नाचे कार्यकर्ता

**सोनभद्र**। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश संगठन पर्व 24 25 के अंतर्गत जिला अध्यक्ष का निर्वाचन पूर्ण करके प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडे की संस्तूती उपरांत जनपद सोनभद्र भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता को पुनः जिला अध्यक्ष मोबाइल फोन से घोषित किया गया। वहीं भाजपा कार्यालय पर मौजूद जनपद के चुनाव अधिकारी ने किया नाम की घोषणा। चुनाव पर्यवेक्षक गोविन्द नारायण शुक्ला व चुनाव अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव द्वारा जनपद के जिला अध्यक्ष का नाम घोषित करते हुए सभी कार्यकताओं के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष पुनः बनाए जाने पर नंदलाल गुप्ता को दी गई बधाई। इस दौरान भाजपा पार्टी के कार्यकताओं द्वारा माला अर्पण कर उनका अभिवादन करते हुए ढोल नगाड़ा के साथ स्वागत डांस व अबीर गुलाल का कार्यक्रम चला कार्यकताओं ने भारत माता की जयकारा जय श्री राम के नारों से भाजपा के बड़े नेताओं के लगाएं नारे इस मौके पर चुनाव का आधिकारिक चंद्र प्रकाश जैन ,अनिल सिंह , पूर्व सांसद राम सकल ,नरेंद्र कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा ,धर्मवीर तिवारी ,अजीत चौबे, नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, इशिका पांडे, गुड़िया वर्मा, मीनू चौबे, कमलेश चौबे,कृष्ण मुरारी गुप्ता, मंजू गिरी, मनोज सोनकर सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## कुशवाहा समिति ने बसंत उत्सव किया आयोजित

**सोनभद्र**। कुशवाहा समिति द्वारा कुशवाहा भवन पर बसंत उत्सव कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सामाजिक समृद्धि एवं एकता में हमारा प्रयास जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा प्रबुद्ध जनों द्वारा की गई तथा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किशोरी सिंह व विशिष्ट अतिथि सत्येंद्र कुशवाहा संरक्षक मंडल मैं राजाराम मौर्य राम गोविंद कुशवाहा झरी लाल कुशवाहा बालेश्वर सिंह रंजीत कुशवाहा उपस्थिति तथा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि समाज के राजनीतिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहरा रहे समाज के प्रहरियों ने प्रतिभाग किया तथा समिति के अध्यक्ष मोहन कुशवाहा एवं संयोजक प्रवीण कुशवाहा ने कहा समाज को एक होने की आवश्यकता है बिना एकता के सामाजिक समृद्धि संभव नहीं है समिति के सचिव डॉक्टर संजय कुशवाहा एवं सहसचिव डॉ. दिनेश ने भी समाज को शिक्षित तथा एक होने की बात पर जोर दिया समिति के कोषाध्यक्ष शशिकांत वर्मा एवं मनोज कुशवाहा ने मुख्य रूप से सभी को धम,म देशना को स्वीकार करते हुए संघम शरणम गच्छामि का संदेश देते हुए एकता पर जोर दिया।

## होली न खेलने पर पत्नी ने अपनी नस काटी, हुई लहूलुहान

**मीरजापुर**। थाना राजगढ़ क्षेत्र के एक गांव में होली न खेलने पर पति से नाराज हुई पत्नी ने हाथ की नस काट लहू लुहान हो गई। परिजन उसे आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले गए। इसके बाद वहां से निजी अस्पताल चले गए। बतातेह कि राजगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक अपने पड़ोसियों के साथ होली खेलने के बाद जब घर लौटा तो उसकी पत्नी उसके साथ होली खेलने की जिद करने लगी। युवक ने पत्नी के साथ होली खेलने से इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर पत्नी कमरे में चली गई और चाकू से अपने हाथ की नस काट ली। लहूलुहान पत्नी को देख युवक और परिवार के सदस्यों के होश उड़ गए। आनन-फानन परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ पहुंचे। प्राथमिक उपचार कराने के बाद परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल ले गए जहां उसकी स्थिति सामान्य बताई गई है।

संक्षेप

## हनुमान जयंती पर रन फॉर राम का होगा आयोजन

**अयोध्या।** हनुमान जयंती 13 अप्रैल को रामनगरी में ह्यरन फॉर रामह्न का आयोजन किया जाएगा। क्रीडा भारती इसका आयोजन कर रही है। रन फॉर राम के आयोजन की तैयारियों को लेकर क्रीडा भारती की बैठक सर्किट हाउस में प्रांत प्रचारक कौशल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में क्रीडा भारती के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी की मौजूदगी रही। बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी अवनीश सिंह ने बताया कि हनुमान जयंती 13 अप्रैल के दिन प्रातः 4 बजे से ह्यरन फॉर रामह्न प्रारम्भ होगी। जिसमें तीन श्रेणियों 21 किमी फुल मैराथन, 10 किमी हाफ मैराथन, 3 किमी फैमिली रन की दौड़ होगी। राम कथा पार्क से प्रारम्भ होने वाली दौड़ राम पथ होते हुए वापसी में रामकथा पार्क आकर समाप्त होगी। इसमें शामिल होने के लिए ऑन लाइन पंजीकरण करना होगा। उन्होंने बताया कि दौड़ में लगभग 30 हजार लोगों के शामिल होंगे। इससे पूर्व 11 अप्रैल को कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल जैसे खेलों का आयोजन भजन संध्या स्थल पर किया जाएगा। बैठक में प्रांत अध्यक्ष गोविन्द पांडेय, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, हनुमान गढ़ी के महंत गौरीशंकर दास, डॉ अवधेश कुमार वर्मा, ब्लॉक प्रमुख मसौधा अभिषेक सिंह, शांतनु सिंह , सहित क्रीड़ा आदि है।

# रोटरी क्लब ने पत्रकार बंधुओं के संग मनाया रंगोत्सव



**कुशीनगर।** रोटरी क्लब के तत्वावधान में गुरुवार कसया स्थित एक निजी होटल में देश के चौथे स्तंभ पत्रकार बंधुओं के के संग होली मिलन एवं सम्मान समारोह 'रंगोत्सव' कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकार बंधुओं को रोटरी के सदस्यों द्वारा अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में

**● अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित**

बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजेश उर्फ गुड्डू पाण्डेय ने कहा पूर्वजों ने होली का त्योहार भेदभाव के साथ नहीं बल्कि आपसी सौहार्द के लिए प्रारंभ किया। रोटरी के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि किस प्रकार रोटरी में सभी वर्ग के लोग मिलजुल कर सामाजिक कार्य करते हैं, इस प्रकार समाज में सबको मिलजुल कर रहना चाहिए। यही हमारे समाज की खूबसूरती है। हम सब भारतीय है। हम आपसी प्रेम से मिलजुलकर होली खेलेंगे। जिस तरह से बंटा हुआ समाज तरक्की नहीं करता वैसे ही बंटा हुआ राष्ट्र तरक्की नहीं कर सकता। राष्ट्र को विकसित करने के लिए संयुक्त प्रयास की जरूरत है। अनेकता में एकता का द्योतक है रंगोत्सव। उपस्थित सभी को होली की गीत गाकर शुभकामनाएं दी। रोटरी के संरक्षक राकेश जायसवाल ने उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया एवं होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रोटरी के रूप में हमारा उद्देश्य हमेशा समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देना रहा है। आज के रंगोत्सव समारोह में हम पत्रकार बंधुओ के साथ मिलकर न केवल होली मना रहे हैं, बल्कि समाज में जागरूकता और सद्भावना फैलाने का संकल्प भी ले रहे हैं।

रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने होली की शुभकामना देते हुए कहा कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द्र और एकता का प्रतीक है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने सभी मतभेद भूलकर प्रेम और भाईचारे के रंग में रंग जाएं। साथ ही पत्रकार साथियों का कार्यक्रम में पधारने हेतु आभार व्यक्त किया। सचिव अजय सिंह ने होली की बधाई देते हुए सत्र 2024-25 में रोटरी द्वारा कुशीनगर में किए गए सामाजिक कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। स्थानीय नेता प्रेम प्रकाश दुबे ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने किया। दिनेश तिवारी भोजपुरिया व वीरेश राय ने होली के गीतों से सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। रोटरी के सदस्य और पत्रकार बंधुओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर और गले मिल कर होली की अग्रिम बधाई दी। इस दौरान विजय कुमार गुप्ता, साहिल अहमद, दिनेश कुमार यादव, दुर्गेश चतुवेर्दी, अखिलेश शर्मा, सदरे आलम, अमित श्रीवास्तव, विजय कृष्ण द्विवेदी, अरूण कुमार वर्मा, डॉ सुनील सिंह, गौरव मद्धेशिया, फैयाज खान, इम्तियाज आलम, अश्वनी जायसवाल, गोपीचंद कसौधन, राजीव तिवारी, विनोद वर्मा, अरूण कुमार मौर्य, अमरेंद्र नारायण सिंह, गोविंद सिंह, वैभव राव, शिवजी जायसवाल, विजय सिंह, सत्येंद्र राय, रंजीत श्रीवास्तव, सरवरे आलम, नबी हसन एवं आदिल खान के अलावा पत्रकार बंधुओं में संजय चाणक्य, हृदयनंद शर्मा, बृजबिहारी त्रिपाठी, मनीष मिश्रा, अशोक शुक्ला, अखिलेश तिवारी, मनीष यादव, अनिल त्रिपाठी, कृष्णमोहन पांडेय, प्रमोद गोंड, अजय त्रिपाठी, अजय मिश्रा, मुकेश पटेल, वीरेश कुमार राय, आलोक कुमार तिवारी, संदीप मिश्रा, अर्जुन वेदांत, गौरव मिश्रा, सरफराज अली, आमिर सुहैल, शकील अहमद, विनय सिंह, रामाशीष यादव, कन्हैया कुशवाहा, मोहन वर्मा, जुगनू शर्मा, श्रीनिवास तिवारी, मसरूर रिजवी, जुम्मन अली, अशोक सिंह, सतीश सिंह, दिलीप जायसवाल, शैलेश सिंह, ज्ञानेश्वर बर्नवाल, संदीप कुमार सिंह, मो. असलम, उदयभान यादव, राकेश कुशवाहा, विजय यादव, विकास श्रीवास्तव, अबुलैश अंसारी, अरविंद गौतम, उमेश कुमार, हिमांशु सिंह, रितेश सिंह, विनय उपाध्याय, अनिल तिवारी, दिनेश कुमार ओझा, विजय कुमार तिवारी, पवन कुमार शर्मा के अलावा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के नामी चेहरे मौजूद रहे।

## होली सद्भावना और भाईचारे का त्यौहार: रामाशीष राय




**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर क्षेत्र के मधुरिया स्थित एसआरडी चिल्ड्रेन एकेडमी में राष्ट्रीय लोकदल एवं एनडीए के संयुक्त तत्वाधान में होली मिलन समारोह लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

गुरुवार को आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए रालोद के प्रदेश सचिव रामाशीष राय ने कहा कि होली प्रेम, सद्भावना और भाईचारे का पर्व है। इस पर्व को प्रेम के साथ मनाएं। रालोद प्रदेश सचिव सिया शरण पांडेय ने कहा कि होली भारत की प्राचीन विरासत है। यह पर्व हमें एकता और मिलन का संदेश देता है। रालोद जिलाध्यक्ष विनोद कुंवर ने होली पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को बधाई दी। इस दौरान ग्रामप्रधान राजू यादव, राकेश पाण्डेय, अरविंद सिंह, श्रीनिवास गुप्ता, संतोष चौहान, पंकज त्रिपाठी, निरंजल निराला, सिंपल पाण्डेय, डॉ अजय शर्मा, मुकेश यादव, महेंद्र लाल श्रीवास्तव, डॉ रमेश तिवारी, शिवांशु पाण्डेय, रवि तिवारी, हिमांशु शर्मा, रक्षा तिवारी, नंद कुमार चौबे, महेंद्र कुशवाहा, कौशलेश पांडेय, भगवान दयाल विश्वकर्मा, गणेश प्रसाद, रामेश्वर लाल गौतम, विशुनदेव गौड़ अजय यादव, अनिल मिश्रा, सिंहासन गुप्त, राकेश उपाध्याय, कैलाश चौबे, विकास यादव, भोला प्रसाद, केदार सेठ, यज्ञाचार्य त्रिभुवन पांडेय, देवेन्द्र राय, रमेश राय, शिवासु पान्डेय उपस्थित रहे।

## नारायणी नदी में डूबने से युवक की मौत, तीन दिन बाद शव हुआ बरामद



**कुशीनगर।** जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र में बीते होली के दिन नारायणी नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई, काफी प्रयास के बाद शव तीन दिन बाद बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार बिरवट कोहनवलिया गांव निवासी 19 वर्षीय आशीष कुमार सिंह पुत्र ब्रिजकिशोर सिंह 14 मार्च को होली के दिन नदी में नहाने गया था। बताया जाता है कि पानी के तेज बहाव में युवक बह गया, और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने ढूंढने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। घटना के बाद एनडीआरफ टीम मौके पर पहुंच, युवक के शव की खोजबीन शुरू की तो। रविवार दोपहर बाद बांक खास के पास युवक का शव बरामद हुई। थाना प्रभारी के अनुसार, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# दुर्गेश रॉय एक बार फिर बने भाजपा जिलाध्यक्ष

जिला संवाददाता(vol)




**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने जिला अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। कुशीनगर में दुर्गेश राय को दोबारा से जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा के दौरान उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम सोनकर भाजपा के जिला कार्यालय पर मौजूद रहीं। दुर्गेश राय को दोबारा जिलाध्यक्ष चुने जाने पर पार्टी कार्यालय पर जश्न का माहौल रहा। कार्यकताओं ने मिठाई खिलाकर और पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई।

बताते चलें कि नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय 1999 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े और 2003 से लेकर 2008 तक जिला प्रचारक के दायित्व का निर्वहन किया। इस दौरान वह सिद्धार्थनगर और बलिया जनपद में संगठन विस्तार में महति भूमिका निभाई।

सन-2008-2011 तक युवा मोर्चा के विभाग संयोजक, सन 2011-2013 तक जल प्रबंधन प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक रहे। भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में पहचान बना चुके दुर्गेश राय 2015-2019 तक भारतीय जनता पार्टी कुशीनगर के जिला मंत्री और 18 जुलाई 2021 से 15 सितंबर 2023 तक जिला उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। इसके बाद 2023 में इन्हें जिलाध्यक्ष बनाया गया और अब चुनाव के बाद उन्हें दोबारा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यहां मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, पार्टी में मेहनत से काम करने वाला आम कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बन सकता है।

## प्रदेश में अराजकता का माहौल, कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं: पवन पाण्डेय

**अयोध्या।** रविवार को समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी की एक मासिक बैठक पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया बैठक में मुख्य आतीथ पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन मौजूद रहे इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में बताते हुए कहा आज प्रदेश में अराजकता का माहौल है कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है इसलिए लोग आने वाले समय में पी डी ए को साथ लेकर जिस तरह से लोकसभा के चुनाव में भारी जीत दिलाई है उसी तरह आने वाले 2027 के चुनाव में एक रहकर प्रदेश में फिर से अखिलेश यादव की सरकार बनाएंगे महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशांनुसार सभी सेक्टर में पी डी ए का सम्मेलन कराया जाना है उन्होंने सभी पदाधिकारी से आग्रह किया कि सभी वार्डों में पी डी ए का सम्मेलन कराया जाय जिससे पार्टी में सभी जाति के लोग जुड़े उन्होंने कहा यह सरकार धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ा रही रोजगार के नाम पर नौजवानों को ठगा जा रहा है बैठक में महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति पर प्रवीण राठौर को नई जिम्मेदारी देते हुए महानगर का उपाध्यक्ष नियुक्ति किया जिस पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे महासचिव हामिद आदि है।

## ग्रामीणांचल की गरिमा राय ने अपनी प्रतिभा का लहराया परचम : बनी नर्सिंग अधिकारी

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्रा घाँटी के रायपुरा निवासिनी गरिमा राय के नर्सिंग अधिकारी पद पर चयन से परिवार सहित गाँव मे खुशी की लहर दौड़ गयी है । लोगों ने जोरदार ढंग से स्वागत करते बधाई दिया है । घाँटी ग्रामसभा के टोला रायपुरा निवासिनी गोरखनाथ राय की पौत्री गरिमा राय यूपीपी की परीक्षा उत्तीर्ण कर नर्सिंग अधिकारी बनने का गौरव प्राप्त किया ।

गोरखनाथ राय व इन्दुराय की बेटी की पुत्री गरिमा राय बचपन से ही होनहार व प्रतिभावान रही ।गरिमा की प्राथमिक शिक्षा भटनी नगर के के के पब्लिक सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल हरिकीर्तन मुहल्ला हुई हाईस्कूल श्रीपतिबाबू माध्यमिक विद्यालय घाँटी बाजार से इण्टरमीडिएट की परीक्षा झरनाकुटी से उत्तीर्ण कर गोरखपुर से जीएनएम का कोर्स कर गरिमा ने 2019 से सहारा हॉस्पिटल मे दो वर्ष तक कार्य किया ।पिछले तीन वर्ष से बाराबंकी मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य अधिकारी पद पर कार्यरत रही । गरिमा के चयन पर के के पब्लिक के कार्यकारी निदेशक अजय वर्मा प्रबन्धक बी के श्रीवास्तव श्रीपत्तीबाबु माध्यमिक स्कूल घाँटी के प्रधानाचार्य अशोक कुमार राय झरनाकुटी के प्रधानाचार्य डाँ रवीन्द्र राय पूर्व प्रधान रमाशंकर राय मनोज राय राजन राय कृष्णप्रताप राय राजेन्द्र राय अरविंद राय व अनिल दुबे ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंगलमय भविष्य की कामना किया है ।

## डीजीपी प्रशांत कुमार ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या। रविवार को डीजीपी प्रशांत कुमार रामनगरी अयोध्या पहुंचे यहां उन्होंने रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। उन्होंने मंदिर निर्माण के कार्यों को भी देखा। रामनवमी मेले की तैयारियों की जानकारी अधिकारियों से ली।श्रद्धालुओं के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं की जानकारी उन्हें दी गई। उन्होंने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की प्रगति जानी।

रामनवमी मेला से पहले सुरक्षा व भीड़ नियंत्रण के प्लान की जानकारी भी उन्होंने ली।रामनवमी मेले में 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। राम जन्मोत्सव पर अप्रत्याशित भीड़ उमड़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया है।

# निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार रथयात्रा पहुंची अयोध्या

**अयोध्या।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के मत्स्य मंत्री संजय निषाद संवैधानिक अधिकार रथयात्रा लेकर अयोध्या पहुंचे। इस यात्रा के साथ 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारी भी संजय निषाद ने शुरू कर दी है।



रविवार को सर्किट हाउस से निकली संवैधानिक अधिकार यात्रा में संजय निषाद बुलेट चलाते नजर आए लेकिन यातायात नियमों का उल्लंघन भी किया। बुलेट चलाते समय संजय निषाद ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। अयोध्या पहुंचे मंत्री संजय निषाद ने कहा कि संवैधानिक अधिकार यात्रा को लेकर निषाद समुदाय के मतदाताओं को एकजुट करने निकला हूं। उनको जगाने निकला हूं। पिछली सरकारों में निषाद समुदाय के अधिकारों को संविधान में छीना गया है। संविधान में लिखा है मछुआरा सात नाम से, दलित, धोबी, निषाद मछुआरा समुदाय के बच्चे स्कूल जाएंगे। सरकारी स्कूल में पढ़ेंगे और सरकारी नौकरी पाएंगे। भाजपा की सरकार में इनकी बहन, बेटी की इज्जत सुरक्षित है जो इनको अपमानित करेगा वो जेल जाएगा लेकिन इनको 1994 में तब की सरकार के बेईमानों ने ओबीसी में डाल दिया था। अब केवट, मल्लाह पिछड़ी, खाएंगे खिचड़ी। फिर हम लोगों ने आंदोलन किया रेल रोका, सड़क रोका फिर राज्यपाल ने 31 दिसंबर 2016 को एक अधिसूचना जारी की कि केवट मल्लाह अब नहीं यह पिछड़ी नहीं खाएंगे खिचड़ी। हम अनुसूचित जाति में शामिल हुए। हमे संविधान में हक मिला है जिनको अधिकार लेना है वह सामने आ जाएं क्योंकि जब तक बच्चा रोता नहीं है, मां भी दूध नहीं पिलाती। जिस तरह से अपर कास्ट ने आवाज उठाई और 10 प्रतिशत आरक्षण ले लिया। महिलाओं ने 33 प्रतिशत आरक्षण ले लिया तो अब निषाद भी इकट्ठे हो रहे हैं। अपने झंडे के नीचे आ जाओ, संजय निषाद ने मुहावरे के रूप में कहा कि जिस तरह से दलित भाइयों ने अपना उठाया झंडा और नहीं बन रहे अंधा, सबको उठा रहे डंडा, जो उठाएगा पखाना वह चला जाएगा जेल खाना, अब नहीं उठा रहे सिर पर टोकरी मिल रही सरकारी नौकरी, यही समझाने आया हूं छोड़ दो बेईमानों का झंडा और उठा लो अपना झंडा। मत बनो अंधा, बंद करो उनका धंधा, मत खाओ डंडा, पीठ पर मत उठाओ टोकरी ले लो सरकारी नौकरी। संजय निषाद ने बताया कि संवैधानिक अधिकार यात्रा सहारनपुर से सोनभद्र जाएगी। 55 जिलों की यात्रा पूरी हो चुकी है। इस बीच 200 निषाद बाहुल्य इलाके ऐसे हैं, जहां पर 40 हजार से एक लाख तक निषादों का वोट है। जिस तरह से वोट को इकट्ठा करके दलित भाइयों ने संविधान में अपना हिस्सा ले लिया, वोट इकट्ठा करके यादव भाइयों ने ले लिया, उसी तरह से मछुआरों को एकत्र करने आया हूं। निषाद भाई भी अपना अधिकार लेंगे। विभीषण से लोग सावधान रहें, इनका नाम ओबीसी में डलवा दिया खुद मलाई खा रहे हैं, इसलिए विभीषण से सावधान हो जाओ।

## भाजपा नेता ने गोसाईगंज थानाध्यक्ष पर जड़ा अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप



अयोध्या। जनपद के गोसाईगंज थाना अध्यक्ष पर लगा गंभीर आरोप यह आरोप कोई और नहीं बल्कि थाना क्षेत्र के ही एक भाजपा नेता और कई शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक डॉ. सर्वेश कुमार वर्मा ने अपने एक स्थानीय होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि पिछले दिनों थाना क्षेत्र में स्थित साईं बाबा कॉलेज परिसर में जिन्होंने पत्थर बाजी किया था उन्हें थाना गोसाईगंज के अध्यक्ष परशुराम संरक्षण देते हुए उन्हें बचाने का काम कर रहे हैं। वहीं एक पिछले दिनों हुई एक मार पीट के मामले में गंभीर से घायल युवक की तहरीर पर मुकदमा भी दर्ज करना उचित नहीं समक्षा जबकि उक्त घायल युवक की रविवार की भोर में इलाज के बाद लखनऊ में मौत हो गई जिसके बाद पुलिस ने उक्त प्रकरण में दो लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं सर्वेश वर्मा का कहना है कि अब जब युवक की मृत्यु हो गई तो थाना अध्यक्ष महोदय को घटना में शामिल व्यक्ति को गिरफ्तार कर केवल माहौल बनाया जा रहा हैं। नहीं तो यही थाना अध्यक्ष उन्हें संरक्षण दिए हुए थे वहीं उन्होंने अपने समाज के लोगों के साथ मृतक के शव को सड़क पर रख मार्ग जाम करने की योजना बना रहें है। उसी समय पुलिस प्रशासन से आरोपी थाना अध्यक्ष परशुराम को हटाने की मांग करेंगे। चूंकि थाना अध्यक्ष परशुराम स्वयं अपराधी है और न्यायालय की तरफ से उनके विरुद्ध धाराओं में मुकदमा पंजिकृत है। जिसकी जांच एक दरोगा से कराई जा रही हैं जो न्याय संगत नहीं हैं। उन्होंने मांग किया है कि थाना अध्यक्ष की जांच उच्चाधिकारियों से कराई जाए और दोषी पाए जाने पर उन्हें जेल भेजा जाए। पत्रकार वार्ता में प्रधान अनूप कुमार वर्मा, पूर्व प्रधान अजीत वर्मा, सत्यजीत वर्मा, अजीत वर्मा, दीपक वर्मा, रवि वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, पंकज वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय फरुवाही लोक नृत्य उत्सव का शुभारंभ

जिला संवाददाता(vol)




**कुशीनगर।** दुलारी सेवा संस्थान द्वारा कुशीनगर स्थित बौद्ध संग्रहालय में आयोजन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय फरुवाही लोक नृत्य उत्सव कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

रविवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी परितोष मिश्रा एवं मुख्य वक्ता डॉ सीमा त्रिपाठी, संस्था के सचिव अमित मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पुष्पाअर्चन कर दीप प्रजनन करके किया। अतिथियों का स्वागत संस्कार संगम के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने किया। प्रथम दिन फरूवाही नृत्य राजेश यादव की टीम के आठ कलाकारों ने विभिन्न प्रकार के करतब दिखाकर किया। मुख्य वक्ता डॉक्टर सीमा त्रिपाठी ने कहा फरुवाही नृत्य लोक कला की सबसे सशक्त विधा है जो सरकार द्वारा संरक्षण करने की यह योजना सराहनीय है इस तरह का आयोजन करने से लोक कलाकारों को आत्म बल की प्राप्ति होती है और कलाकारो का विकास होगा। पूर्वांचल में लोक कलाएं भरी पड़ी हैं किंतु हमारी उपेक्षा के कारण आज लोक कलाओं का संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉक्टर रविशंकर प्रताप राव ने कहा ग्रामीण सभ्यता की उपज लोक कलाएं जनमानस में व्याप्त थी। सामाजिक उपेक्षा के कारण इन कलाओं का विलुप्त होना गंभीर विषय है। हम विदेशी सभ्यता संस्कृति का अनुकरण अपने विरासत के मूल्यों को तिलांजलि देकर अपना रहे जो हमारी संस्कृति सभ्यता के लिए घातक है। उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी के सदस्य संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि फरूवाही नृत्य कला संरक्षण करने के लिए कलाकारों को सरकार के द्वारा कुछ मानदेय देने की जरूरत है। पूर्व प्रवक्ता सुरेश गुप्ता ने फरवाही लोक नृत्य के विषय में बताते हुए कहा यह कला अगर हम सभी चाहे तो विलुप्त नहीं हो सकती है। इसके लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। अध्यक्षता प्रद्युम्न मिश्रा ने किया संचालन शिक्षक राजू मद्धेशिया ने किया। कार्यक्रम में संस्कार संगम को मंत्री पवन गुप्ता, रमेश मद्धेशिया, धनंजय राव, पूनम पांडेय, वृंदा प्रजापति, विशाल शर्मा, नंदलाल गुप्ता, अरुण कुमार चौबे, रामप्रताप चौरसिया, एडीजीसी विनय मिश्रा, मिथिलेश शुक्ला, मार्कंडेय तिवारी, राधा कृष्ण शर्मा, ओमप्रकाश तिवारी उपस्थित रहे।

## गोरखपुर मंडल में बनेगा दिव्यांग बिजनेस कॉरिडोर

देवरिया। पैरा अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी चार बार विश्व विजेता और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सूर्य प्रताप शर्मा ने कहा कि ग्रीस में वर्ल्ड चैंपियन इंडिया की तरफ से 95 किलो में अमेरिका को हराकर गोल्ड और ओपन चैलेंज में रजत पदक जीतने का सौभाग्य मिला। जीतने के बाद जिले में प्रथम आगमन के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री शर्मा ने बताया कि पूरे भारत समेत अपने गृह जिले के लोगों का बहुत प्यार मिला। जिसकी बदौलत चौथी बार विश्व विजेता बनने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि खेल के साथ-साथ दिव्यांग जनों के लिए कुछ करने का प्लानिंग चल रहा है। उसके लिए अपनी माइलस्टोन फाउंडेशन के तहत दिव्यांगजन के लिए इकोनॉमिकल ग्रोथ के लिए गोरखपुर मंडल में बिजनेस कॉरिडोर को शुरू करने की योजना है। जो फाइनल स्तर पर पहुंच चुकी है। जिसके लिए हमारी टीम गांव - गांव सर्वे शुरू कर दिया है। सर्वे होने के बाद हम दिव्यागों के लिए काम शुरू कर देगे। प्रश्नों के जवाब में शर्मा ने बताया कि हमारा मकसद दिव्यांगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उनके जीवन में खुशहाली लाना है। जिससे वह सरकार की योजनाओं पर निर्भर न होकर सरकार को आर्थिक रूप से मदद कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि वह अपना समय शूटिंग में खपा रहे हैं। आने वाले 2028 के ओलंपिक खेलों में अपना हाथ आजमाएंगे। उन्होंने दिव्यांगों को संदेश देते हुए कहा कि मैं उनके सपनो और सोच को आकार देने के लिए बिजनेस कॉरिडोर बना रहा हूं।जिसकी शुरूआत गोरखपुर मंडल से करने जा रहा हूं। क्योंकि मैट्रो पॉलिटन सिटी में दिव्यांगो के लिए बहुत स्कोप है।

जबकि यहां के दिव्यांगों के लिए उतना स्कोप नहीं है।जिससे वह कुंठित हो जाते हैं और उनकी बहुत दुर्गती होती हैं। ऐसे में दिव्यांग उससे जुड़े और अपने सपनों को सच करें। साथ ही दुनिया को दिखा दे कि मेहनत और लगन से सब कुछ पाया जा सकता है।

संक्षेप

## खंभे से अनियंत्रित आटो टकराया तीन घायल

सीतापुर। थाना रामपुर कलां अंतर्गत बिसवा सरैया मार्ग पर रविवार दोपहर महमूदाबाद से सवारियां लेकर बिसवा जा रहा एक ऑटो अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया जिससे उसमे सवार तीन सवारियाओ के चोट आ गई जिन्हें एंबुलेंस से सी एच सी बिसवा लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी।मिली जानकारी अनुसार कोतवाली बिसवा के ग्राम रामाभारी निवासी अरमान पुत्र युनुस बिसवा महमूदाबाद रोड पर आटो रिक्शा चलाते हैं जो प्रतिदिन की तरह महमूदाबाद से सवारियां लेकर बिसवा जा रहे थे कि उनका आटो थाना रामपुर कलां अंतर्गत ग्राम तुलापुरव के निकट अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया तथा उसमे सवार तीन सवारियों के हल्की चोट लग गई जिन्हें एंबुलेंस से बिसवा सी एच सी लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी।

# राजेश शुक्ला पर भाजपा ने पुनः जताया विश्वास, बने जिला अध्यक्ष

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन पर्व की चुनाव प्रकिया के सम्पन्न होने के उपरांत पार्टी के जिला अध्यक्ष की घोषणा देर शाम कर दी गई भाजपा जिला अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे रहे राजेश शुक्ला को पुनः पार्टी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।उक्त घोषणा प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री द्वारा अपने संबोधन के दौरान दी गई।



प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय द्वारा सीतापुर पहुंचकर आयोजित कार्यक्रम विभाग लेकर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व पार्टी के सभी कार्यकताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला को बधाई दी एवं पार्टी के सभी समरथको वह कार्यकताओं को भी बधाई दी इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चैहान, जिला प्रभारी नीरज सिंह नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी विधायक बिसवां निर्मल वर्मा सेवता विधायक ज्ञान तिवारी बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य सिधौली विधायक मनीष रावत विधायक मिश्रित रामकृष्ण भार्गव अवध क्षेत्र महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ गोदावरी मिश्रा क्षेत्री महामंत्री नीरज वर्मा जिले के चुनाव संगठन सह अधिकारी सुधाकर शुक्ला, नीरज वर्मा झल्लर नैमिष रतन तिवारी,संजय मिश्रा,जूही सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकताओं एवं समर्थकों ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर पार्टी के निर्णय का स्वागत करते देखे गए।।

# वाहन चालकों के खून से लाल हो गया मिश्रिखः सिधौली मार्ग

**सीतापुर।** सिधौली तहसील अंतर्गत दो विभिन्न मार्गो पर मार्ग दुर्घटनाओं में शनिवार रात मोटरसाइकिल सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए।घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने दो लोगों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र में सिधौली मिश्रिख मार्ग अलाद दादपुर के निकट सामने से आ रही एक कर ने बाइक में मारी टक्कर पति-पत्नी घायल पति जिला स्थल रेफर जानकारी के अनुसार विनोद (50 )वर्ष पुत्र हरिशंकर निवासी काशीपुर कोतवाली सिधौली अपनी पत्नी शीला (43) वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से मिश्रीख मार्ग पर रिश्तेदारी में जा रहे थे सिधौली मिश्रिख मार्ग पर अलादाद पुर के करीब सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे विनोद गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलाकर उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य भेजा गया जहां पर दोनों पति-पत्नी का इलाज किया गया विनोद की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है।वही भगवतीपुर के निकट साइकिल को बचाने के चलते ट्रैक्टर से टकराई बाइक दो घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। बताया जाता है कि राहुल पुत्र सुंदरलाल (22) वर्षीय निवासी अहेवा थाना अटरिया अपने एक साथी के साथ बाइक से जा रहा था कि सामने से एक साइकिल सवार को बचाने के चलते बाइक अनियंत्रित हो गई और पीछे आ रहे ट्रैक्टर से टक्कर हो गई जिससे राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य सिधौली लाया गया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज करने के बाद राहुल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है ।

## अनुराग अवस्थी उन्नाव से बीजेपी जिलाध्यक्ष घोषित, कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी




**उन्नाव।** संगठन महापर्व 2024झ25 के क्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह व चुनाव अधिकारी राम बाबू हरित द्वारा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नाम की घोषणा की गई। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यह जानकारी दी गयी।मुख्य अतिथि ने कहा भाजपा शीर्ष संगठन का धन्यवाद है जो उन्होंने दो दिन के उत्सव को तीन दिन का कर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद जिलों में फिर उत्सव का माहौल बन गया है।नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी उन्नाव उत्तरोत्तर मजबूत होगी। अवधेश कटियार ने कहा दायित्व आते जाते रहते हैं भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है नए जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद सभी कार्यकर्ता अच्छे मन के साथ निर्णय को स्वीकार करते हुए उनके कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने मुख्य अतिथि चुनाव अधिकारी व मंचासीन अतिथियों व शीर्ष संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं प्रत्येक कार्यकर्ता को साथ लेकर संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा।मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह व चुनाव अधिकारी राम बाबू हरित, नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह विधायक पंकज गुप्ता, बृजेश रावत, बंबा लाल दिवाकर, आशुतोष शुक्ला, अनिल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, प्रभान शंकर दीक्षित, गंगा प्रसाद वर्मा, राज किशोर रावत, भगवती प्रसाद रावत, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भगवती प्रसाद रावत, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, सह चुनाव अधिकारी महेश चंद्र दीक्षित, सविता रावत, भाजपा नेत्री ममता सिंह आदि उपस्थित रहे।

## हादसे में डाक कर्मी ने गवाई जान, डाक विभाग में शोक की लहर

उन्नाव। डाक विभाग के कर्मचारी प्रेम कुमार मिश्र पुत्र बाल कुमार मिश्र निवासी पीताम्बर नगर 16 मार्च को दही चौकी के निकट ट्रक से दुर्घटनाग्रस्त हो गए।जिसमे अस्पताल में ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गई।मृतक डाक विभाग कानपुर मुफ्फसिल मंडल में डाक सहायक के पद पर मौरावां उपडाकघर, में तैनात थे।उनके पीछे परिवार में अब उनकी पत्नी एवं एक पुत्र (उम्र 22) का रोकर बुरा हाल है। इधर उन्नाव बड़ा डाकघर में उनकी असमय मृत्यु के चलते सभी ने कार्यालय में शोक संवेदना व्यक्त की।

## गंभीर बीमारी से जूझ रहे परिवार की समाजसेवी ने आर्थिक मदद की

**पाटन, उन्नाव।** भगवंतनगर विधानसभा के गाँव बारा में सौरभ उर्फ आशू पुत्र स्वर्गीय रामबहादुर जोकि किडनी की गम्भीर बीमारी से ग्रसित है परिवार में पिता का साया कुछ वर्ष पूर्व से उठ गया था। अब बूढ़ी माँ ही घर मे है माँ बेचारी असहाय हालात में थी क्योंकि बेटा डायलसिस पर है जैसे ही जानकारी समाजसेवी अध्यक्ष पुष्प फाउंडेशन पुष्पेंद्र प्रताप सिंह को हुई तत्काल मौके पर पहुँचकर दर्द समझा व परिवार को आर्थिक मदद की।भविष्य में हर परिस्थिति में साथ रहने का भरोसा दिया।बारा गाँव मे ही मलखे अवस्थी जोकि काफी लंबे वर्षों से गम्भीर बीमारी से ग्रसित है चल नही पा रहे हैं कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण ही कुछ दिनों पूर्व इनकी धर्मपत्नी का देहांत हो गया था। परिवार में दो बेटे बेरोजगार है जानकारी होने पर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह घर जाकर परिजनों से मिलकर दुःख दर्द साझा किया व आर्थिक सहायता देकर सदैव साथ रहने का आश्वासन दिया।इस मौके पर नागेश सिंह,हरेन्द्र बहादुर सिंह, रामजी यादव,अशोक पासवान, लोटन पासवान,जितेंद्र पटेल,राघवेंद्र सिंह,नजर मोहम्मद,मानवेन्द्र सिंह, गोलू सिंह,पवन पांडे,राजू पांडे,घनश्याम द्विवेदी, आदि लोग मौजूद रहे।

## सरकारी आवास से बाइक चोरी

**पाटन, उन्नाव।** सरकारी आवास के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल के चोरी हो जाने की शिकायत पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में उप जिला अधिकारी के अर्दली के रूप में विजय सिंह पुत्र दशरथ सिंह कार्यरत है बीती रात अपने आवास पर सो रहा था और मोटरसाइकिल पैशन प्रो नीचे खड़ी थी। मौका देखकर चोर मोटरसाइकिल चुरा ले गए।मोटरसाइकिल चोरी हो जाने की शिकायत पीड़ित अर्दली ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ध्वस्त




**सीतापुर।** जिला अस्तपाल की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है या फिर यूं कह ले कि जिला अस्पताल की सभी स्वास्थ्य सेवाएं रामभरोसे चल रही है।पहले से ही जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि एक बेड पर दो दो मरीजों को लिटाकर उनका उपचार किया जाता था और अब तो जिला अस्पताल में कुछ ऐसे डाक्टर तैनात हो गये है जो ओपीडी में मरीजों का उपचार नही करते है बल्कि उनको अपने प्राइवेट क्लीनिक पर बुलाते हुए देखे जा रहे है।क्योकि जिला अस्पताल के कुछ डाक्टरों ने अपना क्लीनिक बटसगंज में खोल रखा है और वह जिला अस्तपाल में अपने चैम्बर में बैठकर दो बजे तक मरीजों से यही कहते है कि आप लोगो बटसगंज वाले क्लीनिक पर आओं हम बेहतर उपचार करते और मरीजों को बटसगंज पर दो बजे के बाद बैठकर देखते है।आलम यह है कि जिला अस्पताल केवल कुछ डाक्टरों के दम पर ही चल रहा है।जिला अस्तपाल में उंगली पर गिने जाने वाले कुछ ऐसे डाक्टर है जो मरीजों का बेहतर उपचार कर रहे वरना तो अधिकांश डाक्टरों ने अपना खुद का क्लीनिक खोल रखा है।इस सम्बन्ध में जब सीएमएस से बात की गई तो उन्होने कहा कि हो सकता है हमारे संज्ञान में नही है अगर हमारे पास कोई लिखित शिकायत आती है तो हम कार्यवाही जरूर करेगे।

### महोत्सव व परिवार सम्मेलन कलश यात्रा के साथ शुरू

**सीतापुर।** मां गायत्री शक्तिपीठ सरैंया कादीपुर पर आयोजित होने वाली पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव व परिवार सम्मेलन रविवार कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया।कलश यात्रा में 108 सुहागिन महिलाएं सिर पर कलश धारण कर कार्यक्रम स्थल से प्रमुख मार्गों से होती शारदा सहायक नहर से जल भरकर कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां कलश स्थापित किए गए।शाम को युग संगीत व प्रवचन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

# 726 श्रमिकों की 6 ब्लॉकों में होली पर भी लगी मनरेगा हाजिरी

**सीतापुर।** हिन्दू धर्म में वर्ष का एक बड़ा त्यौहार होली जहाँ एक तरफ मनरेगा श्रमिको का भुगतान न आने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में फीका दिखा वही दूसरी तरफ मनरेगा श्रमिक घोटाले के जिम्मेदारो ने होली त्यौहार के दिन पर भी घोटाले से बाज न आकर मनरेगा श्रमिक घोटाला जनपद की 19 ब्लाकों में से करीब 6 ब्लाकों में कर

**●विकास खण्ड पहला में दर्ज हुए 520 श्रमिक**

726 लगभग हिन्दू श्रमिको की मौजूदगी दर्ज की।बताये चले कि जहां एक तरफ पूरा जनपद होली के त्यौहार में व्यस्त था वही मनरेगा श्रमिक हाजिरी के घोटाले बाज जनपद की विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम अकबरपुर मखदुमपुर व परसेहड़ा में60 श्रमिक विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत आमटामऊ में 42 श्रमिक विकास खण्ड हरगाव की ग्राम पंचायत झरिया व परसेहड़ा में 46 श्रमिक , विकास खण्ड पहला की ग्राम दुधरा मे 129 श्रमिक काशीपुर 92 श्रमिक खालगाँव 72 श्रमिक नियामतपुर 2 श्रमिक रायपुर 153 श्रमिक रामपुर कला 9 श्रमिक व शिवरा में 63 श्रमिक विकास खण्ड सकरन की ग्राम बारा सिंह व कल्ली 54 श्रमिक तथा सिधौली में 4 श्रमिक इस प्रकार जनपद के कुल 6विकास खण्ड में 726 श्रमिक की हाजिरी दर्ज कर मनरेगा साइड पर फोटो अपलोड कर मनरेगा फजीवांडा किया गया।

अब सवाल यह उठता है कि जब हिन्दू धर्म का एक बड़ा त्यौहार होली माना जाता है जिसमें अधिकतर लोग अपने परिवार के साथ खुशियां मना रहे होते है तो ऐसे में हिन्दू श्रमिक होली के दिन कार्य करने कैसे जायेगा जो कि एक बड़ा सवाल है।

अधिकतर मनरेगा घोटालेबाजों ने जो साइड पर फोटो अपलोड की है उनमें से कुछ मजदूरों के रंग गुलाल भी लगा है लेकिन किसी भी मजदूर के हाथ में फावड़ा या कार्य करने के यंत्र नही दिखाई पड़ते है जिससे यह कहा जा सकता है कि यह घोटालेबाज होली के दिन में भी घोटाले करने से बाज नही आये।

## प्रदेश में अपराधों की आई बाढ़ः लालजी वर्मा

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कस्बे से रामगंज मुहल्ले में सब्जी मंडी के समीप चाय की दुकान चलाने वाले प्रदीप वर्मा की इलाज के दौरान हुई मौत की खबर सुनकर उनके आवास पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे युवा सपा नेता राम सागर वर्मा के साथ पहुंचे अंबेडकरनगर सांसद लाल जी वर्मा ने पारिवारिक जनों को सांत्वना दी तथा हर समय उनके साथ खड़े होने की बात दोहराई।मालूम हो कि बीते सोमवार को पास के गांव के रहने वाले मनबढ़त युवक ने प्रदीप वर्मा के ऊपर जानलेवा हमला कर मरणासन्न कर दिया था।युवा सपा नेता/समाजसेवी राम सागर वर्मा के साथ मौजूद सांसद लालजी वर्मा ने बताया कि इन दिनों पूरे प्रदेश में अपराधों की बाढ़ सी आ गई है।जिसे रोकने में प्रदेश सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है।इस दौरान अमित वर्मा, राज मोहन पटेल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सांसद आनंद भदौरिया की पत्नी डॉ. अर्चना सिंह ने एक लाख की एफडी परिजनों को सौंपी



जिला संवाददाता(vol)

**सीतापुर।** पत्रकार राघवेन्द्र के परिजनों से आज धौरहरा के सांसद आनंद भदौरिया की पत्नी डा. अर्चना सिंह मिली। इस मौके पर उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया तथा हत्याकांड के शीघ्र खुलासा की मांग भी उठाई।साथ ही उन्होंने एक लाख की एफडी परिजनों को सौंपी।इस मौके पर महोली के सपा के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता भी मौजूद रहे।

आपको बताते चलें कि सीतापुर के महोली के पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की बीती आठ मार्च कों उस वक्त गोली मार कर हत्या कर दी गई थी जब वह सीतापुर आ रहे थे।उनके परिजनों को दिलासे देने के लिए कई लीडर पहुंचे लेकिन उनकी आर्थिक मदद करने के लिए सिर्फ दो लोगों को छोड़कर और कोई भी आगे नहीं आया।सबसे पहले भाजपा के सेउता विधायक ज्ञान तिवारी आगे आए थे जिन्होंने 51-51 हजार की दो एफडी उनके परिजनों को सौंपी थी वहीं अब धौरहरा के सांसद आनंद भदौरिया की पत्नी डा. अर्चना सिंह आज पूर्व विधायक अनूप गुप्ता के साथ महोली स्थित राघवेन्द्र बाजपेई के घर पर पहुंची और एक लाख की एफडी उनके परिजनों को सौंपी है। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला ने बताया कि पत्रकार राघवेंद्र की पत्नी रश्मि के नाम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से एक लाख रुपए की एफ डी बनवाकर दी गई है। इस दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला, सपा नेता मोनू दीक्षित, प्रबुद्ध सभा के जिला अध्यक्ष अविनाश मिश्रा, राजेश चैरसिया, अभिषेक मिश्रा, नितिन मिश्रा, प्रतीक आदि मौजूद रहे।

# एकाउंटेंट पर धोखाधड़ी कर अभिभवकों से हजारों रुपये लेकर जमा नहीं करने का केस दर्ज

जिला संवाददाता(vol)

**सीतापुर।** सिधौली पुलिस ने क्षेत्र के एक विद्यालय की तहरीर पर विद्यालय के एकाउंटेंट निशांत मिश्र पर विद्यालय में धोखाधड़ी कर अभिभवकों से हजारों रुपये लेकर जमा नही करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के मनवा स्थित रामेश्वरम इंटरनेशनल एकेडमी के प्रबंधक अखिल शुक्ल ने कोतवाली में एक तहरीर के माध्यम से बताया कि विद्यालय के एकाउंटेंट निशांत मिश्र ने वित्तीय खातों में गबन धोखाधड़ी की जांच में तीस हजार का अंतर पाए जाने पर बीतेवर्ष 28 नवम्बर को मनवा थाना मे प्रार्थना पत्र दिया था ओर पूरे मामले की जांच जारी रखी थी जो बाद में ऑडिट प्रक्रिया में यह राशि बढ़कर 87710 हों गयीं तहरीर में बताया गया कि एकाउंटेंट निशांत मिश्र ने विद्यालय के छात्रों के अभिभावकों से अपने निजी खाते में फीस जमा करवा ली और विद्यालय प्रबंधन को जानकारी नही दी एक अभिभावक से दो बच्चों की 64000 रुपये व एक अन्य अभिभावक से 6800 रुपये अपने मोबाइल पर जमा करवाई जिसकी शिकायती प्रार्थना पत्र सिधौली कोतवाली में बीते 23 दिसम्बर 2024 को दिया गया बताया गया कि इस प्रकार से विद्यालय के वित्तीय गबन की।कुल राशि 87710 व वित्तीय धोखाधड़ी के कुल राशि 71600 है बताया गया कि एकाउंटेंट निशांत मिश्र के पिता मुकेश कुमार ने विद्यालय प्रबंधन से समस्त पैसा जमा करने का वादा किया था लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी पैसा नहीं जमा किया गया तहरीर के आधार पर सिधौली कोतवाली पुलिस ने बीएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है

## अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर।थाना मिश्रित कोतवाली पुलिस टीम के उ0नि0 करतार सिंह.का0 रामब्रज सिंह का0 सुनील कुमार.का परवेज .हो0गा0 गोविन्द प्रसाद द्वारा अभियुक्त उमेश पुत्र पुत्तू निवासी जयरामपुर थाना मिश्रित को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कबजे से एक अदद अवैध देशी बंदूक 12 बोर बरामद हुआ है।

बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना मिश्रित पर मुकदमा अपराध संख्या 68/2025 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर चालान किया गया ।

## तीन घरों की गृहस्थी जली

**सीतापुर।** जनपद के लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के बहिया बहरामपुर गांव में खाना बनाते समय घर में आग लग गई।लपटों की चपेट में आकर दो अन्य घरों की गृहस्थी जल गई।घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार उमादत्त के घर में खाना बनाते समय घर में अचानक आग लग गई।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया फिर दमकल विभाग को मामले की जानकारी दी।दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया।इस दौरान सज्जन, शिवम के घर का घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया और उमादत्त के घर में रखी दो लाख रुपए की नकदी भी जल गई। उन्होंने खेत बेचकर इकट्ठा की थी। गृहस्वामी ने बताया कि आग लगने की सूचना तहसील प्रशासन को भी दी गई थी। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल विचित्र वर्मा ने बताया कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट भेजी जा रही है।

## मारपीट में घायल वृद्ध की मौत

**सीतापुर।** मिश्रिख कोतवाली इलाके के गांव टिपोना में होलिका दहन की रात दबंगों ने वृद्ध को धारदार हथियार से अधमरा कर दिया।जिसकी इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।मालूमी विवाद होने के बाद घटना को अंजाम दिया गया है।पुलिस ने मारपीट के बाद ही केस दर्ज कर लिया था।पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद धाराएं बढ़ाई जाएंगी।गांव टिपोना मजरा बढ़ैया निवासी सीताराम (60) के घर उनके रिश्तेदार आए हुए थे।सीताराम के पुत्र अनिल कुमार के मुताबिक उनके रिश्तेदारों ने अनजाने में पड़ोसी रामसजीवन के घर के बाहर पानी डाल दिया था।

इससे नाराज रामसजीवन उसके पुत्र प्रेमचंद्र, पत्नी सीमा व बेटी मीना पीड़ित के घर पर आकर विवाद करने लगे।मना करने पर दबंग आरोपी धारदार हथियार चाकू, बांका लेकर पीड़ित के घर घुस गए।फिर सीताराम, अनिल और उनकी पत्नी को पीट दिया।इसी बीच सीताराम धारदार हथियार के वार से बुरी तरह से जख्मी हो गए। सीताराम को सीएचसी मिश्रिख लाया गया, जहां से उनको लखनऊ रेफर कर दिया गया।इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।इधर अनिल की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज कर लिया था।इंस्पेक्टर अरविंद सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर दर्ज केस में धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

## छत पर कपड़े सुखाने गई महिला की मौत

**सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है।शिवपुरी गांव की 50 वर्षीय अरुणा देवी की कपड़े सुखाने के दौरान हुई दुर्घटना में मौत हो गई।शनिवार दोपहर को अरुणा देवी छत पर कपड़े सुखाने गई थीं।कपड़े फैलाते समय कपड़ा डालने के लिए बांधा गया केबल का तार अचानक टूट गया।इससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सीसी रोड पर जा गिरीं।गंभीर चोटों के कारण उन्हें तत्काल सिधौली स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया।परिजन उन्हें लखनऊ के किलकारी अस्पताल ले गए।वहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

## मारपीट में चार घायल, तीन का चालान

अयोध्या। शहर क्षेत्र में हुए विवाद में पुलिस ने चार घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया है।इनमें से एक के खिलाफ थाना कैंट और दो के महिला थाना पुलिस ने पाबंदी की कार्रवाई करते हुए शान्ति भंग में चालान किया है।

रविवार की शाम पांच बजे के बाद गाजीपुर जिले के थाना मोहम्मदाबाद स्थित शेरूर निवासी छविनाथ यादव (28) पुत्र राम शंकर यादव का कैंट थाना पुलिस और नगर कोतवाली के टकसाल निवासी मोहम्मद इमरान (40) पुत्र मो. इरफान, रेहान अहमद (36) पुत्र मो. इरफान अहमद तथा मो. इरफान (62) पुत्र स्व. मोहम्मद अहमद का महिला थाना पुलिस ने जिला अस्पताल में मेडिकल और प्राथमिक इलाज कराया है।

प्रकरण में कैंट थाना पुलिस ने छविनाथ यादव और महिला थाना पुलिस ने रेहान अहमद व मो. इमरान का शांति भंग में चालान किया है।

## लोक अदालत के जनक थे बाबू विदयालः विकास

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर क्षेत्र के सारी स्थिति अजयनगर चैराहा पर सामाजिक संस्था उम्मीद किरण सेवा संस्थान की ओर से समाज जागरूकता कार्यक्रम एवं लोक अदालत के जनक बाबू शिव दयाल सिंह चैरसिया की जयंती समारोह मनाया गया।इस अवसर पर अखिल भारतीय चैरसिया महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास कुमार चैरसिया ने कहा कि पूर्व राज्यसभा सदस्य बाबू शिवदयाल सिंह चैरसिया भारत में लोक अदालत के जनक थे उनकी सोच शुरू से ही वंचित समाज को अधिकार दिलाने की थी,वे आजीवन शोषित समाज की लड़ाई लड़ते रहे।उन्होंने कहा कि बाबू शिवदयाल चैरसिया के संघर्षों को देखते हुए उन्हें पिछड़ा वर्ग के सामाजिक,आर्थिक एवं राजनैतिक उत्थान के लिए गठित काका कालेलकर आयोग के सदस्य बनाया गया।

# योगी सरकार बनने के बाद से इलाके में विकास का काम तेजी से बढ़ाः आशा




जिला संवाददाता(vol)

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद से इलाके में विकास का काम तेजी से बढ़ा हैं। लगभग सभी बड़ी परियोजनाओं की स्वीकृति हो चुकी है।कुछ पर काम भी चालू है।तीन साल के कार्यकाल में ही महमूदाबाद नूरपुर पुल, बाईपास का निर्माण, दोनों रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण पर कम चल रहा है। अब महमूदाबाद-लखनऊ मुख्य मार्ग भी चैड़ा होने जा रहा है।यह बात विधायक आशा मौर्य ने महमूदाबाद-लखनऊ मुख्य मार्ग के महमूदाबाद हिस्से में प्रस्तावित चैड़ीकरण और उच्चीकरण कार्य का शिलान्यास करते हुए कही। उन्होंने कहा कि महमूदाबाद में पड़ने वाले करीब तीन किमी हिस्से को साढ़े तरह करोड़ की लागत से चैड़ीकरण और उच्चीकरण किया जाएगा।इसके लिए काम तेजी से शुरू हो गया है।लोगों को राजधानी आवागमन करने में सहायता होगी।इसके साथ ही विधायक ने साढ़े तिरपन लाख से बनने वाले हसनापुर संपर्क मार्ग का भी शिलान्यास किया। उन्होंने नागरिकों को दोनों मार्गों के लिए बधाई दी।इस अवसर पर प्रधान जितेंद्र कुमार, रामू तिवारी, मंडल अध्यक्ष कमलेश राजपूत, अरविंद यादव, अम्ब्रीश वर्मा, गुरूनाम सिंह, दर्शन बाबू, जिला पंचायत सदस्य दुर्विजय सिंह, रवि अवस्थी, जनरैल सिंह, विनोद वर्मा सहित बड़ी संख्या में विभागीय लोग मौजूद रहे।

## श्रीअध्यात्म शक्तिपीठ मुबारकगंज के मुख्य अर्चक को मातृशोक

सेहावल-अयोध्या। श्रीअध्यात्म शक्तिपीठ मुबारकगंज के मुख्य अर्चक व निर्वाहक सुधीर पांडेय की माता तथा वरिष्ठ पत्रकार आनंद मोहन पांडेय की भाभी श्रीमती विंध्यवासिनी देवी का शनिवार की रात लगभग 10 बजकर 35 मिनट पर निधन हो गया। वह लगभग 72 वर्ष की थी। विगत कुछ दिनों से वह अस्वस्थ थीं तथा उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन से गांव तथा परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई।बीते वर्ष उनके पति नरेंद्र देव पांडेय का भी साकेतवास हो गया था। अंतिम संस्कार सोहावल के कलाफरपुर घाट पर किया गया।उनके ज्येष्ठ पुत्र सुधीर पांडेय ने उन्हें मुखाग्नि दी।उनके निधन पर स्थानीय और सुदूर इलाकों के शक्तिपीठ से जुड़े साधकों व श्रद्धालुओं ने दुःख व्यक्त किया व शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। रमाशरण अवस्थी, संजय मालवीय, भाजपा नेता कृष्ण कुमार पांडेय, विधायक डा. अमित सिंह चैहान, सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, सेवानिवृत्त राजकीय आयुर्वेदिक अधिकारी डा0 चंद्र गोपाल पांडेय आदि उपस्तिथ रहे।

संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक की मौत

ललितपुर। जिले के कस्बा जखौरा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। शनिवार की रात को बाइक सवार दो भाई अन्ना जानवरों से टकरा गए। घटना जखौरा राजघाट मार्ग पर ग्राम लागौन के पास हुई। मृतक की पहचान अशोकनगर जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के ग्राम प्राणपुरा निवासी राजेंद्र कुशवाहा के रूप में हुई है। राजेंद्र अपने फुफेरे भाई बद्री कुशवाहा के साथ अपनी बड़ी बहन के घर तालबेहट आया था। शाम साढ़े सात बजे दोनों भाई घर लौटने लगे, बहन और बहनोई ने रात होने के कारण उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। वह तेज रफ्तार के साथ मोबाइक को दौड़ा रहे थे, इसी दौरान सड़क पार कर रहे एक जानवर से मोबाइक टकरा गई। हादसे में राजेंद्र के पेट में जानवर का सींग घुस गया। घायल अवस्था में दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि बद्री घायल है।

# सोलर प्लेट चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

जिला संवाददाता(vol)



ललितपुर। थाना सौजना पुलिस द्वारा थाना पर पंजीकृत चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को बंदी बनाया है। आरोपियों के कब्जे से सोलर प्लेट भी बरामद की गई है। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी थी कि अज्ञात चोरों द्वारा उसके खेत से सोलर प्लेट चोरी कर ली गई है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुये छानबीन शुरू कर दी गयी थी। घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी महरौनी के नेतृत्व में पुलिस टीमों को लगाया गया था।

- तलाशी के दौरान एक मोबाइक भी हुई बरामद

गठित टीमों द्वारा सर्विलांस व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से प्रकाश में आए अभियुक्तगण कमलेश पुत्र छक्कीलाल कुशवाहा उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम रुकवाहा थाना सौजना एवं राजेश पुत्र स्व0 पर्वतलाल कुशवाहा उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम रुकवाहा थाना सौजना जनपद ललितपुर को रविवार को पुलिया लहरन तिराहे से करीब 50 कदम दूरी पर ग्राम लहरन थाना सौजना से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साईकिल टीवीएस स्पोर्ट व चोरी की गयी 01 अदद सोलर प्लेट बरामद किया गया। पकड़े गये आरोपियों ने बताया कि सोलर पैनल प्लेट हम दोनों लोगों ने ग्राम सौजना मे श्रीपाल ठाकुर के खेत मे लगे सोलर पैनल ट्यूबेल से चोरी कर ली थी और इसे हम दोनो ने अपने जानवरों के बाडे मे छिपा कर रख दिया था। आज हम लोगों को पैसे की जरूरत थी इसलिये इसे बेचने के लिये जा रहे थे। दिन में लोग हम देख लेते इस लिये हम दोनो रात मे अपनी मोटर साईकिल में रखकर ले जा रहे थे कि पुलिस ने हमें पकड लिया।

## कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के पठान टोलिया परिक्रमा मार्ग पर वर्षों की भांति इस वर्ष भी अमानीगंज वार्ड के पूर्व पार्षद राम अजोर यादव के पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर इस वर्ष भी कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया इस दंगल का उद्घाटन अवधेश प्रसाद, पूर्व राज्य मंत्री तेज नारायण पांडे, सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने किया।

निगम पहलवान जौनपुर, और अन्य पहलवानो ने भाग लिया। पहलवानों ने तरह-तरह के दाँव दिखाकर कुश्ती लड़ी। पूर्व पार्षद व कुश्ती दंगल के आयोजक राम अजोर यादव ने बताया कि यह कुश्ती दंगल का आयोजन पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है अमानीगंज और बहादुरगंज वार्ड के सहयोगियों के सहयोग से कराया जा रहा है। दंगल में देश और प्रदेश के नामी ग्रामीण पहलवान कुश्ती मे भाग लेते है। कुश्ती में सबसे बड़ा जो पुरस्कार होता है वह 21 हजार का इनाम का है।

## रोटी बैंक सोसायटी ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े, जूते



बांदा। रोटी बैंक सोसायटी ने रविवार को बड़ोखर खुर्द ब्लाक की ग्राम पंचायत पथरी व पहितारा में गरीबों और जरूरतमंदों को कपड़े, जूते वितरित किए। सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौलि भारद्वाज के संरक्षण अध्यक्ष रिजवान अली, सदस्य महेन्द्र पाल के नेतृत्व में ग्राम प्रधान विनय कुमार प्रजापति की उपस्थिति में शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों ने कपड़ा वितरण कार्यक्रम में शिरकत की। रोटी बैंक सोसायटी की महिला टीम उपाध्यक्ष तरन्नुम फातमा ने लोगों को नशे से दूर रहने और उनके कानूनी अधिकार के प्रति जागरूक किया। असहायों और जरूरतमंदों ने कपड़े, जूते, चप्पल पाकर बेहद प्रशन्नता जताई और सभी ने रोटी बैंक सोसायटी को आशीर्वाद दिया। वितरण कार्यक्रम में मुईनुद्दीन फारूकी उपाध्यक्ष, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, मोहम्मद सलीम, सचिव मोहम्मद इदरीस, सहाना खान, राजकिशोर के अलावा सोसायटी के सदस्यों और समाजसेवियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। बताते चलें कि बीते वर्षों से रोटी बैंक सोसायटी प्रत्येक रविवार को ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की मलिन बस्तियों में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, किताबें, जूते, चप्पल आदि जरूरी सामान वितरित कर रही है।

# शिकवों गिलों को भूलकर दिलों को मिलायें हम, प्यार के रंग में रंगे रंगों से नहायें हम

ललितपुर। होली पर्व पर कवियों ने अपना कवि सम्मेलन किया। जिसमें एक से बढ़कर एक रचनाएं गाते हुये प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्था के अध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा एड. किशन ने अपनी रचना रखते हुये पढ़ा-दुश्मनी दोस्ती में बदल जाएगी चुटकी भर गुलाल लगाकर तो देखो कहा। इसी क्रम में महिला शक्ति की ओर से कवियत्री सुमनलता शर्मा चांदनी ने खूबसूरत

- होली पर्व पर कवियों ने पेशकीं रचनाएं

गीत पढ़ते हुये कहा कि होली की दुल्हन का कैसा अजब श्रृंगार है होठों से शबनम न टपके नैना है तीखे कटारा। रामस्वरूप नामदेव अनुरागी ने होली पर गीत पेश करते हुए कहा शिकवों गिलो को भूलकर दिलों को मिलाए हम प्यार के रंग में रंगे रंगों से नहाए हम।

राधेश्याम ताम्रकार ने अपते दोस्त को याद करते हुए कहा अवके बरस भी भूल न जाना जी न जालना होली में चाहे जहां है चाहे कहीं हो लौट के आना होली में। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए अशोक क्रांतिकारी ने खूबसूरत गीत पेश किया केवल दो गीत लिखे हैं मैंने एक गीत तुम्हारे बचपन का एक गीत तुम्हारे यौवन का। डा.खेमचंद्र कबीर ने रंग में भंग पीकर कहा होली के त्यौहार में पीली हमने भंग गुलाबी चेहरे देखकर रह गए सारे दंग। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे काका ललितपुरी ने कहा राधा के संग कन्हैया फिरे गुलाल लाए छांव कदम की। रंगों का त्यौहार होली कौमी एकता की प्रतीक साहित्यिक संस्था हिंदी उर्दू अदवी केतत्वाधान में पूर्व सीएमओ खेमचंद वर्मा के मुख्य अतिथि में एवं वरिष्ठ कवि काका ललितपुरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कवि सम्मेलन के आयोजन में होली के रंग कवियों के संग कार्यक्रम में एक दूसरे परसूखा रंग गुलाल उड़ाया और श्रोताओं को सरोबर किया। कार्यक्रम में परिचय नामदेव, राजाराम खटीक, अंशु, रोहित कुशवाहा, मनीष, त्रिवेणी देवी, मीरा, माही, अर्चना गौतम सहित अनेकों नागरिक उपस्थित रहे। संयोजक रामप्रकाश शर्मा ने सभी का आभार जताया।

# भाजपा के जिलाध्यक्ष बने हरिश्चंद्र रावत

ललितपुर। आखिरकार भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने काफी गहन चिंतन उपरांत रविवार को ललितपुर का जिलाध्यक्ष घोषित कर दिया है। केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व को 57 दावेदारों ने अपना नाम भेजा था, जिनमें से तालबेहट निवासी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिश्चंद्र रावत पर केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने भरोसा एवं राजनैतिक समीकरण बैठाते हुये उनकी घोषणा कर दी। घोषणा उपरांत हरिश्चंद्र रावत के समर्थकों सहित भाजपाईयों

- भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा होते ही फूलमालाओं से लद गये रावत
- समस्त पदों के लिए योग्यकार्यकर्ताओं को देंगे मौका: रावत





में जोश की लहर व्याप्त हो गईं। रविवार को नेशनल हाइवे स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर नये जिलाध्यक्ष की घोषणा के लिए प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री रामकेश निषाद, श्रम एवं सेवा योजना राज्यमंत्री एवं महरौनी से विधायक मनोहर लाल मन्नू कोरी, जिला चुनाव अधिकारी रामचंद्र मिश्रा मौजूद रहे। कार्यालय पर जिला चुनाव अधिकारी रामचन्द्र मिश्रा ने प्रदेश चुनाव प्रभारी डा महेंद्र नाथ पाण्डेय के द्वारा मनोनयन पर ललितपुर के जिला अध्यक्ष के रूप में हरिश्चंद्र रावत की घोषणा की। ज्ञातव्य हो कि हरिश्चंद्र रावत सन्छियानवे से भाजपा से जुड़े रहे और वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष थे। जिला चुनाव अधिकारी द्वारा उनके अध्यक्ष बनने की घोषणा करते ही सभी कार्यकताओं ने फूलमालाओं, रंग, गुलाल के साथ करतल धुन से उनका स्वागत किया।इस अवसर पर नव मनोनीत जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व का आभारी हूं जिसने मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता पर विश्वास कर अध्यक्ष जैसा दायित्व सोंपा और में भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व को विश्वास दिलाता हूं कि मैं उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करुंगा। उन्होंने कहा कि उनका निवास ललितपुर में भी है और वे नियमित रूप से प्रतिदिन भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर उपस्थित रह कर प्रत्येक कार्यकर्ता से सम्बाद कर संगठन का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके सामने कुछ माह बाद पंचायत चुनाव आने बाले हैं और उनका प्रयास होगा कि समस्त पदों हेतु योग्य कार्यकताओं को मौका देंगे और यह चुनाव शत प्रतिशत भाजपा के पक्ष में करने की कोशिश करेंगे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन, बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी, निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चैबे, पूर्व अध्यक्ष हरीराम निरंजन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, जिला महामंत्री गण महेश श्रीवास्तव भैया, बंशीधर श्रीवास, क्षेत्रीय सदस्य धर्मेन्द्र गोस्वामी, तालबेहट नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार मोंटी, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, बसंती लारिया, किरण सैन, लक्ष्मी रावत, चन्द्रशेखर पंथ, अरविंद कौशिक, विनोद अगरिया, दिनेश गोस्वामी एड,, अनुपम चैबे, पार्थ चैबे पूर्व नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, डा दीपक चैबे, सुरेश कोंते, सुरेश टोंटे, दीपक पाराशर, डा तेजस्व श्रीवास्तव, रुपेश साहू, अमित तिवारी किंजल्क हुड्डैत सहित अनेकों भाजपाई नेता एवं पार्टी पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने की घटतोली की शिकायत, राशन डीलर व उसके पुत्र पर मुकदमा दर्ज

धामपुर, बिजनौर। ग्रामीणों की शिकायत सही पाए जाने पर पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने नहटौर थाने में राशन डीलर गुड्डी देवी व उसके पुत्र नितीश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमे दर्ज के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना नहटौर क्षेत्र के ग्राम पंचायत साहनपुर नवादा के ग्राम प्रधान अजीजुद्दीन, महमूद, सद्दाम हुसैन, मकसूद, कमर जहां आदि ने जिला पूर्ति अधिकारी बिजनौर को शिकायती पत्र देकर राशन डीलर गुड्डी देवी व उसके पुत्र नितीश कुमार पर कम राशन देने, ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगवाने के बाद राशन न देना, राशन मांगने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू होने आदि आरोप लगाए थे। जिला पूर्ति अधिकारी ने जांच धामपुर पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार वर्मा को सौंपी थी। धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने गांव में पहुंचकर लगभग पांच दर्जन लोगों के लिखित बयान दर्ज किए। राशन डीलर पर लगाए गए सभी आरोप जांच के दौरान सही पाये गए। पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने जांच के लिए खाद्यान उपलब्धता व स्टॉक रजिस्टर की जानकारी की तो राशन डीलर गुड्डी ने स्टॉक रजिस्टर न होने तथा स्टोर की चाबी पुत्र के पास होने की बात बताई। पूर्ति निरीक्षक ने रिपोर्ट जिला पूर्ति अधिकारी को प्रेषित की। जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने नहटौर थाने पहुंचकर राशन डीलर व उसके पुत्र के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

# जिला कारागार में बहनों ने किया भाइयों का तिलक





ललितपुर। बुन्देलखण्ड में होली पर्व के दूसरे दिन भाईदूज का पर्व प्रमुखता से मनाया जाता है। इसे यम द्वितीया भी कहा जाता है। इस दिन बहनें अपने भाईयों को तिलक करते हुये उनकी लम्बी आयु की प्रार्थना करती हैं। जनपद भी में सुबह से ही भाईदूज के पर्व को मनाया गया। बहनों ने अपने कार्यों से निवृत्त होकर पूजा उपरांत भाईयों का तिलक करते हुये उनको आशीष दिया। वहीं भाईयों ने भी उन्हें उपहार देते हुये अपना प्यार दिया। जिला कारागार में निरूद्ध 62 भाईयों को उनकी बहनों ने जिला कारागार में जाकर उनका टीका किया एवं लम्बी उम्र की कामना की।

## चित्रगुप्त मंदिर में भईयादूज पूजन, हवन



बांदा। कायस्थ सभा ने शहर के कटरा स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में भईयादूज पूजन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। दूज पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव ने चित्रगुप्त भगवान की पूजा-अर्चना कर किया। इसके पश्चात विधि विधान से हवन हुआ। रविवार को चित्रगुप्त मंदिर में पूजन के पश्चात चित्रांश बंधु महेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण स्थित चित्रगुप्त मंदिर पहुंचे यहां मंत्री पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष कार्तिकेय निगम, कोषाध्यक्ष इंद्र कुमार श्रीवास्तव और उत्तम सक्सेना ने भगवान चित्रगुप्त का पूजन एवं आरती की। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के बृजेश त्रिपाठी और उनकी टीम ने विधिवत हवन कराया। इस दौरान संरक्षक हृदयेश कुमार निगम, अशाक कुमार श्रीवास्तव, सुरेन्द्र कुमार निगम, अनुरूद्ध निगम, मुकेश श्रीवास्तव, आशुतोष खरे, अशोक निगम, कुलदीप श्रीवास्तव, प्रेम किशोर श्रीवास्तव, शिवशंकर निगम, उत्तम सक्सेना, अरूण कुमार श्रीवास्तव के अलावा बड़ी संख्या में चित्रगुप्त परिवार के लोग मौजूद रहे।

# भाजपा ने सौंपी कल्लू राजपूत को जिलाध्यक्ष की कमान



बांदा। भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए 94 दावेदारों में हाई कमान ने पिछड़ा वर्ग को तर्जीह देते हुए जिला महामंत्री रहे कल्लू सिंह राजपूत को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी की इस संगठनात्मक ताकत को बढ़ाने और चुनाव में पार्टी समर्थकों और कार्यकताओं को एकजुट करने के लिए भाजपा ने यह निर्णय लिया है। रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में हुई बैठक में जिला चुनाव अधिकारी बाल्मीकि तिवारी ने जैसे ही जिलाध्यक्ष पद पर कल्लू सिंह राजपूत की घोषणा की बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकताओं ने भाजपा जिंदाबाद, भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोषों के बीच फूल मालाओं से लाद दिया। कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए। खचाखच भरे सभागार में जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि वर्ष 2045 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने, दासता से मुक्ति तथा विरासत पर गर्व प्रमुख उद्देश्यों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिन रात काम कर रहे हैं कहा कि राष्ट्र को उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए अपना सुख त्यागना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी बाल्मीकि तिवारी ने कहा कि भाजपा एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ और स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए निरंतर सक्रिय है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि भाजपा संविधान में निहित मूल्यों तथा सिद्धांतों के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आधारित राज्य को अपना आधार मानती है। इस दौरान नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक त्रिपाठी जीतू, राजेश द्विवेदी, अखिलेश श्रीवास्तव, पूर्व विधायक राजकरण कबीर, महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता, चेयरमैन मालती बासू, आशुतोष तिवारी, अखिलेश नाथ दीक्षित, ममता मिश्रा, मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, निखिल सक्सेना, उत्तम सक्सेना, संतू गुप्ता, मुदित शर्मा, मटौंध चेयरमैन सुधीर सिंह व बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांतीय महामंत्री की सड़क हादसे में मौत से शोक की लहर



बिजनौर। भाजपा नेता के बड़े भाई वैभव त्यागी भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांतीय पदाधिकारी की गाजियाबाद जाते समय बिजनौर में सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। शव का पीएम होने के बाद शव नगीना पहुंचने पर उनके अंतिम दर्शन करने के लिए लोगो की भीड लग गई।

नगीना की फ्रेंडस कॉलोनी निवासी भाजपा नेता अनुभव त्यागी के बड़े भाई वैभव कुमार त्यागी पुत्र स्व0 भोपाल सिंह त्यागी जो भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांतीय महामंत्री युवा भी थे। रविवार की सुबह को अपने घर से किराये की गाड़ी से गाजियाबाद जा रहे थे। जब वह बिजनौर के पास ग्राम पैदा के पास पहुंचे तभी अचानक डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वैभव त्यागी की मौके पर ही मौत हो गई उनकी मौत की खबर सुनते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया तथा संगठन के पदाधिकारी और कार्यकताओं तथा मिलने वालों में शोक की लहर दौड़ गई।

पोस्टमार्टम होने के बाद उनका शव उनके पैतृक निवास पहुंचने पर उनके मिलने वालों लोगो का तांता लग गया। घटना की सूचना मिलते ही भारत तिब्बत सहयोग मंच की गाजियाबाद बैठक समाप्त कर डॉ संदीप चैधरी प्रांतीय अध्यक्ष, कपिल त्यागी, गोपाल सूदन, अभिषेक प्रधान, कुँवर दीप देशवाल, अरविंद गहलोत, आलोक चैधरी, चेयरपर्सन पुत्र शाहराज खलील, शेख शददन, संजय वर्मा, पत्रकार मुकेश त्यागी, विकास अग्रवाल, शिव शंकर सकसेना, सौरभ मित्तल, प्रधानाचार्य यशवीर सिंह, इमरान अंसारी, सचिन विश्नोई, सलीम शेख सहित सैकड़ों लोग शव यात्रा में मौजूद रहे।

## अलग-अलग सडक हादसों में कई लोग घायल, दो की हालत नाजुक

बिजनौर। होली पर जनपद में तीन अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में 6 लोग घायल हो गए। घटना में दो लोगो की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार पहली दुर्घटना मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर के हरीश और उसका भाई शिवम बाइक से जा रहे थे। मंडावली के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना में दोनों भाईयों को गंभीर चोटें आईं। घायलों को नजीबाबाद के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी दुर्घटना नूरपुर रोड पर ग्राम खासपुरा निवासी सोनू सिंह और जिप्सी सिंह नूरपुर से अपने घर गांव लौट रहे थे। गांव के निकट स्थित पेट्रोल पंप के निकट उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जबकि तीसरी घटना थाना नांगल के ग्राम हरचंदपुर की बताई जा रही है जहां एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों की बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। इस हादसे में दाऊदपुर निवासी अमित और अंतरिक्ष घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया

# सिद्ध बाबा की मढ़िया पर आने वाला फोड़ों- फुंसियों से पाता है निजात

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। ललितपुर नगर से 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सैकड़ों साल पुरानी सिद्धबाबा की मढ़िया जनपद सहित समीपवर्ती मध्यप्रदेश के क्षेत्रों तक अपनी सिद्धता के साथ प्रसिद्ध है। यहां के संबंध में अनेकों क्विदंतियां प्रचलित हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां पर अगर किसी भी प्रकार के फोड़ा फुंसी वाला आता है, जो उपचार के

- रंगपंचमी के लिये विख्यात है राखपंचमपुर मेला
- सिद्ध क्षेत्र के सम्बन्ध में अनेकों क्विदंतियां हैं प्रचलित
- मेला के दौरान स्टेशन न होने के बावजूद भी रूकती हैं ट्रेनें

बावजूद भी ठीक नहीं हो रहा है, और वह यहां आकर सिद्ध बाबा की मढ़िया की राख लगाता है, तो उसे निश्चित ही लाभ होता है।

विकास खण्ड जखौरा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम राखपंचमपुर में होली पर्व की रंगपंचमी पर श्रीश्री 1008 श्री सिद्ध बाबा मन्दिर पर भव्य मेला लगता है। यहां का मेला बुन्देलखण्ड सहित आसपास के जिलों में प्रसिद्ध है। मेला में हर साल लाखो श्रद्धालु सिद्ध बाबा मन्दिर पर दर्शन करने के पहुंचते है और अपनी हाजिरी दर्ज कराते है। यह मेला सिद्ध बाबा के चमत्कारों के लिये भी जाना जाता है।

सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति (राख) फोड़ा फुन्सी पर लगाने से ठीक हो जाती है और पवित्र भभूति (राख) को अपने शरीर पर लगाने से कई असाध्य रोग वाले मरीजों को आराम मिलता है। यह मेला 19 मार्च से शुरू होगा। होली की रंगपंचमी पर लगने वाले राखपंचमपुर मेला की प्रसिद्धि निरंतर बढ़ती ही जा रही है। इसे वार्षिक कैलेण्डर में स्थान दिया जाता है। सिद्ध बाबा का मन्दिर आस्था का केन्द्र बनता जा रहा है। यहां फोड़ा और फुन्सी से लेकर लाइलाज बीमारी सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति (राख) लगाने से ठीक होती है। सिद्ध बाबा मन्दिर का चमत्कार ग्रामवासियों व बाहर से आये हुये श्रद्धालुओं के मुंह से सुने जा सकते है।

लोगो का कहना है कि जब चिकित्सक उपचार करने से मनाही कर देते है तो सिद्ध बाबा ऐसे मरीजों की मदद करते है। राखपंचमपुर मेला लगने के दौरान यहां आसपास से निकली रेलपटरियों पर प्रत्येक ट्रेन को रोका जाता है।

मान्यता है कि एक बार रंगपंचमी के दिन एक ट्रेन दोपहर के समय यहां से गुजर रही थी, जैसे ही सिद्ध बाबा मन्दिर के सामने ट्रेन का इन्जन आया और वह बन्द हो गया, जिससे ट्रेन खड़ी रही ट्रेन की जांच करने के लिये झांसी से इंजीनियर को बुलवाया गया इसके बावजूद भी इन्जन ठीक नहीं हुआ, तब किसी राहगीर ने बताया कि आज रंग पंचमी है और पास में ही सिद्ध बाबा मंदिर पर सिद्ध बाबा का मेला लगा हुआ है, अगर आप सिद्ध बाबा मंदिर पर सिद्ध बाबा के दर्शन करने जायेगे तो शायद यह ठीक हो जाये और हुआ भी ऐसा ही जब ट्रेन का ड्राइवर सिद्ध बाबा मंदिर पर आया और सिद्ध बाबा के दर्शन किये फिर जाकर ट्रेन का इन्जन स्टार्ट किया, तो वह चालू हो गया तब से परम्परा चली आ रही है कि रंगपंचमी के दिन यहां प्रत्येक ट्रेन को रोका जाता है। सिद्ध बाबा के दर्शन करने के लिये वैसे तो साल भर श्रद्धालुओं का ताता लगा रहता है लेकिन रंगपंचमी के दिन सिद्ध बाबा मंदिर पर लाखों श्रद्धालुओं का इतना सैलाव उमड़ता है कि व्यवस्थायें भी कम पड़ जाती है ललितपुर शहर से राखपंचमपुर सिद्ध बाबा मन्दिर लगभग अठारह किलोमीटर दूरी पर है। मुख्य पुजारी ने बताया कि छै पीडि ?ों लगभग तीन सौ बाबन वर्ष से यहां मेले का आयोजन किया जा रहा है।

यह मेला सिद्ध बाबा के चमत्कारों के लिये जाना जाता है। लोगों में मान्यता है कि यहां पर कोई भी रोगी फोड़ा, फुन्सी, कैन्सर बड़ी से बड़ी बीमारी व ऐसे रोग जो असाध्य हो गये है। उपचार लेने के बाद रोगी ठीक नहीं हो रहे है। ऐसे रोगी सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति (राख) लगाने से ठीक हो जाते है।

लगभग चालीस साल से सिद्ध बाबा की सेवा में लगे हुये है। मन्दिर पर आने वाले श्रद्धालु अपनी समस्या बताते है तो हम उन्हें नीम के झोरे से झाड़कर उनके शरीर पर पवित्र भभूति (राख) का लेपन कर देते है, जिससे श्रद्धालुओं को आराम मिल जाता है। फिर श्रद्धालु रंगपंचमी के दिन सिद्ध बाबा मन्दिर पर आकर सीदा, प्रसाद चढ़ाते है। यह स्थान ललितपुर शहर से लगभग अठारह किलोमीटर दूरी पर है।

## साफी से गला घोंटने वाला हत्यारोपी गिरफ्तार

बांदा। थाना बिसंडा पुलिस ने साफी से गला दबाकर हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बीते 14 मार्च की रात्रि में थाना बिसंडा क्षेत्र के सिकलोढ़ी गांव में अभिलाष उर्फ चुनुबाद का शव मिला था। इस संबंध में मृतक के भाई संतोष सिंह ने गांव के ही देवचरन उर्फ सूरजा पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। थाना बिसंडा में रिपोर्ट दर्ज होने के पश्चात एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास बिसंडा पुलिस कर रही थी। इसी के चलते रविवार को पुलिस ने आरोपी देवचरन यादव उर्फ सूरजा पुत्र दुर्विजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

पूंछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसके पिता ने मृतक अभिलाष के पिता से दो वर्ष पूर्व 5 बीघा खेत बटाई पर लिया था। जिससे उनका गुजारा चल रहा था।

एक वर्ष बाद मृतक के परिजनों ने आरोपी के ऊपर फसल में घपला करने का आरोप लगाकर खेत दूसरे व्यक्ति को दे दिया था। इसी बात को लेकर आरोपी देवचरन व अभिलाष के बीच विवाद भी हुआ था और इसी को लेकर आरोपी रंजिश मानता था।

हालिका दहन के दिन आरोपी अभिलाष होलिका दहन देखने के लिए साथ ले गया था। गांव के अन्य लोगों के साथ पंचायत भवन में शराब पी गयी थी। इसी दौरान बटाई को लेकर विवाद हुआ जिसे लोगों ने शांत करा दिया।

इसके बाद वापस घर जाते समय मृतक आरोपी की बहन के बारे में अपशब्द कहने लगा जिससे उसने थप्पड़ मारा और वह खंभे से टकरा कर गिर गया और आरोपी ने उसके ऊपर चढ़कर मुह दबाकर साफी से गला दबाकर हत्या कर दी।

## गुलदार के 2 शावक गन्ने के खेत में मिलने से किसानों में दहशत का माहौल



बिजनौर। गन्ने के खेत में गुलदार के दो शावक मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। किसानों ने शावक होने की सूचना वन विभाग की दी। गुलदार के शावक मिलने से किसानों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मादा गुलदार को पकड़वाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार चांदपुर क्षेत्र के गांव चुखेड़ी के जंगल में किसान अशोक कुमार पुत्र मलखान के खेत में बीते दिन गन्ना काटने के दौरान गुलदार के दो शावक मिले। दोनो शावको के देखने के लिए ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। वन विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगल में पिंजरा व दो ट्रैप कैमरे लगा दिया है। गन्ने के खेत में शावकों के मिलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि शावकों के आस-पास गुलदार के माता-पिता मौजूद हो सकते हैं, जो बच्चों और पशुओं के लिए खतरा बन सकते हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए की मांग की है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी दुष्यंत सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना मिली थी कि गांव के जंगल में दो शावक मिले हैं। शावक की मां को पकड़ने के लिए पिंजरा व दो ट्रैप कैमरे लगा दिया गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम निवउआ निवासी अनन्दी पुत्र मनसुख अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 35 वर्षीय पुत्र विगत 14 मार्च को अपराह्न 12 बजे अपने घर से निवउआ आ रहा था। तभी ललितपुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# महंगाई से बड़ी राहत

महंगाई के मोर्चे पर देश को बड़ी राहत मिली है। देश में अब महंगाई की दर आरबीआई के निर्धारित लक्ष्य के दायरे में है जिससे ब्याज दरों में एक बार फिर से कटौती की संभावना बनी है। मुद्रास्फीति की दर घटने से अब आरबीआई को विकास फोकस बढ़ाने का मौका भी मिलेगा। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर सरकार और देश के लिए भी बड़ी राहत है। बीते दिनों जारी आंकड़ों के मुताबिक फरवरी में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.61 फीसदी पर आ गई है। सब्जियों एवं प्रोटीन-वाले प्रोडक्ट्स की कीमतों में नरमी का असर खुदरा महंगाई पर देखने को मिला है। दूसरी ओर इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन में बढ़ोतरी हुई है। जनवरी में देश के औद्योगिक उत्पादन में 5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। मैन्यूफैक्चरिंग के अच्छे प्रदर्शन का असर भी इंडस्ट्री की ग्रोथ पर दिखाई दिया। बहरहाल आपूर्ति में सुधार के कारण महंगाई में नरमी दिखने को मिल रही है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है क्योंकि महंगाई की दर घटने से आरबीआई के पास ब्याज दरों में कटौती करके विकास पर फोकस बढ़ाने का अवसर रहता है और फिलहाल आर्थिक प्रगति को तेज करने के लिए इसकी जरूरत भी महसूस की जा रही है। सब्जियों एवं प्रोटीन-युक्त उत्पादों की कीमतों में वृद्धि की दर घटने से फरवरी में खुदरा मुद्रास्फीति सालाना आधार पर घटकर



3.61 फीसदी पर दर्ज की गयी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने फरवरी महीने के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी किए। खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में 4.26 फीसदी के स्तर पर थी, जबकि फरवरी, 2024 में यह 5.09 फीसदी थी। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी, 2025 के लिए सालाना आधार पर खाद्य मुद्रास्फीति दर 3.75 प्रतिशत रही है। एनएसओ ने कहा, जनवरी की तुलना में फरवरी, 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति में 2.22 फीसदी की बड़ी गिरावट देखी गई है और यह सालाना आधार पर बड़ी गिरावट है। फरवरी में खाद्य मुद्रास्फीति मई, 2023 के बाद सबसे कम है। एनएसओ ने कहा कि फरवरी के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, अंडे, मांस और मछली, दालों और इसके उत्पादों और दूध और उसके उत्पादों की महंगाई में गिरावट के कारण हुई है। खुदरा महंगाई दर में आई इस गिरावट से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लिए अगले महीने होने वाली मौद्रिक समीक्षा के दौरान प्रमुख नीतिगत दरों में लगातार दूसरी बार कटौती की गुंजाइश बन गई है। आरबीआई ने मुद्रास्फीति के मोर्चे पर चिंताएं कम करने के लिए फरवरी में नीतिगत ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती करने का फैसला किया था। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की अगली समीक्षा बैठक अप्रैल की शुरूआत में प्रस्तावित है। सरकार ने आरबीआई को खुदरा महंगाई दर 2 फीसदी की घट-बढ़ के साथ 4 फीसदी के भीतर रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। आरबीआई अपनी मौद्रिक दरों का फैसला करते समय खुदरा मुद्रास्फीति पर विशेष ध्यान देता है। एनएसओ के आंकड़ों में अर्थव्यवस्था के लिए कई गुलाबी संकेत भी हैं। विनिर्माण सेक्टर के अच्छे प्रदर्शन से देश के औद्योगिक उत्पादन में इस साल जनवरी में 5 फीसदी की वृद्धि हुई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन जनवरी, 2024 में 4.2 फीसदी बढ़ा था। बीते बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सरकार ने दिसंबर, 2024 में 3.2 प्रतिशत वृद्धि के अस्थायी अनुमान को संशोधित भी किया है। इसे अब संशोधित कर 3.5 फीसदी कर दिया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2025 में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र का उत्पादन 5.5 फीसदी बढ़ा, जो एक साल पहले इसी महीने में 3.6 फीसदी बढ़ा था। खनन उत्पादन में वृद्धि घटकर 4.4 फीसदी रही जो एक साल पहले इसी महीने में छह प्रतिशत थी। बिजली उत्पादन में वृद्धि जनवरी, 2025 में धीमी होकर 2.4 फीसदी रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.6 फीसदी थी। कुल मिलाकर इन मिले-जुले संकेतों के बीच एक बात स्पष्ट है कि महंगाई दर लगातार गिर रही है और यह मौका ऐसा है जब आरबीआई ब्याज दरों में कटौती कर लोगों को बड़ी राहत दे सकता है।

## विचार

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश– यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

– वृन्द.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

–चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

– मेंगून.

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

# चौतरफा संघर्ष में घिरता जा रहा पाकिस्तान



मनोज बाजपेयी

जफर एक्सप्रेस ट्रेन के अपहरण और उसके बाद कई बड़े हमलों ने पाकिस्तानी हुकूमत और फौज की कमजोरियों को बेनकाब कर दिया है। कुल मिलाकर पाकिस्तान गृहयुद्ध में है और देर-सबेर इस संघर्ष में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ेगा और दुनिया के नक्शे पर एक और स्वतंत्र देश 'बलूचिस्तान' का उदय होगा।



पाकिस्तान एक बार फिर अपने विभाजन के इतिहास को दोहराने के कगार पर खड़ा है। जिन्ना का मुल्क चौतरफा संघर्ष का सामना कर रहा है और उसके चार प्रांतों में से तीन खैबरपख्तूनखवा, सिंध और बलूचिस्तान आज पाकिस्तान से अलग होना चाहते हैं। बलोच राष्ट्रवादियों का संघर्ष तो अगले चरण तक पहुंच गया है। बलोच राष्ट्रवाद, संस्कृति और समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली बलोच लिबरेशन आर्मी अर्थात बीएलए ने पाकिस्तान के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष छेड़ दिया है। बलूचिस्तान में विद्रोही लड़ाकों ने बीते दिनों जाफर एक्सप्रेस ट्रेन का जिस तरह अपहरण किया, सैकड़ों बंधक लोगों को बंधक बनाया और 30 से ज्यादा पाकिस्तानी फौजियों की हत्या कर दी, यकीनन यह घटना पाकिस्तान के अस्तित्व और हुकूमत के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। यह मुल्क पर युद्ध थोप देने सरीखी घटना है। बलूचिस्तान में यह लड़ाई दशकों से लड़ी जा रही है। बलूचिस्तान पाकिस्तान से आजादी चाहता है, जबकि पाकिस्तान ने 1948 में फौज के हमले के जरिए उसे जबरन अपना हिस्सा बनाया था।

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों को पाकिस्तान के अलावा ब्रिटेन और अमरीका जैसे देश भी 'आतंकवादी' करार देते हैं, लेकिन भारत उन्हें 'विद्रोही' या 'क्रांतिकारी' मानता रहा है। पाकिस्तान की संसद में मौलाना फजलुर रहमान ने कुछ समय पहले कहा था कि बलूचिस्तान में 5-7 जिले ऐसे हैं, जो कभी भी पाकिस्तान से अलग होकर खुद को आजाद मुल्क घोषित कर सकते हैं। बलूच और खैबर पख्तूनख्वा तो पाकिस्तान से कभी भी आजाद हो सकते हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का मानना है कि एक दिन ऐसा भी आएगा, जब पाकिस्तान अपने पंजाब प्रांत तक ही सिमट कर रह जायेगा। यही नहीं, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में भी हुकूमत और फौज के खिलाफ जन-आंदोलन छिड़ा हुआ है। पीओके के बाशिंदे भारत के जम्मू-कश्मीर के साथ जुड़ना चाहते हैं ताकि वह भारत जैसे महान राष्ट्र के नागरिक बनकर अपना और अपने बच्चों का भविष्य शांति और समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ा सकें। दरअसल पाकिस्तान ने सबको ठगा है। आज का बांग्लादेश और 16 दिसम्बर 1972 से पहले का पूर्वी पाकिस्तान जब पाकिस्तान के साथ था तब पाकिस्तान अपने ही देश के हिस्से अर्थात पूर्वी पाकिस्तान का शोषण और उत्पीड़न करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। पाकिस्तान के शोषण और उत्पीड़न से तंग आकर ही बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी ने पाकिस्तान से अलग होने के लिए संघर्ष छेड़ा और इस संघर्ष में लाखों लोगों ने शहादत दी। पाकिस्तानी सेना ने अपने बूटों से बांग्लादेश के क्रांतिकारियों को कुचलने की भरपूर और नृशंस कोशिशें कीं, लाखों महिलाओं के साथ बलात्कार किया, लाखों बांग्लादेशियों को मौत के घाट उतार दिया लेकिन फिर भी पाकिस्तान क्रांति को दबा नहीं पाया और अंततः युद्ध में भारत के साथ हारकर स्वतंत्र बांग्लादेश को स्वीकार करना पड़ा। इस तरह पाकिस्तान के दो टुकड़े हो गये थे। अब एक बार फिर पाकिस्तान उसी मुहाने पर आकर खड़ा हो गया है।

**विमर्श**

पाकिस्तान के शोषण, उत्पीड़न और पाकिस्तानी सेना के द्वारा बलोच राष्ट्रवादियों के कत्लेआम, उन्हें घरों से उठाकर मार डालने की नृशंस घटनाओं से तंग आगर पाकिस्तान के खिलाफ बीएलए ने सशस्त्र संषर्घ छेड़ दिया है। दरअसल बलोच राष्ट्रवादियों ने कभी भी अपने ऊपर पाकिस्तान के अस्तित्व को स्वीकार नहीं किया। बलूचिस्तान का इतिहास और अतीत बेहद दिलचस्प है। बलूचिस्तान भी भारत की 565 रियासतों में से एक था। 1947 में भारत-विभाजन के समय उसे दो विकल्प दिए गए थे। वह भारत या पाकिस्तान किसी का भी हिस्सा बन सकता था। लेकिन बलूचिस्तान ने आजाद मुल्क रहना तय किया। विभाजन के बाद परिस्थितियां इतनी तेजी से बदलीं कि मार्च, 1948 में बलूचिस्तान ने भारत में विलय का प्रस्ताव भेजा। तत्कालीन रक्षा मंत्री वीके कृष्णा मेनन ने आकाशवाणी पर बाकायदा यह घोषणा की, लेकिन प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इस पर तत्कालीन उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार पटेल इतना नाराज हुए कि उन्होंने घोषणा कर दी कि बलूचिस्तान का कोई भी प्रस्ताव नहीं मिला है। उस समय अगर भारत ने ब्लूचिस्तान का साथ दिया होता, तो आज ब्लूचिस्तान भारत का हिस्सा और वैश्विक मैप पर भारत के साथ आगे बढ़ता हुआ महाशक्ति बनने का सपना साकार कर रहा होता। लेकिन भारत के तत्कालीन नेतृत्व के कारण यह सब नहीं हो सका। भारत के पीछे हटने के कारण पाकिस्तान को मौका मिल गया और मुहम्मद अली जिन्ना ने इस मौके को गंवाने के बजाय तत्काल बलूचिस्तान पर कब्जे का अभियान छेड़ दिया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति मुहम्मद अली जिन्ना के आदेश पर फौज ने हमला किया और बलूचिस्तान को पाकिस्तान का एक प्रांत बना दिया। पाकिस्तान का बहुत बड़ा भूभाग बलूचिस्तान की परिधि में आता है, लिहाजा वह क्षेत्रफल की दृष्टि से पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत भी है। यही नहीं बलूचिस्तान की धरती बहुमूल्य खनिजों से भरी हुई है। इन बहुमूल्य खनिजों पर चीन की कुदृष्टि है और वह पाकिस्तान के साथ मिलकर बलूचिस्तान की धरती के गर्भ में छिपे बहुमूल्य खनिजों को निकालना चाहता है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी अर्थात बीएलए मिनरल्स और खनिज संपदा के अवैध दोहन के खिलाफ है। इसलिए अपनी धरती को बचाने के लिए चीनी कंपनियों पर भी हमला करता है। बलूचिस्तान में कभी हिंदू और बौद्ध धर्म का वर्चस्व था, लेकिन बड़े पैमाने पर धर्मांतरण के जरिए उसे इस्लामी सूबा बना दिया गया। बलूचिस्तान में अजीब विरोधाभास है कि वहां प्राकृतिक संसाधनों, खनिजों के बहुमूल्य भंडार हैं, लेकिन करीब 70 फीसदी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीने को अभिशप्त है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी पाकिस्तान के शोषण, उत्पीड़न और खानिज संपदा के दोहन के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष वर्षों से कर रहा है। बीएलए में लड़ाकों की संख्या दस हजार से अधिक बतायी जाती है और उनके पास अत्याधुनिक हथियार, गोला-बारूद के साथ ही फिदायीन हमलों और गुरिल्ला युद्ध करने का लंबा अनुभव है। बलूचिस्तान की भौगोलिक संरचना भी ऐसी है कि बीएलए के लड़ाकों से निपटना पाकिस्तानी सेना के लिए आसान नहीं है। बीते 4 साल में बीएलए ने 76 हमलों में पाकिस्तान के हजारों फौजियों को मौत के घाट उतारा है। लेकिन यह आंकड़ा भी सरकारी है। वास्तविक संख्या इससे बहुत अधिक है। बलूचिस्तान में किस तरह बीएलए पाकिस्तानी सेना पर भारी पड़ रहा है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बीते एक हफ्ते में बीएलए ने करीब-करीब तीन सौ पाक फौजियों को मौत के घाट उतार दिया है। जफर एक्सप्रेस ट्रेन के अपहरण और उसके बाद कई बड़े हमलों ने पाकिस्तानी हुकूमत और फौज की कमजोरियों को बेनकाब कर दिया है। कुल मिलाकर पाकिस्तान गृहयुद्ध में है और देर-सबेर इस संघर्ष में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ेगा और दुनिया के नक्शे पर एक और स्वतंत्र देश 'बलूचिस्तान' का उदय होगा।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

बीजेपी के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को बधाई! मुझे विश्वास है कि आप सभी अपनी कर्मठता व कार्यकुशलता से भाजपा संगठन को और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनायेंगे। केशव प्रसाद मौर्य.



चौरसिया समाज के कार्यक्रम में पान पर चर्चा के माध्यम से राजनीतिक परिवर्तन लाकर चौरसिया समाज की समस्याओं को सुलझाने का संकल्प लिया। अखिलेश यादव.



आगरा में बाराखंबा रेल फाटक के पास बने हुए अंबेडकर भवन को अतिक्रमण बताकर उसे हटाने की कार्रवाई से लोगों में रोष है, क्या यही सरकार का अंबेडकर प्रेम है? मायावती.



# ऋषियों की साधना

प्रकृति का शांत वातावरण प्राचीन काल से ही ऋषि मुनियों को अपनी ओर आकर्षित करती रही है। ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है।

**अंतर्दृष्टि**

भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है।

# ये कैसा कलयुग है प्रभु !

**व्यंग्यलोक**

हे प्रभु ! ये कैसा कलियुग आ गया ! जिस चीज को भी छूने की कोशिश कर रहा हूं दूर भागी जा रही है। सपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो सपने दूर भागे जा रहे हैं। अपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो अपने दूर भागे जा रहे हैं। शिमला मिर्च को छूने की कोशिश करता हूं तो शिमला मिर्च हाथ से मछली की तरह फिसली जा रही है। टमाटर छूने की कोशिश करता हूं तो टमाटर बहुत दूर भागे जा रहे हैं। अदरक छूने की कोशिश करता हूं तो अदरक दूर भागा जा रहा है। आखिर ये रोजमर्रा की चीजें आम जनता से इतनी दूर क्यों हो गई रही हैं प्रभु ! क्या मेरी बिरादरी की तकदीर में सब कुछ दूर से ही देखना लिखा है प्रभु ? लाख पकड़ने की जद्दोजहद के बाद भी मेरे हाथ में आखिर ये टमाटर क्यों नहीं आते ? क्या इन दिनों मेरे मुंह के भाग्य में टमाटर, अदरक खाना नहीं लिखा है ? प्रभु ! इस उम्र में अब पत्नी से प्रताड़ित होकर तुलसीदास भी नहीं हो सकता। हो भी जाऊं तो आदिपुरुष की तरह अनाप शनाप लिख मारा तो....ऐसे घोर कलिकाल में समझ नहीं आ रहा मैं किसको कोसूं ? केंद्र सरकार को कि राज्य सरकार को ? अपने को या फिर बीवी को ! किसान को या बिचौलिए को ? मैंने प्रभु के चरण पकड़े कहा तो प्रभु पसीजे, उठो वत्स ! बहुत रो लिए टमाटर का रोना। बहुत रो लिए अदरक का रोना। मेरा आदेश ! फिलहाल टमाटर त्याग दो। अदरक त्याग दो। प्रभु ! बिना आत्मा के शरीर की कल्पना की जा सकती है, पर टमाटर के बिना दाल की कल्पना नहीं की जा सकती। बिना हृदय के जीव की कल्पना की जा सकती है, पर बिन अदरक सब्जी की कल्पना नहीं की जा सकती। तो ऐसे में आप कह रहे हैं कि टमाटर त्याग दूं ? सच पूछो तो प्रभु मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर टमाटर नहीं। मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर अदरक नहीं। मेरी रग रग में अब पचासियों विषैली स्प्रे किए टमाटरों का स्थाई वास हो चुका है और एक आप हो कि जनहित में बाजार में टमाटर सस्ते करने के बदले अपने भक्त को टमाटर, अदरक का त्याग करने को कह रहे हो ? इंपॉसिबल प्रभु ! इंपॉसिबल ! हे वत्स ! जनहित की दुहाई दे मुझसे इमोशनली मत खेलो। पॉलिटिक्स न करो ! क्योंकि जिन्होंने आज तक जनहित की बात की, फाइनली अपने हित ही साधे। हैप्पी लाइफ का सिंपल सा फंडा ये है कि जो भी समाज में भाव दिखाए, उस हर एक को त्याग दो। वह चाहे बीवी ही क्यों न हो ! कह प्रभु अंतरध्यान। बंधुओ ! आखिर प्रभु का कहने का तात्पर्य क्या है ? ये तो नहीं कि मैं टमाटर खाने छोड़ दूं ? ये तो नहीं कि मैं अदरक दाल में पाना छोड़ दूं ? या फिर ये जीभ ही त्याग दूं ? न रहे जीभ, न सताए स्वाद !



अशोक गौतम

# निशांत देव ने प्रोफेशनल बॉक्सिंग में बढ़ायी उम्मीद



खेल जगत

आखिरकार निशांत देव ने वह कर दिखाया, जो उनसे पहले चंद भारतीय बॉक्सर कर सके हैं। हरियाणा में करनाल का यह 24-वर्षीय मुक्के बाज अब प्रोफेशनल बॉक्सर बन गया है। निशांत को दुनिया की सबसे सम्मानित बॉक्सिंग प्रमोशन- मैच रूम ने साइन किया है। निशांत ने बतौर प्रोफेशनल अपनी पहली फाइट 25 जनवरी 2025 को लॉस वेगास के द कॉस्मोपॉलिटन होटल के रिंग में लड़ी, जोकि अपने एक लाख वर्ग फीट कैसिनो के लिए विख्यात है। निशांत का मुकाबला एक अन्य नये प्रोफेशनल सदस्य एलटन विग्गिंस से था, जोकि कैलिफोर्निया के बॉक्सर हैं।

इस मौके पर निशांत ने शानदार डेब्यू किया। वह तेज, ताकतवर और फोकस रहने वाले बॉक्सर हैं और उन्होंने दो मिनट के भीतर ही अपना मुकाबला जीत लिया। रिंग में उतरने के चंद सेकंड में निशांत ने अंदाजा लगा लिया था कि वह अपने प्रतिद्वंदी से प्रतिभा में मीलों आगे हैं, हालांकि इस खब्बू भारतीय बॉक्सर की यह पहली प्रोफेशनल फाइट थी। निशांत का हर जैब अपने निशाने पर पड़ रहा था। असहाय विग्गिंस पहले दाएं हुक-बाएं हुक के मिश्रण से जमीन पर गिरा और फिर बाएं हुक-दाएं हुक के मिश्रण से जमीन पर गिरा। इसके बाद जैब व हुक की इस रफ्तार से उस पर बौछार पड़ी कि रेफरी को यकीन हो गया कि मुकाबले को आगे जारी रखना बेकार है, विग्गिंस घातक चोटों का शिकार हो सकता है, शायद उसका करियर ही समाप्त हो जाये। इसलिए मुकाबले को रोक दिया गया और निशांत को विजयी घोषित कर दिया गया। निशांत ने केवल अपनी जीत के अंदाज से ही प्रभावित नहीं किया बल्कि जिस तरह से वह रिंग में मूव कर रहे थे, उसने भी दर्शकों को प्रभावित किया। लम्बे कद के निशांत वाइड स्टांस से खड़े हुए थे और वह जिस रफ्तार से रिंग में मूव कर रहे थे, उस रफ्तार में आज तक 60 किलो से ऊपर की किसी भी वजन श्रेणी में किसी भी भारतीय बॉक्सर को मूव करते हुए नहीं देखा गया। निशांत 71 किलो (लाइट मिडिल वेट) श्रेणी के हैं। लेकिन यह रफ्तार सटीकता या पॉवर की कीमत पर नहीं आयी। यह दोपहर की खिली धूप की तरह स्पष्ट था कि अब निशांत में बहुत सुधार आ गया है। अब वह कम पॉवर व मध्य सटीकता की तेज पंचिंग मशीन नहीं रहे हैं, जिसकी बदौलत उन्हें विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक मिला था और पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में, जब वह स्पष्ट विजेता थे, तो जजों के विवादित फैसले ने उन्हें पराजित घोषित कर दिया था। निशांत अब अत्यधिक कौशल वाले, हार्ड पंच करने वाले प्रोफेशनल हो गये हैं और यह सब इस वजह से हो सका है क्योंकि उन्होंने तीन माह तक अमेरिका में कोच रोनल्ड सिम्स से ट्रेनिंग ली है।

अपनी जीत के बाद रिंग में ही निशांत ने मुहम्मद अली जैसा आत्मविश्वास प्रदर्शित करते हुए कहा, मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं। मैं इतिहास बनाना चाहता हूं- भारत से पहला बॉक्सिंग विश्व चैंपियन। आत्मविश्वास अपनी जगह और आगे की कठिन डगर अपनी जगह। प्रोफेशनल बॉक्सिंग का संसार केवल बॉक्सर के कौशल व प्रतिभा तक सीमित नहीं है। यह विशाल है, इसमें पारदर्शिता का अभाव है और यह लॉबिंग, बैकरूम डील्स, राजनीति व प्रभाव का निर्दयी संसार है। अमेरिका, इंग्लैंड या मैक्सिको की तरह प्रोफेशनल बॉक्सिंग संसार में भारत की उपस्थिति ही नहीं है, जब बात प्रमोशन व लॉबिंग की आती है। इसका अर्थ यह है कि भारतीय बॉक्सर्स को इस संसार में प्रवेश करने और तैरते रहने में अतिरिक्त कठिन प्रयास करने पड़ते हैं। निशांत से पहले जो भारतीय बॉक्सर प्रोफेशनल बने उन्हें उंगलियों पर गिना जा सकता है। तीन बार के ओलंपियन विकास कृष्ण ने अपनी तीनों प्रोफेशनल फाइट्स जीतीं, लेकिन उनका करियर कहीं न पहुंच सका। नीरज गोयत प्रोफेशनल बनने वाले शुरूआती भारतीय मुक्केबाजों में शामिल थे। वह 2015 में प्रोफेशनल बने थे। आरंभ उनका प्रशंसनीय रहा, उन्होंने एशिया में खुद को टॉप संभावना के रूप में स्थापित किया, लेकिन फिर प्रमोटर्स की उनमें दिलचस्पी नहीं रही। भारत के अब तक के सबसे सफल प्रोफेशनल बॉक्सर ओलंपिक पदक विजेता विजेंद्र सिंह रहे हैं, जो 2015 में प्रोफेशनल बने थे, लेकिन आयु उनके साथ न थी। प्रोफेशनल डेब्यू के मात्र दो वर्ष के भीतर उनकी स्पीड व रेफ्लेक्सेस में गिरावट आने लगी और उन्हें खामोशी से एक किनारे कर दिया गया। निशांत के पक्ष में कुछ बातें हैं जिनसे अन्य प्रोफेशनल भारतीय बॉक्सर वंचित थे। सबसे पहली व महत्वपूर्ण बात तो यह है कि वह बेहतर बॉक्सर हैं। डेब्यू फाइट में ही उन्होंने साबित कर दिया कि उनकी बॉक्सिंग स्किल्स पर शक करने की गुंजाइश नहीं है। **सारिम अन्ना.**

## आपकी बात

### सड़कों का विकास

मोदी सरकार देश की तकदीर और तस्वीर बदलने वाली परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रही है। राजमार्गों के विकास पर सर्वाधिक फोकस कर रही है। दरअसल जिन्होंने देश में बुनियादी ढांचा विकास से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में देखा-सुना है उनको अच्छी तरह मालूम है कि यहां दो-चार किलोमीटर की सड़क बनने में भी शिलान्यास और उद्घाटन के बीच पांच-सात साल लग जाता था। विकास की परियोजनाएं कैसे यहां आगे खिसकती हैं इसे समझने के लिए बहुउद्देशीय एवं वृहद जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट सरदार सरोवर परियोजना पर गौर किया जा सकता है। सरदार सरोवर परियोजना का शिलान्यास देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने किया था और लोकार्पण वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। मुझे भी एक पुल के बारे में जानकारी है जिसका करीब आठ बार शिलान्यास किया गया और तीन दशक में बनकर तैयार हुआ। जब विकास परियोजनाओं का यह हाल देश में रहा हो, तो सहसा यह भरोसा करना कठिन हो जाता है कि कोई सरकार दो-तीन साल में दिल्ली से मुंबई के बीच करीब चौदह सौ मिलोमीटर का एक्सप्रेस वे दो-तीन साल में बनाकर शुरू कर देगी। फिलहाल नितिन गडकरी ने देश से वायदा किया है कि वे 2024 तक देश के रोड इन्फ्रा को अमरीका के बराबर कर देंगे। गडकरी के इस दावे में कुछ अतिश्योक्ति हो सकती है, लेकिन जिस तरह उन्होंने देश की सड़कों का कायाकल्प किया है उससे यह बात माननी पड़ेगी कि आज अगर देश के सभी नगर, महानगर हाइवे, एक्सप्रेस से जुड़ रहे हैं, सड़कों की शक्ल-ओ-सूरत बदली-बदली हुई नजर आती है, तो इसमें सबसे अधिक योगदान विभागीय मंत्री के रूप में नितिन गड़करी का ही है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसे वे परियोजना गडकरी की प्राथमिकता वाली परियोजना है। देश की आर्थिक प्रगति में बुनियादी ढांचा और इसमें भी हार्डकोर इन्फ्रा के रूप में सड़कों का सबसे अधिक योगदान है। ऐसे में जैसे-जैसे देश में एक्सप्रेस वे, हाइवे और जिले से लेकर गांवों तक सड़कों का संजाल बिछता जायेगा, रेलवे, रोडवेज, एयरवेज, वाटरवेज के माध्यम से देश में कनेक्टिविटी और गति बढ़ेगी उसी तरह देश की प्रगति भी तेज होगी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे देश की आर्थिक और राजनीतिक राजधानी को आपस में जोड़ने में महती कड़ी साबित होगी। यातायात व्यवस्था दुरुस्त होने से, माल ढुलाई का समय घटने से, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के बीच कनेक्टिविटी बढ़ने से इन राज्यों का विकास भी तेज होगा।

**जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### महिलाओं के खिलाफ अपराध

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा पहली शर्त है। दरअसल किसी भी सरकार का प्रथम दायित्व नागरिकों की सुरक्षा करना ही है। ऐसे में अपराध की बढ़ती घटनाएं, महिला संबंधी अपराधों का दिनोंदिन और क्रूर होते जाना न सिर्फ चिंता की बात है बल्कि इस बात पर भी सवाल उठाता है कि सरकारें महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने लिए कितना गंभीर हैं ?

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## जिला राइफल क्लब के प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

**अयोध्या** । रविवार को एक दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन आर्मी के डोगरा रेजिमेंट शूटिंग रेंज अयोध्या में किया गया जिसमें आर्मी शूटिंग रेंज व जिला रायफल क्लब के खिलाड़ियों के बीच यह प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

इस प्रतियोगिता में आर्मी शूटिंग रेंज के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तो दूसरी तरफ जिला रायफल क्लब के खिलाड़ियों ने भी अपनी शूटिंग की प्रतिभा को जोर दार प्रदर्शन कर अपनी शूटिंग की प्रतिभा को दिखाया दोनों टीमों में आर्मी शूटिंग रेंज के खिलाड़ी रहे ।

अव्वल तो दूसरे स्थान पर जिला रायफल क्लब के खिलाड़ी रहे इस प्रतियोगिता में आर्मी की तरफ से इंटरनेशनल खिलाड़ी श्री सिद्धार्थ जी ने सभी खिलाड़ियों को मेडल पहना कर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की जीते इन सभी खिलाड़ियों का प्रतिनिधि कर रहे जिला रायफल क्लब के कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया सभी खिलाड़ियों ने बहुत ही अच्छे प्रदर्शन कर जिले का वा जिला प्रशासन का मान बढ़ाया।

# हाईवे पर तीन वाहनों की आपस में टक्कर, दर्जनों घायल



**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र के बरई खुर्द गांव के पास नेशनल हाइवे पर पानी की टंकी से युक्त ट्रैक्टर से लखनऊ से आजमगढ़ जा रही अकबरपुर डिपो की वाहन संख्या यूपी 78जे एन 6992 की भीषण टक्कर हो गयी।केबिन धंसने तथा चालक का दोनो पैर केबिन मे फंस जाने के कारण पीछे से आ रही कार यूपी 32 ए एफ 3257 चपेट में आ जाने से कार और बस में सवार यात्रियो की चीखपुकार ने क्षेत्र में हडकंप मचा दिया। खेतों में काम कर रहे आसपास के युवाओं ने मौके पर पहुंचकर बस के इमरजेंसी गेट को तोड़कर घायलों के साथ कार और बस में बैठे सवारियों को बाहर निकालते हुए पुलिस कंट्रोल रुम को घटना की सूचना दी।

**● पानी की टंकी युक्त ट्रैक्टर एवं कार से टकराई बस एक दर्जन से अधिक बस, सवार हुए जख्मी चालक सहचालक की हालत गंभीर**

मौके पर पहुची पुलिस ने स्थानीय ग्रामवासियों की मदद से केबिन मे फंसे आजमगढ़ निवासी बस चालक अजय सिंह पुत्र पति राम सहचालक, (कंडक्टर )राम कुमार पुत्र राम नवध को बाहर निकालते हुए सभी बस एवं कार सवार लगभग एक दर्जन घायलों को इलाज के लिए सी एच सी सोहावल भेजवाया।आधा दर्जन यात्रियों के सिर और पैर तथा बस चालक सहचालक की गंभीर हालत को देखते हुए इलाज के लिए जिला आस्पताल रेफर किया।थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि नेशनल हाईवे के डिवाइडर की फुलवारी पर टंकी युक्त ट्रैक्टर के पानी से सिंचाई किया जा रहा था। इसी बीच लखनऊ से आजमगढ़ जा रही बस चालक की लगाए गये सूचक को देख पाने में लापरवाही के कारण भीषण सडक दुर्घटना हुई है।बस मे गंभीर रूप से चोटहिल जगदीशपुर अम्बेडकर नगर निवासी सोनू पुत्र सभाजीत,बच्चू लाल, विपिन, आलोक, सताऊं गोसाईगंज निवासी अनिता वर्मा, तात्या टी पी नगर कानपुर निवासी सूरज पुत्र दया शंकर,सिकंदर पुर बस्ती निवासी आनंद, लखनऊ निवासी शरद कुमार को इलाज के लिए सीएचसी सोहावल बस चालक सह चालक की स्थिति गंभीर होने के कारण सीधा जिला अस्पताल भेजा गया। सीएचसी सोहावल भेजे गये यात्रियों में आधा दर्जन घायलों को जिला अस्पताल भेजे जाने की सूचना मिली है। शेष सुरक्षित सवारियों को दूसरी बस से गंतव्य की ओर रवाना कर घटना की जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

## जानलेवा हमले में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके में बीते सोमवार को पिता पुत्र पर हुए जानलेवा हमले में घायल पुत्र प्रदीप वर्मा की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर लखनऊ में मौत हो गयी।उसका शव देर शाम घर पर आया तो चीत्कार मच गया।बताते चले कि बीते सोमवार को रामगंज मुहल्ले में सब्जी मंडी के सामने स्थित आवास पर देर रात्रि पैसे के लेनदेन को लेकर बेलवारीखान गांव निवासी शिवम

**● आरोपी गिरफ्तार**

विश्वकर्मा की प्रदीप वर्मा से वाद विवाद हो गया था।वाद विवाद के दौरान शिवम विश्वकर्मा ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया।पुत्र की चीख पुकार सुनकर दौड़े पिता रामभवन को भी हमलावर ने बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया।

मौके से हत्यारोपी युवक एक अन्य युवक के साथ बाइक से फरार हो गया था। दोनो घायलों को मंडलीय चिकित्सालय दर्शननगर भर्ती कराया गया जंहा प्रदीप वर्मा की हालत गंभीर देते चिकित्सको ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।पिता रामभवन ने शिवम विश्वकर्मा के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया था। पांच दिनों तक जीवन मृत्यु से संघर्ष करने के बाद शनिवार की रात्रि में उसने दम तोड़ दिया। वंही हत्यारोपी व उसके मददगार की तलाश में जुटी पुलिस ने रविवार को 3 बजे दोनो को कस्बे के तेलियागढ़ तिराहे के पास से वारदात में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शिवम की निशानदेही पर आलाकत्ल यूकेलिप्टस का डंडा भी बरामद कर लिया।पकड़े गए आरोपियों की पहचान शिवम विश्वकर्मा पुत्र सन्तोष विश्वकर्मा निवासी बेलवारी खान व अनुराग पांडे उर्फ हंटर पांडे उर्फ चंदन पुत्र अविनाश पांडे निवासी भीटी तिराहा,गोसाईंगंज अयोध्या के रूप में हुई।पुलिस ने दोनो को जेल भेज दिया।

## श्री अमरनाथ यात्रा 2025 में लगने वाले लंगर की तैयारियो को लेकर हुई बैठक



**बाराबंकी।** श्री अमरनाथ यात्रा 2025 में लगने वाले लंगर की तैयारियो को लेकर श्री बफार्नीश्वर महादेव सेवा समिति अध्यक्ष कैलाश शर्मा की अध्यक्षता मे बैठक हुई। बैठक मे लंगर को भव्य रुप देने के साथ सहयोग एंव अन्य मुद्दो पर चर्चा की गई। बैठक मे विजय गुप्ता, अशोक तिवारी, रमेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## 80 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 7 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 80 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## खोए मोबाइल फोन बरामद, आवेदकों को किया सुपुर्द



**बाराबंकी।** थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कामीपुर निवासी राम प्रकाश ने बीती 8 मई 2024 को मोबाइल गुम हो जाने की सूचना दी। सूचना पर व0उ0नि0 तेजबहादुर सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर राघवेन्द्र पाण्डेय द्वारा सीईआईआर पोर्टल व सर्विलांस सेल की मदद से खोये मोबाइल को बरामद कर स्वामी के सुपुर्द किया गया। इसी क्रम मे थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सफेदाबाद निवासी गौरव पटेल ने बीती 29 मई 2024 को मोबाइल गुम होने की सूचना दी। सूचना पर पुलिस टीम खोये हुए मोबाइल को बरामद कर स्वामी को सुपुर्द किया।

## मेहनत किसी भी फील्ड मे की जाये कामयाबी जरूर मिलती हैः मोनिस

अयोध्या। एसएससी सीजीएल-2024 चयनित होने पर सैय्यद दानियाल जाफरी पुत्र सैय्यद सिब्तैन जाफरी साहब को अंजुमन गुनच ए मजलूमिया फैजाबाद ने किया सम्मानित। मौलाना मोनिस ने कहा कि मेहनत किसी भी फील्ड मे की जाये कामयाबी जरुर मिलती है बस उस कामयाबी को पाने के लिए जूनून होना चाहिए ऐसे ही हमारे शहर का एक नौजवान सैय्यद दानियाल जाफरी उर्फ जमा जिनके पास दीनी और दुनियावी दोनों इल्म की भरपूर जानकारी है आज ै ब्लक्स के फाइनल रिजल्ट मे इस नौजवान ने पोस्टल असिस्टेंट पद पर चयनित होकर कौम और शहर का नाम उँचा किया है ।। मौलाना मोहम्मद अब्बास मोनिस साहब की उपस्थिति मे अंजुमन गुनच ए मजलूमिया फैजाबाद के सदर सैय्यद कामिल हसनैन, सेक्रेट्री इजहार हुसैन छोटू साहब, पूर्व अध्यक्ष हामिद जाफर मीसम ,साबिक नाएब सदर अफजल हुसैन साहब व साहब ए बयाज मोहम्मद हसनैन साहब की मौजूदगी मे जनाब दानियाल जाफरी साहब को शाल उड़ाकर मेमन्टो देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर मौलाना मोहम्मद अब्बास मोनिस साहब ने अंजुमन गुनच ए मजलूमिया फैजाबाद के इस काम की सराहना की उन्होंने अंजुमन गुनच ए मजलूमिया फैजाबाद को मुल्क की बेहतरीन अंजुमनो मे शुमार किया उन्होंने कहा अंजुमन गुनच ए मजलूमिया फैजाबाद सिर्फ मुहर्रम तक ही नही रह गयी आज अंजुमन दिनी कामो मे बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही है और अंजुमनो को भी इसी पर काम करना चाहिए इस हौसला अफजाई के लिए जनाब सैय्यद दानियाल जाफरी ने अंजुमन गुनच ए मजलूमिया फैजाबाद का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया।

# आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है होलीः दयानन्द शुक्ला

जिला संवाददाता(vol)



**रूदौली-अयोध्या।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व ए आई सी सी सदस्य दयानन्द शुक्ला ने रुदौली विधान सभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का भ्रमण कर लोगों को होली की मुबारक बाद दी

**● कांग्रेस नेता दर्जनों गांव जाकर होली मिलन में हुए शामिल**

है।दयानन्द शुक्ला ने ग्राम हंसराजपुर, नौगवा डीह, रामपुरजनक, उमापुर, भवानीपुर, सैमसी, कसारी, सण्डवा, नेवरा ,रानीमऊ,हलीम नगर, अमराईगांव, पटरंगा आदि गांवों में चल रहे होली मिलन कार्यक्रम में भाग लेकर लोगों को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली का त्यौहार आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। इस पर्व पर आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे को रंग लगाकर गले शिकवे दूर हो जाते हैं।उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि आज इस पुनीत अवसर पर सभी लोगों को संकल्प लेना चाहिए कि हम लोग छोटी छोटी बातों को नजर अंदाज करके एक दूसरे के प्रति नफरत को खत्म करके आपस में प्रेम और भाईचारा बनाए रखें।कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला ने कह कि हमारा देश एक धर्म निरपेक्ष देश है यहां पर सभी धर्मों का सम्मान है।कुछ मुट्ठी भर संकीर्ण विचारधारा रखने वालों को छोड़ कर बड़ी संख्या में लोग एक दूसरे धर्म का आदर करते हैं।दयानन्द शुक्ला ने कहा कि होली का पर्व हो या फिर ईद का पर्व,सभी धर्म के लोग त्यौहारों पर एक दूसरे को बधाई देते हैं।कांग्रेस नेता ने कहा कि कुछ सांप्रदायिक शक्तियां अपना वोट बैंक बनाए रखने के लिए समय समय पर नफरत भरे बयान देते रहते हैं लेकिन देश की जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है।कांग्रेस नेता ने कहा कि जब इस देश के सभी धर्मों के लोग साथ साथ रहेंगे तभी हमारा देश आगे बढ़ कर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनेगा।इस अवसर पर हाजी अकील खां,मुनीर अहमद खां,जिला पंचायत सदस्य बलराम यादव,युवा कांग्रेस नेता रणजीत सिंह,आदिनाथ मिश्रा,मान सिंह,आशीष तिवारी,राजेश कुमार सिंह, सरस चंद तिवारी,सुरेश तिवारी,परमानंद शुक्ला,नदीम अहमद शुक्ला,अमित शुक्ला,राजाराम यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**बहराइच** ।जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह मार्च के तृतीय शनिवार 15 मार्च को स्थानीय अवकाश तथा 16 मार्च को रविवार राजकीय अवकाश होने के कारण 17 मार्च 2025 को तहसील सदर बहराइच में जिलाधिकारी तथा तहसील पयागपुर में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा।

शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

## राजनैतिक दलों के साथ बैठक आज

**बहराइच** ।उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि राजनैतिक दलों द्वारा उठाये गये बिन्दुओं के सम्बन्ध में 17 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई है। श्री रंजन ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## सिरसा झील में मिला मानव कंकाल

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के सिरसिर गांव से करीब एक किलोमीटर दूर सिरसा झील में रविवार को एक मानव कंकाल मिला। पशु चरा रहे चरवाहों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी मौके पर पहुचकर कंकाल को कब्जे में लिया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। कंकाल के पास से एक जींस पैंट भी बरामद हुई है। शव की स्थिति को देखते हुए यह पता लगाना मुश्किल है कि कंकाल पुरुष का है या महिला का। पुलिस आसपास के इलाकों से लापता व्यक्तियों की सूची जुटा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां कंकाल मिला है, वह काफी सुनसान जगह है। उनका मानना है कि किसी की हत्या कर शव को तालाब में फेंका गया होगा।पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी का कहना है कि आसपास के ग्राम चैकीदारों से भी संपर्क किया जा रहा है। आसपास के थाना क्षेत्र में जो गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। उसके बारे में भी जानकारियां एकत्र की जा रही है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना के संबंध में कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा।

# राष्ट्रीय संघर्ष समिति ईपीएस के पदाधिकारियों ने डॉ. पुनिया को सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** देश के 78 लाख ई0पी0एस0 पेंशनर्स की न्यूनतम्पेंशन 7500 प्लस डी0ए0 तथा पति पत्नी को मेडिकल की सुविधा दिये जाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय संघर्ष समिति ई0पी0एस 95 पदाधिकारियो ने पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया को मांग

**● न्यूनतम पेंशन 7500 प्लस डीए, मेडिकल की सुविधा दिये जाने की मांग**

पत्र सौपा। मांग पत्र मे कहा गया है कि न्यूनतम पेंशन 7500 प्लस डी0ए0 व अंशुमान भारत योजना के अन्तर्गत मेडिकल सुविधाओं सहित माननीय उच्चतम् न्यायालय के दिनांक 4 नवम्बर 2022 के निर्णय के अनुसार बिना भेदभाव के उच्च पेंशन लाभ को लागू कराये जाने, वृद्ध ई0पी0एस0-95 पेंशनरों को न्याय दिलाये जाने का अनुरोध किया है। जिससे संगठन मुख्यालय बुलढाना महाराष्ट्र में पिछले 2273 जिलों से जारी क्रमिक अंशन समाप्त हो सके।

जिस पर पूर्व सांसद डा0 पुनिया ने बजट सत्र के चलते सांसद तनुज पुनिया दिल्ली में होने के चलते उनका मांग पत्र सांसद तक पहुंचाये जाने व समस्याओं का समाधान हेतु प्रधानमंत्री तक पहुचाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौपने वालों में सतीश अग्निहोत्री, नरेश कुमार राय, पण्डित ओमकार मिश्रा, भरतलाल राजपूत मौजूद रहे।

## रामनगरी में एक और सर्किट हाउस का निर्माण शुरू



**अयोध्या।** अयोध्या में एक और सर्किट हाउस का निर्माण शुरू हो गया है। कौशल्या घाट के पास 25 सौ 20 स्क्वायर मीटर में इसका निर्माण किया जा रहा है। तकरीबन 16.70 करोड़ की लागत से बनने वाला यह सर्किट हाउस आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। रामनगरी में वीआईपीज की संख्या बढ़ने के बाद योगी सरकार ने इसके निर्माण की स्वीकृति दी थी।भव्य मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या धाम में दर्शन-पूजन के लिए अन्य प्रदेशों से माननीयों का तांता लगा हुआ है। आलम यह है कि रोज कोई न कोई नेता-मंत्री यहां पहुंचकर दर्शन-पूजन कर रहा है। इनके आने के क्रम को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक और सर्किट हाउस का निर्माण कराने का फैसला लिया था है।

कौशल्या घाट के पास भूमि चिह्नित भी चिह्नित की गई थी। हालांकि वीआईपीज के रुकने के लिए अभी यहां सिविल लाइन्स में बस अड्डे के निकट एक सर्किट हाउस का संचालन किया जा रहा है। भविष्य में वीआईपी की आमद को देखते हुए एक और सर्किट हाउस को बनाने का निर्णय लिया गया था, जिस पर कार्य शुरू गया है। सर्किट हाउस में सिर्फ शासन-प्रशासन के ही लोग रुकते हैं। इसलिए इसे मौजूद सर्किट हाउस से भव्य बनाया जाएगा। कोशिश रहेगी कि इसे मंदिर मॉडल से भी जोड़ा जाए। जी प्लस 3 की बिल्डिंग होगी। इसमें 30 कमरे होंगे, प्लस में जिसमें दो वीआईपी रूम शामिल रहेगा।

मॉड्यूलर किचन, डाइनिग हॉल, वॉल लाइटिंग, पार्किंग सुविधा और लग्जरी बाथरूम बनाये जाएंगे। लोक निर्माण विभाग सीडी-2 के अधिशाषी अभियंता उमेश चंद्र ने बताया कि निर्माण शुरू हो गया है। 16 करोड़ 70 लाख की लागत से सर्किट हाउस का निर्माण कराया जा रहा है। डेढ़ वर्ष में इसे तैयार कर लिया जाएगा।

## चोरों ने तीन दुकानों का ताला तोड़कर नगदी और सामान किया पार

गोसाईंगंज अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के टंडौली बाजार में शनिवार की रात चोरों ने तीन दुकानों का ताला तोड़कर नगदी व सामान चुरा ले गए।मामले में पीड़ितों ने कार्रवाई न होने से पुलिस को तहरीर नही दिया। टंडौली बाजार में शनिवार की रात चोरों ने पंडित पान व जनरल भंडार के शटर का ताला तोड़कर लगभग तीन हजार की नगदी व हजारों रुपये के सिगरेट व पान मसाला चुरा ले गए। इसके बाद जनसेवा केंद्र का ताला तोड़कर चोर अंदर गए लेकिन लैपटॉप को संचालक द्वारा घर ले जाने के कारण कुछ नही पाए।उसी के बगल स्थित पन्नालाल गुप्ता के गोदाम का ताला भी चोरों ने काटा लेकिन गोदाम में गिलास, दोना व पत्तल देखकर चोर वहां से निराश लौट गए। सुबह भुक्तभोगियों को जब चोरी की जानकारी हुई तो फोन से पुलिस को सूचित किया। खबर प्रेषण तक घटना स्थल पर कोई नही पहुंचा।वंही का कहना है कि तहरीर देने से क्या फायदा,पुलिस तहरीर लेकर रख लेती है कुछ करती नही है।

## शिक्षित युवाओं के लिए विदेशों में नौकरी पाने का सुनहरा अवसर

**बहराइच** । भारत सरकार, एनएसडीसी एवं फेयर स्ट्रीट के संयुक्त प्रयास से इजराइल, जापान एवं जर्मनी में प्रदेश के प्रशिक्षित युवक-युवतियों के लिए होमबेस्ड केयरगीवर, पेशेन्ट केयर, केयरगीवर एवं नर्सिंग के पदों पर भेजा जायेगा। इजराइल में होमबेस्ड केयरगीवर के 5000 पदों के लिए 25 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवक युवतियां जिनके पास न्यूनतम एक वर्ष से अधिक का अनुभव, अंग्रेजी भाषा का ज्ञान, तीन वर्ष का वैध पासपोर्ट, शैक्षिक योग्यता एएनएम/आग्जेलरी नर्स मेडवाइफरी में डिप्लोमा अनिवार्य होगा। चयनित अभ्यर्थी को रू. 1,31,818=00 प्रतिमाह वेतन देय होगा व समयावधि 02 वर्ष होगी।

इसी प्रकार जापान में केयरगीवर एवं केयर टेकर के 50 पदों के लिये वॉछित अर्हता तीन माह से चार वर्ष का अनुभव रखने वाले 20 से 27 वर्ष आये वर्ग के युवक युवतियां जिन्हें अंग्रेजी भाषा का ज्ञान (लिखना, पढना, बोलना जानते हो), शैक्षिक योग्यता बीएससी नर्सिंग, एएनएम/आग्जेलरी नर्स मेडवाइफरी में डिप्लोमा अनिवार्य है। इस पद के लिए प्रति माह रू. 1,16,976=00 वेतन देय होगा व समयावधि 05 वर्ष होगी। इसके अलावा जर्मनी में नर्सिंग के 250 पदों हेतु 24 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवक युवतियां जिनके पास न्यूनतम 01 वर्ष से अधिक का अनुभव, अंग्रेजी भाषा का ज्ञान (लिखना, पढना, बोलना जानते हों), शैक्षिक योग्यता, बीएससी नर्सिंग, एएनएम/आग्जेलरी नर्स मेडवाइफरी में डिप्लोमा अनिवार्य है। इस पद के लिए प्रति माह रू. 2,29,925=00 वेतन देय होगा व समयावधि 02 वर्ष होगी।

नियोजक फेयर स्ट्रीट द्वारा नर्सिंग हेतु 1000 पदों पर भर्ती हेतु फ्रेशर के साथ-साथ नर्सिंग पाठ्यक्रम के अन्तिम वर्ष की छात्र-छात्राएं भी आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इच्छुक युवक युवतियां रोजगार संगम डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पोर्टल पर 31 मार्च 2025 तक जाब सीकर के रूप में पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये जिला सेवायोजन अधिकारी, बहराइच के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

# शिवादास और सुखदेव बने हनुमानगढ़ी के पुजारी

### हनुमानगढ़ी से सागरिया पट्टी के दो युवा नागा को पट्टी की पंचायती बैठक में सर्वसम्मत से चुना गया पुजारी

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** रामनगरी की प्रधानतम पीठ श्रीहनुमानगढ़ी की सागरिया पट्टी की तरफ से दो युवा नागाओं को हनुमानजी के सेवा पूजन का दायित्व सौंपा गया। यह दायित्व पट्टी की पंचायती बैठक में सर्वसम्मत से लिया गया। यह पुजारपना समयावधि के हिसाब से क्रम चलता रहता है। पट्टी सागरिया के समयावधि पर धर्मसम्राट श्री महंत ज्ञानदास जी महाराज के आसान पर पट्टी की पंचायती बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मत से सभी नागा संतों ने चरण पादुका से बाबा लक्ष्मण दास जी महाराज के यहां से शिवा दास व बाबा रामसेवक दास जी महाराज के यहां से सुखदेव दास को हनुमानजी महाराज का सेवा पूजन का दायित्व सौंपा गया बकायदा लिखापढ़ी करके पुजारी नियुक्त किया गया। इसके दोनो नवनियुक्त पुजारी को हनुमानजी महाराज के समक्ष ले जाकर दंडवत कराके महावीरी से अभिषेक किया गया। पट्टी के बैठक में पट्टी के दो युवा संतों शिवा दास और सुखदेव दास को हनुमानगढ़ी का पुजारी नियुक्त किया गया। यह बैठक अखाड़ा परिषद के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे धर्मसम्राट महंत ज्ञानदास की अध्यक्षता में हुई जिसमें पट्टी के सैकड़ों संतों की मौजूदगी रही।पुजारी नियुक्त के समय श्री महंत ज्ञानदास जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या की पूरे विश्व में एक विशिष्ट पहचान है। हनुमानगढ़ी श्रीपंच रामानंदीय निवार्णी अखाड़ा की प्रधान पीठ है। हनुमानगढ़ी और यहां के संतों का सम्मान त्याग और तपस्या के साथ घर्म की रक्षा के लिए है।

उन्होंने कहा कि किसी भी संत की पहचान उसके वेश, तिलक और आचरण से होती है। हमें इसको हमेशा उच्च स्तर पर बनाए रखना है। हमें किसी भी सूरत पर अपने पहचान से समझौता नहीं करना चाहिए।

श्रीमहंत ज्ञानदास जी महाराज ने कहा कि कभी कभार कुछ संत शाम के स्नान के बाद बिना तिलक आश्रम से निकलते हैं। यह किसी भी दशा में उचित नहीं है। हमें हर हाल में तिलक धारण करके ही आश्रम से निकलना चाहिए। तिलक ही बताता है कि हम हनुमानगढ़ी के संत है। हमें आदर पाने के लिए पीठ के सिद्धांतों का कड़ाई से पालन करना होगा।

अखाड़े के सारे नियम संतों के सम्मान और सुरक्षा के लिए ही आचार्यों ने बनाए है। पंचायती बैठक में मौजूद सभी वरिष्ठ नागा संत व युवा नागा संतों का धर्मसम्राट श्री महंत ज्ञानदास महाराज के उत्तराधिकारी संकट मोचन सेना अध्यक्ष महंत संजयदास महाराज ने आभार प्रकट किया। सभी का स्वागत परम्परागत तरीकें से श्री हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन श्रीमहंत प्रेमदास जी महाराज के उत्तराधिकारी हनुमत संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य महंत डा महेश दास महाराज व वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास ने सयुंक्त रुप से किया।

बैठक में तीनों अनियों के पूर्व प्रधानमंत्री महंत माधव दास, संकट मोचन सेना के अध्यक्ष महंत संजय दास, गद्दनशीन महंत प्रेमदास के उत्तराधिकारी महंत डाक्टर महेश दास, बाबा रामप्रसाद दास, महंत बलराम दास,इंद्रदेव दास पहलवान, हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास, नागा रामदास, महंत सुरेंद्र दास, बाबा लक्ष्मण दास, विवेक दास, सरवन दास, पुजारी अनिल दास,अम्बिका दास, विराट दास, मोहन दास, अंकित दास महंत संजयदास के निजी सचिव शिवम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## युवक ने खाया विषाक्त पदार्थ, मौत

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम सभा पिलखांवा के मजरे गोकुला निवासी प्रदीप सिंह पुत्र हरिनाथ सिंह उम्र लगभग 46 वर्ष की बीते रंगो भरी होली मिलन के पश्चात शाम को अचानक हालत खराब होते ही गांव में त्यौहार की खुशियां परिवार के साथ गांव वासियों के लिये शोक के महौल में बदल गयी। बताया जाता है कि दिनभर होली खेलने के बाद प्रदीप सिंह घर पहुचे।थोड़ी देर बाद तबियत खराब होने पर जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी देते ही परिजनों के होश फाख्ता हो गये।

ग्रामवासियों की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि मामले जानकारी हुई है।तहरीर मिलने से इंकार करते हुए कहा कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## विभा तिवारी उर्फ गरिमा बनी आडिटर, हुआ स्वागत

अयोध्या। शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट द्वारा आज ग्राम सभा मलखानपुर के रहने वाले आलोक तिवारी की बेटी विभा तिवारी उर्फ गरिमा ने एसएससी सीजीएल में आडिटर पद पर नियुक्त होने पर आज मलखानपुर उनके ग्राम जाकर ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी, अखिलेश सिंह, खेतमजदूर संगठन के प्रांतीय नेता शैलेन्द्र सिंह, जयप्रकाश श्रीवास्तव, महावीर पाल, एडवोकेट अरविंद कुमार पांडे, देवानंद दुबे, महेश तिवारी, सहित दर्जनों गांव के साथी मौजूद रहे। ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि हमारे आलोक तिवारी जी बहुत ही सरल व्यक्ति है और उन्होंने बहुत ही कम संसाधन में बिटिया को पढ़ाया, बिटिया गरिमा ने दसवीं व बारवीं की परीक्षा दिन दयाल इंटर कालेज बाकरगंज से पास किया, और स्नातक साकेत महाविद्यालय से किया। उसके बाद फैजाबाद नाका में स्थिति दिशा कोचिंग से तैयारी करते हुए इस बड़े लक्ष को हासिल किया है।

संक्षेप

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के सड़कहा गांव के पास रोड हादसे में एक बाइकसवार 16 वर्षीय युवक हादसे का शिकार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन उसे सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना आज रविवार सुबह लगभग 8 बजे की है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर गांव का रहने वाला गौतम पासी (16) पुत्र सत्रोहन बाइक से महराजगंज कस्बा आ रहा था तभी सड़कहा गांव के पास महराजगंज की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसकी मोटरसाइकिल में सामने से टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल समेत युवक सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों द्वारा 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर लाद कर युवक को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस हृदय विदारक घटना की खबर जैसे ही मृतक के घर पहुंची, वैसे ही कोहराम मच गया, एक तरफ पारिवारिक जनों का जहां रो-रो कर बुरा हाल है।

## विद्यालय प्रबंधकों ने आयोजित की बैठक

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर ।** रविवार को क्षेत्र के बिरईपुर स्थित एक विद्यालय में प्राइवेट विद्यालय के प्रबंधकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राइवेट विद्यालय संचालन में आ रही दिक्कतों को सभी ने साझा किया तथा इससे निपटने के उपायों पर चर्चा हुई। साथ ही विद्यालयों के विकास व एक दूसरे का सहयोग करने पर सभी प्रबंधक सहमत होते हुए एक संगठन बनाकर प्राइवेट विद्यालयों की लड़ाई लड़ने पर सहमति बनी। सबके सुझाव पर प्राइवेट प्रबंधक संघ का गठन कर इसके पंजीकरण कराने का निर्णय हुआ। संघ के पदाधिकारी के रुप में शिवरक्ष द्विवेदी को अध्यक्ष नेहरु कांत श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष तथा राजेश शुक्ल व जयप्रकाश वर्मा को महामंत्री चुना गया। शेष पदाधिकारियों में राकेश उपाध्याय, नवनीत मिश्र, सुरेंद्र सिंह, आलोक द्विवेदी, शरद यादव समेत ग्यारह लोगों का चयन किया गया। चयनित पदाधिकारियों को लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर सुरेंद्र गुप्ता, बीरबहादुर, रामकेश, रामबाबू तिवारी आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांगों को मुफ्त में दिया जायेगा उपकरण

सुलतानपुर (वीओएल)। रोटरी क्लब सुलतानपुर आगामी 17, 18 और 19 मार्च को सीताकुंड स्थित राधा रानी कुंवर कृष्ण इंटरमीडिएट कॉलेज में दिव्यांगजनों के लिए एक मुफ्त कैम्प का आयोजन कर रहा है। इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण जैसे कृत्रिम हाथ, पैर, कान की मशीन, व्हील चेयर, मैन्युअल ट्राई सायकिल, कैलिपर और वैसाखी का वितरण करना है। रोटरी क्लब सुलतानपुर ने क्षेत्रीय नागरिकों से अपील की है कि वे इस सूचना को जनहित में प्रचारित करें और पात्र व्यक्तियों को इस कैम्प का लाभ दिलवाने में मदद करें। क्लब ने इस कार्यक्रम में आमंत्रण भेजते हुए कहा कि आपके आगमन से रोटरी क्लब का मनोबल और प्रेरणा मिलेगी। रोटरी क्लब ने इस आयोजन को दिव्यांगजनों की मदद और उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# भाजपा के जिलाध्यक्ष बने सुशील त्रिपाठी, कार्यकर्ताओं में खुशी



जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** भाजपा पार्टी कार्यालय पर रविवार को जिले के नए जिलाध्यक्ष के रूप में सुशील त्रिपाठी का नाम घोषित किया गया। काशी प्रांत के क्षेत्रीय महामंत्री रहे सुशील त्रिपाठी को सुलतानपुर का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश सह चुनाव अधिकारी राजेंद्र तिवारी ने इस घोषणा की जानकारी पार्टी कार्यालय में समस्त पार्टी पदाधिकारियों, पूर्व जिलाध्यक्षों और जनप्रतिनिधियों की बैठक में दी। इस मौके पर प्रदेश सरकार के मंत्री जसवंत सिंह सैनी और भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा भी मौजूद रहे।

राजेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और सभी कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष बनने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पार्टी का निर्माण कार्यकताओं के लिए किया गया है। चुनाव पर्यवेक्षक जसवंत सिंह सैनी ने भाजपा को राष्ट्रवाद, विकासवाद और देश प्रथम की राजनीति करने वाला दल बताया। सुशील त्रिपाठी ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालते हुए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसका वह पूरी तरह से निर्वहन करेंगे और 2027 के मिशन के तहत जिले की सभी विधानसभा सीटों पर भगवा परचम फहराने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि जैसे ही सुशील त्रिपाठी के नाम की घोषणा हुई, पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार करते हुए अबीर की होली खेली और नगाड़े पर जमकर डांस किया। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संतबख्श सिंह चुन्नू, पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश नारायन सिंह, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पांडेय, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक राजेश गौतम, राज प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, निवर्तमान जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू, करूणा शंकर द्विवेदी, डॉ. सीता शरण त्रिपाठी, प्रवीन कुमार अग्रवाल, योगेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, चन्दन नारायन सिंह, पूजा कसौधन, बबिता तिवारी, अनीता पाण्डेय, पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

## नाली के विवाद में हुई मारपीट, मौत

**बछरावां, रायबरेली।** नल से पानी बहने को लेकर हुए विवाद ने विकराल रूप ले लिया। शनिवार शाम हुई मारपीट में रविवार सुबह एक युवक की मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने गांव के तीन लोगों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है ।



घटना थानाक्षेत्र के ग्राम कसरावां की है। गाँव के रहने वाले 30 वर्षीय युवक सोनू पुत्र स्वर्गीय शिवचरण के घर के अंदर नल लगा है जिसके पानी निकास के लिये दो इंच की पाइप डालकर रोड की दूसरी तरफ सरकारी नाली में जोड़ा गया था। शनिवार शाम 5 बजे के आसपास मृतक के घर के सामने रहने वाले रामराज, हंसराज व देशराज पुत्र राममिलन ने उनके घर के सामने बनी नाली में पानी आने के चलते गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जिसपर सोनू द्वारा इसका विरोध करने पर तीनों भाइयों ने उसे बुरी तरह मारना पीटना शुरू कर दिया जिसमें सोनू बुरी तरह से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल को बछरावां सीएचसी लाया गया जहाँ उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन परिजन उसे जिला अस्पताल न ले जाकर घर वापस ले आये , जहाँ रविवार सुबह उसकी हालत बिगड़ने पर उसे बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ डॉक्टरों ने जाँच में सोनू को मृत पाया । मृतक के बड़े भाई रामकरन ने बछरावां थाने में तहरीर देकर गांव के ही रहने वाले रामराज, हंसराज व देशराज के खिलाफ थाने में हत्या करने की तहरीर दी है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। मृतक बछरावां कस्बे के शिवगढ़ रोड स्थित एक व्यवसायी के यहाँ लकड़ी के तखत कुर्सी बनाने का कार्य करता था। इस घटना के बाबत कोतवाल पंकज त्यागी ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हो चुकी है , आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## सदर विधायक ने जनता दरबार लगाकर सुनीं लोगों की समस्याएं



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने लालूपुर चैहान स्थित निजी आवास पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं का निदान करते हुए अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। होली त्योहार के बाद जनता दरबार में मिलने वालों का ताँता लगा रहा तथा लोग अपने लोकप्रिय विधायक से मिलने के लिए भी अत्यंत प्रसन्न दिखे। सदर विधायक ने क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पावन पर्व बड़ी सुख शांतिपूर्वक मनाया गया। प्रदेश सरकार प्रशासन की मुस्तैदी तथा लोगों का अपने त्योहार को सही तरीके से मनाने के लिए जागरूक होना भी है। उन्होंने कहा कि आम लोगों का जीवन बहुत कठिन दौर से गुजर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बेरोजगारी को लेकर प्रदेश सरकार तमाम योजनाएं लाते हुए लोगों की मदद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए जीवन का मुख्य उद्देश्य सरल जीवन सहज जीवन और सुखद जीवन की परिकल्पना है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख वैशाली सिंह ने भी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी तथा महिलाओं से मिलकर उनकी समस्याओं के निराकरण करते हुए राहत राशि प्रदान की। इस मौके पर कई ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य अन्य नागरिक मौजूद रहे।

## ट्रिपिंग बनी मुसीबत, नहीं मिल पा रही बिजली

**सुलतानपुर (वीओएल)।** गर्मी शुरू होते ही ट्रिपिंग होने लगी है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में हर 20 मिनट पर आपूर्ति ठप हो जाने से नागरिकों की समस्याएं बढ़ने लगी हैं। शुक्रवार को नरायनपुर फीडर से हर एक घंटे पर अघोषित कटौती किए जाने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शनिवार को गभड़िया में हर 10 मिनट पर ट्रिपिंग से लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हुए। अंकारीपुर, छरौली, दूबेपुर, आरडीह, लाखीपुर, अहिमाने आदि गांवों में अघोषित कटौती का क्रम जारी है। इन गांवों में लोगों को रोस्टर के हिसाब से बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। नरायनपुर निवासी राजेश सिंह ने बताया कि होली के दिन सुबह से लेकर देर शाम तक अघोषित कटौती की गई। हर एक घंटे पर कटौती किए जाने से लोगों को परेशानी हुई। इस दौरान विभाग के टीपी नगर उपकेंद्र के व्हाट्सऐप ग्रुप से जुड़े लोगों ने कटौती से परेशान होकर इसका कारण जानने के लिए संदेश प्रसारित किया, लेकिन जिम्मेदार बिजलीकर्मी बेफिक्र दिखे। गभड़िया निवासी किशन कुमार, मंगरू ने बताया कि शनिवार की सुबह से ही अघोषित कटौती का क्रम देर शाम तक चलता रहा। इससे लोगों को दैनिक कामकाज निपटाने में परेशानी हुई। अंकारीपुर निवासी राकेश कुमार ने बताया कि सुबह के समय कटौती किए जाने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इससे पेयजल के लिए लोगों को हैंडपंप का सहारा लेना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी पशुपालकों को होती है। पशुओं की प्यास बुझाने के लिए पशुपालक हैंडपंप का सहारा लेने को मजबूर होते हैं। छरौली निवासी संतोष कुमार, बृजेश, राकेश कुमार ने बताया कि अब गर्मी का एहसास होने लगा है। बिजली आपूर्ति की दशा अब बिगड़ने लगी है। यहां लोगों को 12 घंटे बिजली मिलना मुश्किल हो रहा है। लाखीपुर निवासी जगेसर प्रसाद, शीतला प्रसाद ने बताया कि बीते गुरुवार से हर दस मिनट ट्रिपिंग की जा रही है। शनिवार को भी दिनभर ऐसा होता रहा। अधिशासी अभियंता पवन कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर लोड बढ़ने से ट्रिपिंग होती है। जहां से शिकायतें मिलती हैं। वहां बिजलीकर्मियों को भेजकर निस्तारण कराया जा रहा है।

## चौकीदार की बेटी का सिपाही पद पर हुआ चयन, परिजनों में खुशी

**कूरेभार, सुलतानपुर।** विकासखंड कूरेभार के धौरहरा भटवारा गांव निवासी राजमेर यादव जो कि ग्राम चैकीदार के साथ टेंट लगाने में मजदूरी का काम करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करते है। उनकी बिटिया रुचि यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा में सफलता अर्जित कर यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी भी बिषम परिस्थिति की मोहताज नही होती। बताते चले कि रुचि की माता गृहणी है, रुचि चार भाई बहन हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। इन सब विसंगतियों के बावजूद रुचि ने अपनी मेहनत के बल पर पुलिस परीक्षा में अपना स्थान बनाया। रुचि की इस उपलब्धि पर जहां परिजनों में खुशी की लहर है तो वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संदीप यादव सहित शुभचिंतकों, मित्रजनों ने बिटिया की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## शिक्षक का भाई बना यूपी पुलिस भर्ती टॉपर

**सुलतानपुर।** शहर के बघराजपुर निवासी लियाकत अली ने सामान्य जीवन जीते हुए अपने दो बेटों को उच्च शिक्षा और सफलता की ओर मार्गदर्शन किया। लियाकत अली का बड़ा बेटा हैदर अली परिषदीय विद्यालय में प्रधानाध्यापक हैं, जबकि उनका दूसरा बेटा अब्दुल्ला अली ने हाल ही में यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में ऑल इंडिया सेकेंड रैंक हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया। अब्दुल्ला की इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि कठिनाईयों और परिवार की विसंगतियों के बावजूद अगर मेहनत और समर्पण हो, तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। अब्दुल्ला की मां एक गृहिणी हैं और पिता एक शिक्षक, इसके बावजूद परिवार ने अब्दुल्ला की मेहनत के बल पर यह सफलता हासिल की। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय, मंत्री राम आशीष मौर्य, शिक्षा मित्र संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्रा, कुंवर सौरभ सिंह, शान्ती पाण्डेय, आदर्श कुमार, बहन रेहाना बनो, सहित कई अन्य मित्रों और शुभचिंतकों ने अब्दुल्ला को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी।

# पत्रकारिता व हिंदी साहित्य के पुरोधा थे चंद्रप्रकाश पाण्डेय



**रायबरेली।** पत्रकार सिरोमणि, अवधी के अनुयायी, नवगीत, गीत, क्षणिका के सिद्धहस्त कवि स्मृतिशेष चंद्रप्रकाष पाण्डेय की प्रथम पुण्यतिथि पर कस्बे के आजाद नगर स्थित सिटी ब्वायज स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विषाल कवि सम्मेलन के आयोजन के साथ-साथ उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाष डाला गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो0 बैजनाथ विश्वकर्मा ने कहा कि चंद्र प्रकाष पाण्डेय हिंदी साहित्य के पुरोधा थे। उन्होने अवधी, नवगीत व गीत विधा में बैसवारे की साहित्यिक गरिमा को ऊंचाईयों तक पहुचाया। वरिष्ठ पत्रकार षेरबहादुर सिंह ने कहा कि पाण्डेय साहित्यकार के साथ-साथ पत्रकारिता जगत के भीष्म पितामह भी थे। जिन्होने हम-सब को पत्रकारिता की एबीसीडी सिखाई। उन्होने लखनऊ से प्रकाषित सभी बड़े अखबारों के साथ आकाषवाणी में भी कार्य किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में कवि गोष्ठी का प्रारम्भ दीप प्रज्जवलन व डॉ. विनय भदौरिया की वाणी वंदना के साथ हुआ। डॉ. भदौरिया ने अपनी प्रस्तुति में निम्न गीत-हम सुनाते है सुनना नही चाहते, लौह सम्बन्ध बनन नही चाहते। भाई तो चाहते है लखन की तरह किंतु हम राम बनना नही चाहते खूब सराही गई। कवि अंजनी कुमार सिंह ने अपना गीत-आपसे अनुरोध है जब जन्मदिन अपना मनाना, मृत्य को भी याद कर दो चार अक्षत डाल देना सुनाकर लोगो को भाव विभोर कर दिया। बैजनाथ विश्वकर्मा ने अपनी निम्न रचना-सांसो का दे के किराया जहां की सरांय में जीते, कितने अहमक है हम जहर को अमृत मान के पीते सुनाकर लोगो की वाहवाही लूटी। कवि संतोष दीक्षित ने-है नही बनना मुझे वह तीव्र ज्वाला जो जलाकर झोपडी को राख कर दे, जो क्षरण कर दे निशा के घोरतम का मै वह लघुदीप बनना चाहता हूं सुनाकर लोगो का भरपूर मनोरंजन किया। अवनीष प्रताप सिंह ने अपनी निम्न रचना-माता पिता गुरू का सम्मान कीजियें, ये देवता है इनका न अपमान कीजिये सुनाकर लोगो को प्रेरणा दी।

## होलिया में उड़े रे गुलाल पर बच्चों ने नृत्य किया, सभी का मन मोहा




**रायबरेली।** अखिल भारतीय चैरसिया कल्याण समिति द्वारा आयोजित चैरसिया समाज का 41 वां होली मिलन समारोह गायत्री उत्सव लॉन में धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चैरसिया समाज के ओम प्रकाश चैरसिया रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ परम्पूज्य आदि गुरू महर्षि चैत्रऋषि महराज जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रवज्वलन के साथ प्रारम्भ हुआ बच्चों के द्वारा बलम पिचकारी के गाने में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमे समाज के 10 वर्ष से कम बच्चे ने भाग लिया। उपस्थित सभी महिलाओं ने फूलों की होली खेली एक दूसरे के अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। समारोह में भगवान राधा कृष्ण की सुन्दर झांकियों के गीतों में सुन्दर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही फूलों की होली का भी चैरसिया समाज के बच्चों, बडों ने भी जमकर होली का आनन्द लिया और सभी का मन मोह लिया। जिलाध्यक्ष अमित चैरसिया व जिला महामंत्री गंगेश चैरसियाा ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि एकता में बड़ा बल है समाज को संगठित होना चाहिए शिक्षा एवं राजनीति के बल पर समाज तरक्की की ओर अग्रसरित हो संचालन महेश चैरसिया एवं सतिश चैरसिया के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिलाध्यक्ष अमित चैरसिया, जिला महामंत्री गंगेश चैरसिया, जिला कोषध्यक्ष साकेत चैरसिया, वरि0 उपाध्यक्ष प्रमोद चैरसिया, कार्यक्रम संयोजक अंकुर चैरसिया, नगर अध्यक्ष लवी चैरसिया, नगर महामंत्री ज्ञानेन्द्र चैरसिया, नगर कोषाध्यक्ष आलोक चैरसिया, नगर उपध्यक्ष अमित चैरसिया, नगर उपाध्यक्ष दीपक चैरसिया को विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर राधेकृष्ण, बब्बू, राम नारायण, रवि कृष्ण, रामनरेश, संदीप, हेमन्त, संतोष, जय शंकर, सुरेन्द्र, अनुराग, स्वप्तिक, अंजनी, मथुरा, शिवम, विनोद, श्रीरंग, विनोद, अश्वनी, ननकऊ, हरि प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, रामराज, अनुराग, गगन, लवी, रवि, राजन बाबा, संजय, अनुराधा, चारूल, ममता, अंजू, पम्मी, ज्योति, निधि, लीना, नीलम, अस्मिता, गुंजन, प्रखर आदि लोग विषेष रूप से उपस्थित रहे।

# बुद्धीलाल दोबारा बने जिलाध्यक्ष




**रायबरेली।** जिला चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में बुद्धी लाल पासी को पुनः भारतीय जनता पार्टी रायबरेली के जिलाध्यक्ष की घोषणा हुई। चुनाव पर्यवेक्षक संजय राय ने बताया कि जिलाध्यक्ष के चुनाव में मंडल अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों जिले के जन प्रतिनिधियों पूर्व जिलाध्यक्षों सहित सभी की राय ली गई। जिला चुनाव अधिकारी राकेश मिश्रा ने कहा कि जिले के हर एक कार्यकर्ता की बात प्रदेश, क्षेत्र, राष्ट्रीय स्तर पर हमने रखा और संगठन ने सभी के बातों को ध्यान में रखते हुए जो भी निर्णय लिया है सभी के हित में हुआ है। इस अवसर पर विधायक सलोन अशोक कोरी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा, रामदेव पाल, दिलीप यादव, पूर्व विधायक राम लाल अकेला, सुरेंद्र सिंह दाढ़ी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किरण सिंह, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सुधाँशु शुक्ला भाजपा के नये जिलाध्यक्ष

**गौरीगंज, अमेठी।** भाजपा के नये जिलाध्यक्ष की घोषणा रविवार 16 मार्च को गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर की गयी। जिलाध्यक्ष की घोषणा एक बैठक में किया गया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ज़िला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय पाण्डेय बादल ने पर्यवेक्षक प्रदेश मन्त्री शिवभूषण सिंह की उपस्थिति में अमेठी के नये ज़िलाध्यक्ष के रूप में सुधांशु शुक्ला की घोषणा किया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश सरकार के राज्यमन्त्री मयंकेश्वर शरण सिंह, पूर्व विधायक तेजभान सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव और उमाशंकर पाण्डेय, दुर्गेश त्रिपाठी, सुरेश पासी विधायक, चन्द्रप्रकाश मिश्रा मटियारी पूर्व विधायक, विजय विक्रम सिंह, सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बौद्ध मिशन की मजबूती को सामाजिक आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया

**अमेठी।** रविवार को विभा गेस्ट हाउस में कोरी समाज के सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज में शिक्षा के प्रसार, नशामुक्ति, स्वरोजगार के विकास, राजनीतिक एकजुटता और बौद्ध मिशन की मजबूती को सामाजिक आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। आगामी 5अप्रैल को 1857के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना अमर शहीद झलकारी बाई कोरी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम के आयोजन हेतु आयोजन समिति का गठन किया गया। रामसजीवन कोरी को आयोजन समिति का संयोजक बनाया गया है।

बैठक का आरम्भ बौद्ध धम्म की परम्परा के अनुरूप त्रिसरण पंचशील के साथ हुआ। त्रिसरण पंचशील के बाद कार्यकताओं ने बामसेफ, डी एस फोर और बी एस पी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बौद्धाचार्य हौंसिला प्रसाद ने समाज में नशाखोरी और शराब के सेवन को सबसे बड़ी बुराई बताया और कहा कि पंचशील का आचरण करके की हम प्रगतिशील और वैज्ञानिक समाज का निर्माण कर सकते हैं। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि बहुजन समाज की समस्यायों के हल के लिए सत्ता के सबसे बड़े मंदिर पर अधिकार जरुरी है। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम का मार्ग ही सत्ता प्राप्ति का मार्ग है इस मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ने के लिए गैर राजनीतिक जड़ों का मजबूत होना जरूरी है। बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने कहा कि जाति इस देश की सच्चाई है। राजनीतिक प्रगति के लिए एकजुटता और समाज का मजबूत संगठन समय की जरूरत है।

## यज्ञ स्थल पर श्रम दान के लिए जुटे लोग श्रमदान से दिन हुआ सार्थक : राजेश

**अमेठी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में 18 से 22 मार्च 2025 को होने वाले राष्ट्र जागरण 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर तैयारी अपने चरम पर हैं । क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए लोग श्रमदान समय दान कर यज्ञ स्थल को भव्य बनाने में लगे हुए हैं । रविवार को यज्ञ स्थल पर मीडिया कर्मियों समेत जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी आकर श्रमदान किया। आगामी मंगलवार से अमेठी के खरौना में होने जा रहे राष्ट्र जागरण 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिख रहा है । यज्ञ स्थल पर प्रातः काल से लेकर देर रात तक क्षेत्र के बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों समेत दूर दराज के लोग आकर समय दान के साथ अपना श्रमदान कर रहे हैं। रविवार दोपहर यज्ञ स्थल पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने यज्ञ स्थल पहुंचकर समय दान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष के इस कार्य की लोगों ने भरपूर सराहना की । वहीं रविवार भोर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह विभाग प्रचारक ओम प्रकाश जी, जिला प्रचारक पवन जी, बीडीओ संदीप सिंह सहित अमेठी जनपद के भारतीय पत्रकार महासंघ के दर्जनों मीडिया कर्मियों ने पहुंचकर यज्ञ स्थल पर साफ सफाई समेत अनेकों कार्य संपन्न किया । भारतीय पत्रकार महासंघ के जिला अध्यक्ष लोकेश त्रिपाठी ने कहा कि अमेठी जिले के लिए ऐसी यज्ञ का होना अमेठी वासियों के लिए किसी बड़े सौभाग्य से कम नहीं है । जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि मनुष्य प्रातः काल से लेकर देर रात तक दो काम करता है एक सार्थक और एक निरर्थक यदि व्यक्ति धार्मिक कार्यकर्ता है और अच्छा कार्य करता है जिससे किसी का हित होता है तो वह सार्थक कार्य होता है। कुछऐसा ही काम अमेठी जिले में होने वाले इस यज्ञ स्थल पर हो रहा है जो भी व्यक्ति यहां पर पहुंचकर कार्य करें निश्चित रूप से उसका कार्य सार्थक है ।

# शिवमके इनकम टैक्स इंस्पेक्टर बनने पर स्वागत

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के ऐहार गांव निवासी शिवम मिश्रा के आयकर विभाग में इंस्पेक्टर बनने पर श्री परशुराम महासभा उत्तर प्रदेश की कमेटी ने जोरदार स्वागत किया है। श्री परशुराम महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला और महामंत्री अशोक शुक्ला, प्रदेश मंत्री अनुज अवस्थी, उपाध्यक्ष कैलाश बाजपेई , देवेश अग्निहोत्रीने कहा कि शिवम मिश्रा ने आयकर विभाग मे इंस्पेक्टर की नौकरी प्राप्त करके ब्राह्मण समाज सहित जनपद रायबरेली का नाम रोशन किया है। अन्य ब्राह्मण युवकों को भी शिवम मिश्रा से प्रेरणा लेकर लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगन और दृढ़ता से कार्य करना चाहिए। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा और प्रदेश मंत्री मृत्युंजय वाजपेई ने शिवम मिश्रा के प्रशासनिक नौकरी प्राप्त करने पर अपनी शुभकामनाएं अर्पित की। उल्लेखनीय है कि शिवम मिश्रा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लालगंज नगर के सरस्वतीविद्या मंदिर इंटर कॉलेज से की थी। लालगंज से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद आईईटी लखनऊ से सिविल से इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त किया। उसके बाद घर पर रहकर ही एक वर्ष तक तैयारी की और इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के पद की



परीक्षा पास कर अपने परिवार व गांव का नाम रोशन किया । शिवम मिश्रा का पढ़ाई के समय से ही प्रशासनिक सेवा के प्रति झुकाव रहा है। माता-पिता के सहयोग और अपने दृण संकल्प के चलते आज वे प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षा उत्तीर्ण कर इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर सुशोभित हुए हैं। पिता संजय मिश्रा, चाचा अजय मिश्रा व अंजू मिश्रा सहित माता, चाची, भाई ,बहन सभी लोग प्रसन्न है। गांव के गणमान्य लोगों ने इस उपलब्धि पर उनके घर जाकर शिवम मिश्रा को शुभकामनाएं दी एवं आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री गिरीश नारायण पांडे ने भी शिवम मिश्रा के इनकम टैक्स इंस्पेक्टर बनने पर प्रसन्नता जताई है। कीर्ति मनोहर शुक्ला, अनुज अवस्थी, मोनू मिश्रा, रिंकू मिश्रा, अतुल मिश्रा, उमेश सिंह, विकास तिवारी, विनय त्रिवेदी, सुरेश मिश्रा, धुन्नू पांडे, मृदुल तिवारी आदि ने शिवम मिश्रा और उनके पारिवारिक जनों को शुभकामनाएं दी हैं।

## पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट एक महिला की हालत गंभीर

**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** थाना क्षेत्र के इसौली गांव में रविवार को पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच संघर्ष हो गया, जिसमें चार महिलाएं घायल हो गईं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक इसौली गांव की रजकला पत्नी संतोष कुमार (39 वर्ष) घर के पीछे स्थित नल से पानी भरने गई थी, तभी जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही सजर पत्नी कल्लू, मुन्ना और अन्य लोगों ने रजकला पर हमला बोल दिया। शोर मचने पर रजकला को बचाने के लिए कांति पत्नी अशोक कुमार और मिथलेश कुमारी पत्नी पारसनाथ भी दौड़ीं, लेकिन उन पर भी ईंट-पत्थर से हमला कर दिया गया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे और ईंट-पत्थरों से संघर्ष छिड़ गया। इस झड़प में रजकला सहित चार महिलाएं घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही पारा चैकी इंचार्ज चन्द्रशेखर सोनकर ने मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय भेजा। चिकित्सकों ने घायलों की हालत को गंभीर मानते हुए उन्हें सुलतानपुर के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक रजकला का यह विवाद पारसनाथ और कल्लू के बीच है, जो फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। 11 मार्च को कांति, रजकला और मिथलेश ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र दिया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कल्लू ने अवैध रूप से उनका मकान कब्जा कर लिया है। इसी पुराने विवाद को लेकर रविवार को दोनों पक्षों में हिंसक झड़प हो गई, जिससे निषाद समुदाय की महिलाएं घायल हो गईं।

संक्षेप

## महिलाओं-बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक

**फिरोजाबाद।** महिला बीट सुदृढ़ीकरण हेतु शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम मे महिला अपराधों में कमी लाने हेतु,पीड़ित महिलाओं की काउंसलिंग करने हेतु एवं महिला संबंधी कानून के सम्बन्ध में जागरूक करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा जनपद के विभिन्न कस्बों ग्रामों में जाकर महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। महिला बीट पुलिस कर्मी पीडित महिलाओं के पास जाकर उनसे काउंसलिंग की जा रही है साथ ही महिलाओं संबंधी अपराधों में कमी लाने हेतु भी जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में महिलाओं को महिला सम्बन्धी विभिन्न कानूनों के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है इसका मुख्य उद्देश्य महिला सम्बन्धी अपराधों में कमी लाना है एवं महिलाओं से काउंसलिंग कर उनकी समस्याओं को विधिवत सुनते हुए निस्तारण करना है।जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के ग्रामों में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं को आपातकालीन स्थिति में विभिन्न टोल फ्री नम्बरों पुलिस 112, महिला सहायता 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एंबुलेंस 102,108 के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

## शव की पहचान

**मथुरा।** मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास पटरी पर मिले अज्ञात शव की पहचान हो गई है। आज सुबह मथुरा आगरा के बीच नरहौली के पास अज्ञात शव के पड़े होने की जानकारी रेलवे पुलिस को मिली पुलिस ने इसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पहचान के प्रयास में जुटी रही। पुलिस से मिली जानकारी के बाद राया थाना क्षेत्र अन्तर्गत आयराखेड़ा से पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान प्रभाती पुत्र दीप चंद्र के रूप में की है।

## युवक की सड़क हादसे में मौत

**मथुरा।** होली खेलकर भाई की ससुराल से वापस लौटते युवक की बाइक में तेज रफ्तार ट्रेक्टर ट्राली ने थाना राया क्षेत्र में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना राया क्षेत्र के नगला गोगा निवासी आशीष पुत्र अर्जुन सिंह अपने ताऊ के बेटे की ससुराल दाऊजी से वापस लौट रहा था। तभी गाँव सियरा के समीप अनियंत्रित ट्रेक्टर चालक ने तेजी व लापरवाही से वाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दुर्घटना में उसके ताऊ का बेटा घायल हुआ है।

## फंदे पर झूलता मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**मथुरा।** जमुनापार थाना क्षेत्र के यमुना विहार कालोनी के मकान में पंखे के हुक से लटका युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिवारीजनों का कहना है कि प्रेम संबंधों के चलते युवक की हत्या कर शव लटकाया गया है। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। मूलरूप से सिहोरा का रहने वाला लाखन सिंह (25) काफी समय से यमुना विहार कालोनी में रहकर डेयरी का काम करता था। रविवार सुबह पड़ोस की एक महिला उसके घर दूध लेने पहुंची तो दरवाजा बंद देखकर उसने आसपास के लोगों से लाखन के बारे में पूछताछ की। कुछ लोगों ने अंदर जाकर देखा तो युवक का शव पंखे के हुक से लटका हुआ था।

# निर्भय जिलाध्यक्ष व हरिशंकर राजू बने महानगर अध्यक्ष



**मथुरा।** यूपी में बीजेपी जिलाध्यक्ष का लिस्ट जारी हो गया है। जिनमें कई नए चेहरों को जगह मिली है तो कई पुराने चेहरे को जिम्मेदारी मिली ह। वही पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर पर्यवेक्षक अनिल चौधरी जिला चुनाव अधिकारी नबाब सिंह नागर व महानगर चुनाव प्रभारी विमल शर्मा ने बताया बीजेपी ने मथुरा में पुनः निर्भय पांडे व पूर्व महानगर मंत्री रहे हरिशंकर राजू पर पर विश्वास जताकर उन्हें महानगर अध्यक्ष बनाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में निर्भय पांडे के पुनः चयन के बाद जिले में कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। समर्थकों और पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। पार्टी कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं ने जमकर जयघोष किया और मिठाइयां बांटी।

वही कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि अध्यक्ष निर्भय पांडेय के नेतृत्व में जिले में भाजपा संगठन और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि निर्भय पांडे संगठन के प्रति समर्पित और कर्मठ नेता हैं, जिनकी नेतृत्व क्षमता के कारण पार्टी को निरंतर सफलता मिल रही है। महापौर विनोद अग्रवाल ने महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू को बधाई देते हुए उन्होंने आशा जताई कि आने वाले दिनों में भी महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू के मार्गदर्शन में भाजपा महानगर में मजबूती के साथ कार्य करती रहेगी। वहीं उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर आगामी चुनावों में पार्टी को सफलता दिलाने के लिए कार्य करें। जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने अपने संबोधन में पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया और कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गर्व और समर्पण का विषय है। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की रीति-नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। वही महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा, ह्लपार्टी ने जिस विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से भाजपा महानगर को शीर्ष स्थान पर पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया सन 1991 से 2002 तक नगर संयोजक व विभाग संयोजक 2002 में जिला महामंत्री युवा मोर्चा जिला महामंत्री भाजपा बृज क्षेत्र के प्रशिक्षण एवं मथुरा वृंदावन के चुनाव प्रभारी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष वह जिले के वर्तमान अध्यक्ष रहे।

## कार डिवाइडर से टकराकर पलटी, तीन की मौत

**मथुरा।** शेरगढ़ से नोएडा जा रही तेज रफ्तार कार नौहझील थाना क्षेत्र में बीती देरसायं यमुना एक्सप्रेसवे पर माइल स्टोन 63 पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में महिला समेत तीन लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि दो लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। मूल रूप से शेरगढ़ थाना क्षेत्र विशंभरा निवासी अजरुद्दीन नोएडा के जेवर स्थित ससुराल में रहकर जेसीबी चलाते हैं। वह बीते दिनों किसी काम से पत्नी खैरूनिशा, रिश्तेदार अरसद, असरू निवासी जेवर व जैकव निवासी जहानगढ़ थाना टप्पल के साथ शेरगढ़ के गांव विशंभरा में आए थे। शनिवार शाम सभी महेंद्रा टीवीएक्स में सवार होकर वापस नोएडा जा रहे थे। नौहझील थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे पर माइल स्टोन 63 के समीप शाम सात बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में खैरूनिशा, उनके भाई जैकम और असरू की मृत्यु हो गई, जबकि पति अजरुद्धीन और अरसद गंभीर घायल हो गए। नौहझील पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। नौहझील थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि घायल अपने पैतृक गांव में रमजान के अवसर पर आए थे। शनिवार को लौटते समय हादसा हो गया।

## ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शनों का समय बदला

**मथुरा।** जन जन के आराध्य ठाकुर श्रीबांकेबिहारी महाराज के मंदिर में रविवार से दर्शनों की समयसारिणी बदल गई। इसके चलते ठाकुरजी के दोनों समय के दर्शन, तीनों आरतियों व शयन करने के समय में परिवर्तन हो गया है। रविवार को प्रातःकालीन दर्शन 7:45 बजे से भक्तों के लिए दर्शन खुले। वहीं उनकी 7:55 बजे श्रंगार आरती हुई तथा 11:55 बजे राजभोग आरती के बाद 12 बजे पट बंद हो गए। इसी प्रकार से रविवार सायंकाल 5:30 बजे पट पुनः खुले और 9:25 बजे शयन आरती होने के बाद रात्रि 9:30 बजे पट बंद हो गए। बांके बिहारी मंदिर में दर्शन समय में बदलाव के साथ ही मंदिर सेवायत उनकी भोगराग सेवा में भी बदलाव कर दिया गया है। अब गर्मी में हल्के कपड़ों की पोशाक धारण करवाई जाएगी। भोग में शीतल पदार्थों की मात्रा में वृद्धि कर दी जाएगी। यह टाइमिंग अब दिवाली तक लागू रहेगा।

## श्रद्धालुओं से भरी मैक्स को ट्रैक्टर ट्राली ने मारी टक्कर, 16 घायल

**मथुरा।** वृंदावन की परिक्रमा करके लौट रहे अलीगढ़ जनपद के गौड़ा निवासी श्रद्धालुओं से भरी मैक्स पिकअप गाड़ी में भूसे से भरे ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। घटना में मैक्स सवार 16 श्रद्धालु घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला संयुक्त चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती करवाया है।

थाना जमुनापार क्षेत्र के डांगोली तिराहा पर रविवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे वृंदावन परिक्रमा कर मैक्स गाड़ी में बैठकर अलीगढ़ जनपद के थाना गौड़ा के गांव नगला ताल लौट रहे श्रद्धालुओं की कार सामने से आ रहे भूसे के ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गई। भिड़ंत इतनी तेज थी कि मैक्स सवार श्रद्धालुओं में चीख पुकार मचना शुरू हो गई। श्रद्धालुओं की चीख पुकार सुनते ही राहगीर घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंसों में बिठाकर घायल हुए 16 श्रद्धालुओं को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती करवया। घटना में घायल हुए लोगों में अलीगढ़ जनपद के थाना गौड़ा के गांव नगला ताल निवासी 16 वर्षीय मौनू, 16 वर्षीय सोनिया, 16 वर्षीय अनुभव, 60 वर्षीय भरत सिंह, 28 वर्षीय कार चालक शकील, 28 वर्षीय गीतम, 35 वर्षीय जगपाल, 30 वर्षीय आरती, 30 वर्षीय राजकुमारी, 45 वर्षीय कृष्णवीर सिंह, 48 वर्षीय सुंदर सिंह, 16 वर्षीय नरेश कुमार, 30 वर्षीय ऊषा, 30 वर्षीय दिगंबर, 40 वर्षीय डौली, 45 वर्षीय संतोष घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में प्राथमिक उपचार चल रहा है। पुलिस ने दोनों ही वाहनों को बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## धूमधाम से मना चैतन्य महाप्रभु का प्राकट्य महोत्सव

**मथुरा।** वृंदावन नगर के सप्त देवालयों में से प्रमुख ठाकुर राधा दामोदर मंदिर में चल रहे चैतन्य महाप्रभु का त्रिदिवसीय 540 वा प्राकट्य महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर के सेवायत आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर चैतन्य महाप्रभु का त्रिदिवसीय प्राकट्य महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें गौर पूर्णिमा को राधा दामोदर लाल के भक्तों के साथ फूलों की होली का आयोजन हुआ और संध्या कालीन बेला में चैतन्य महाप्रभु का पंचामृत से महाभिषेक किया गया। जिसमें दूध, दही, शहद, घी, गंगाजल एवं इत्यादि जड़ीबूटियों से अभिषेक किया गया। साथ ही मंदिर परिसर में छप्पन भोग का भी आयोजन हुआ।

# अखिल भारतीय जाट महासभा ने किया होली मिलन समारोह आयोजित



**टूंडला।** अखिल भारतीय जाट महासभा एवं महाराजा सूरजमल जाट एकता समिति के तत्वाधान में नगर के एलएसपी फार्म हाउस बसई रोड़ टूंडला में होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अखिल भारतीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सादाबाद चौ.प्रताप सिंह ने कहा कि होली सामाजिक एकता और भाई चारे का प्रतीक है। यह पर्व आपसी भेदभाव भुलाकर एकजुट रहने का संदेश देता है। सभी लोग मिलजुलकर एकजुट रहें। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अखिल भारतीय जाट महासभा के फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष दीपक चौधरी ने कहा कि होली प्यार और उमंग का त्यौहार है, यह त्योहार जीवन में सदैव खुश रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में गांव देहात के कलाकारों की फगुआ गीतों की प्रस्तुति से माहौल को रंगीन बना दिया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में कप्तान सिंह चाहर जिलाध्यक्ष आगरा, राजेश चौधरी जिला अध्यक्ष मथुरा, सुरेंद्र चौधरी युवा जिलाध्यक्ष आगरा, दीपक चौधरी जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद, युवा जिलाध्यक्ष हनी पोनियां, नगर पालिका अध्यक्ष टूंडला चौ. भंवर सिंह, रालोद जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद मा.देशराज सिंह,चौ. इंद्रपाल सिंह पोनियां,चौ. निरंजन सिंह पोनियां,चौ. हमवीर सिंह, देवेंद्र बेनीवाल, डॉ.ब्रज पाल पोनियां, चौ.ओम प्रकाश, सतेंद्र चौधरी,किशोर चौधरी,करतार सिंह पोनियां मीडिया प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अखिल भारतीय जाट महासभा फिरोजाबाद, लाल बहादुर सिंह,राजेंद्र प्रधान, मुकेश प्रधान,सुरेंद्र नौहवार कुलदीप पोनियां पूर्व सभासद धर्मेंद्र चौधरी व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

# लोगों को उपदेश देना सही है लेकिन पांच बातें हों, वहीं दे सकता है उपदेश : प्रेमानंद महाराज



**मथुरा।** प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन के लिए बहुत दूर-दूर से लोग आते हैं, उनकी एक झलक पाने के लिए लोग बहुत लालायित रहते हैं। हर दिन सोशल मीडिया में महाराज की वीडियो वायरल रहती है। वह अपने सत्संग में लोगों को गलत रास्तों को छोड़कर आध्यात्मिक और सन्मार्ग पर चलने की उपदेश देते हैं। प्रेमानंद जी महाराज राधारानी और भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त हैं। उनके पास भक्त अपनी तमाम परेशानियों को लेकर आते हैं। सत्संग के दौरान श्रद्धालु जीवन की तमाम उलझनों और सांसारिक मोह माया से जुड़े सवाल पूछते हैं, जिसका प्रेमानंद जी तर्कसंगत जवाब देते हैं। वहीं आज उन्होंने लोगों द्वारा उपदेश देने वाले व्यक्ति में पांच बातों का होना जरूरी बताया। वहीं एक भक्त ने महाराज जी से कलयुग के बारे में सवाल पूछा. जिस पर प्रेमानंद महाराज ने ऐसा जवाब दे दिया, जिसे सुनकर आप हो जाएंगे दंग। वृंदावन महाराज ने अपनी कथा के दौरान बताया कि कब लोगों को उपदेश देना सही है, जिनमें पांच बातें हों वहीं उपदेश दे सकता है। अर्थप्राप्ति, स्वार्थप्राप्ति, जिसके वाणी में सत्य नहीं इन लोगों को उपदेश नहीं देना चाहिए। वहीं, जिसे शब्दब्रह्म का ज्ञान हो और इष्ट के प्रेम में डूबा हुआ है। वह उपदेश दे सकता है। इसके साथ ही उन्होंने दूसरों के बारे में सोचने से पहले अपना सोचने की सलाह दी है।

प्रेमानंद जी ने कहा, कलयुग में जिसके पास धन होगा, उसी को महान माना जाएगा. साथ ही सभी लोग भी उसी को बड़ा आदमी मानेंगे। महाराज जी कहते है की जिस व्यक्ति के पास धन नहीं होता उसके पास को नहीं टिकता हैं. हर लोगों को धनवान व्यक्ति की जरूरत होती हैं। साथ ही जिसके पास धन होता है, जिसके पास पावर होता है, लोग उसे ही अधिक महत्व देते है और उनका सम्मान करते हैं। पहले लड़की और लड़कों की कुंडली देखी जाती थी, लेकिन ये कलयुग में ऐसा नहीं होगा, युवक-युवती के पसंद से ही शादी होगा कोई जाति और धर्म नहीं देखा जाएगा। साथ ही जो व्यक्ति जितना गंदा व्यवहार करेगा, उसे उतना ही अच्छा माना जाएगा।

## धार्मिक स्थलों के विकास से स्थानीय पर्यटन को मिलेगी नयी ऊर्जा : जयवीर सिंह

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में फिरोजाबाद जिले के ग्राम नारखी धौकल स्थित प्राचीन देवर्षि नारद मुनि मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास के लिए 1.29 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस परियोजना की प्रथम किशत के रूप में 40 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस राशि से मल्टीपरपज हॉल, शौचालय,बेंच सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जायेगी। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और मंदिर परिसर अधिक व्यवस्थित होगा। सरकार का उद्देश्य धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस पहल से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार धार्मिक स्थलों के विकास पर ध्यान दे रही है। इससे न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी नई ऊर्जा मिलेगी। नारद मुनि मंदिर का जीर्णोद्धार इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मंदिर के सौंदर्यीकरण की खबर से स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में उत्साह है। वे उम्मीद कर रहे हैं कि इस पहल से न केवल मंदिर का ऐतिहासिक महत्व और बढ़ेगा, बल्कि क्षेत्र में रोजगार और व्यापार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

## होली मिलन समारोह में हुआ भानू के प्रदेश सचिव का स्वागत अभिनंदन



**आगरा।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) का होली मिलन समारोह नाऊ की सराय, आगरा में बंटी चौहान के निवास पर आयोजित किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में भाकियू के नवनियुक्त प्रदेश सचिव (युवा मोर्चा) सौरभ पाठक का सभी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सौरव पाठक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है उसका मैं उसको बखूभी निभाऊंगा और सभी को साथ लेकर संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा। प्रदेश अध्यक्ष युवा पवन समाधियां ने सभी को चंदन और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सौरभ पाठक संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और होली के गीतों पर नृत्य करते हुए जमकर मस्ती की। इस दौरान सभी ने गुजिया और ठंडाई का आनंद लिया। होली मिलन समारोह में प्रमुख रूप से भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष युवा पवन समाधियां, प्रदेश सचिव युवा सौरभ पाठक, राष्ट्रीय सचिव एके सिंह चंदेल, बंटी चौहान, बंटी शर्मा, रमाकांत तिवारी, प्रवीन कुमार, शैलेंद्र गर्ग, गौरव यादव, अमर सिंह राठौर आदि यूनियन के सम्मानित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ग्रामीण पत्रकार एसो. आगरा की आवश्यक बैठक व होली मिलन समारोह कल

**आगरा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन आगरा की जिला इकाई द्वारा 17 मार्च सोमवार सुबह दस बजे सीतापुर में हुई पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की हत्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी आगरा को कलक्ट्रेट पर ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन के बाद 11बजे नागरी प्रचारिणी सभा भवन एम जी रोड़ पर आवश्यक बैठक एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विष्णु सिकरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही, संगठन की मजबूती और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी शामिल होंगे, जो पत्रकारों की समस्याओं और संगठन की गतिविधियों पर मार्गदर्शन देंगे। बैठक के उपरांत, संगठन के सभी सदस्यों के लिए फूलों की होली मिलन समारोह का आयोजन होगा। जिसमें पत्रकारों को एक-दूसरे से घुलने-मिलने और संगठन को और मजबूत करने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन केवल त्योहार के रंगों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके माध्यम से संगठन की एकता और मजबूती को भी नया आयाम मिलेगा। जो सदस्य अब तक अपनी सदस्यता नवीनीकरण नहीं करा सके हैं, वे इस अवसर पर इसे पूरा कर सकते हैं। साथ ही, जो भी पत्रकार संगठन से नए जुड़ना चाहते हैं, उनके लिए भी यह एक सुनहरा अवसर है। नए सदस्य अपनी सदस्यता ग्रहण कर संगठन का हिस्सा बन सकते हैं। इसके लिए सभी को आधार कार्ड, संस्थान का आई कार्ड/लेटर और दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाने होंगे।

## गढ़ी ईश्वरा, दिगनेर की गलियां बनीं बरसाना, होली के रसिया की रही धूम

**आगरा।** खेलन दे मोय होरी रे रसियाङ्कसखी री मोर मुकुट वारों सांवरियाङ्कखेल फाग अनुराग मुदित जुबती जन देत असीसङ्क.होली खेले नटवर नंद किशोरङ्कजैसे होली के रसिया की धूम थी और बरसाना की लठामार होली की परंपरा का आनंद बरस रहा था गढ़ी ईश्वर, दिगनेर, शमशाबाद रोड की गलियों में। शनिवार को होली के दूज पर श्रीमनकामेश्वर मंदिर मठ की ओर से दिगनेर में बाबा के होली के डोले का नगर भ्रमण आयोजित किया गया। गुलाल, अबीर और फूलों की बौछार करते हुए बाबा के डोले ने स्थानीय लोगों संग जमकर होली खेली। करीब एक मन फूलों की होली खेली गयी। श्रीमनकामेश्वर मंदिर श्रीमहंत योगेश पुरी और मठ प्रशासक हरिहर पुरी ने होली के रसिया की जब समुधर तान छेड़ी तो ढपली, चंग, मृदंग की की जुगलबंदी ने सभी को तरंगित कर दिया। गांव की गली-गली में बरसाना जैसी हुरियारिनें तैयार थीं। लाज का लंबा घूंघट लेकिन हाथ में हुरियारों को सबक सिखाने को लठ्ठ थामें थीं। जैसे ही नंदगाव के हुरियारे बन युवकों की टोलियां ढालकर लेकर आईं वैसे ही लठ्ठों को लेकर हुरियारिनें सामने आ गयीं। रंग, पानी के साथ कीचड़ की होली से सभी सराबोर हो गए। इस नयनाभिराम दृश्य के साक्षी बनने के लिए सैंकड़ों लोग घरों की छतों पर घंटों एकत्रित रहे। श्रीमहंत योगेश पुरी ने बताया कि बाबा के डोले का नगर भ्रमण कुशवाह नगर भोले बाबा मंदिर से आरंभ हुआ, जोकि शनिदेव मंदिर, जूनियर स्कूल से होते हुए देवी मंदिर, हनुमान मंदिर, मुख्य बाजार से होते हुए शनिदेव पर सम्पन्न हुआ।



## गौरव को मुंबई में मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**आगरा।** मुंबई के जुहू बीच स्थित रमाडा होटल में भारत आइकोनिक अचीवर्स अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न क्षेत्रो की शख्सियतों को सम्मानित किया गया। मन्नते फाउंडेशन के अध्यक्ष और ताजनगरी के आवास विकास कॉलोनी निवासी गौरव धवन को यूएसए की मेरीलेंड स्टेट यूनिवर्सिटी से बिजनेस के क्षेत्र में डॉक्टरेट की उपाधि से महाराज मोहितानन्द जी, पूर्व राज्यसभा सांसद संजय निरुपम, इनकम टेक्स कमिश्नर अजय केसरी, ग्लोबल गवर्नेंस न्यूज ग्रुप के एडिटोरियल चैयरमेन डॉ. कुमार राकेश, बॉलीवुड फिल्म प्रोड्यूसर आरुषि निशंक, डायरेक्टर प्रोड्यूसर सुजॉय मुखर्जी, पार्श्व गायिका अर्पिता चक्रवर्ती, बॉलीवुड अभिनेत्री रिमी डे सरकार, दक्षिण की अभिनेत्री जारा खान और अभिनेत्री श्रेया शुक्ला, पुणे प्रोड्यूसर सेलेब्रटी सुप्रिया मुखर्जी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति डॉ. विजय किशोर बंसल ने सफल कार्यक्रम की आयोजकों को शुभकामनाये दी। गौरव ने अपने सम्मान का श्रेय डॉ. विजय किशोर बंसल को दिया। गौरव का कहना है कि मैं डॉ. विजय किशोर बसंल को अपना आदर्श मानता हूँ। उनके सेवा कार्य से प्रेरित होकर मेरा जीवन बदल गया। इस अवसर पर कुलदीप पाठक, कुलदीप ठाकुर, अतुल तिवारी, डॉ. प्रीती तगड़े, अक्षत शर्मा, सतीश जयकिशन तिवारी, डॉ मनीष कुमार, हिमांशु उपस्थित रहे।

## नये जिलाध्यक्ष : खांटी भाजपाई हैं राज कुमार गुप्ता और प्रशांत पौनिया

**आगरा।** भाजपा ने आगरा में अपने दोनों जिलाध्यक्षों के चयन में एक ओर जहां अपने परम्परागत वैश्य वोट बैंक का ख्याल रखा है तो दूसरी ओर देहात के बड़े वोट बैंक के साथ ही पिछड़े समाज को ध्यान में रखकर जाट समाज को वरीयता दी है। भाजपा के नये महानगर अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता और जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया खांटी भाजपाई हैं। दोनों ने अब तक के राजनीतिक सफर में पार्टी में बहुत सारी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। भाजपा के नये जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनियां अब तक पार्टी में बृज क्षेत्र किसान मोर्चा के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पौनिया ने पार्टी में निचले स्तर से यहां तक का सफर तय किया है। वे श्याम भदौरिया के जिलाध्यक्ष काल में जिला महामंत्री का दायित्व संभाल चुके हैं। महेश बघेल और जितेंद्र फौजदार की टीम में भी वे जिले के पदाधिकारी रहे। इसके अलावा युवा मोर्चा समेत निचली इकाइयों में भी दायित्व निभाए हैं। महानगर अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता वर्तमान में महानगर भाजपा में उपाध्यक्ष पद का दायित्व संभाल रहे थे। राज कुमार गुप्ता ने भी पार्टी में विभिन्न पदों का दायित्व संभाला है और पार्टी के समर्पित कार्यकताओं में उनकी गिनती होती है।

## तहसील के गेट पर कई माह से खराब पड़ी है पानी की टंकी



**टूडला।** नगर की तहसील के गेट पर लगी पानी की टंकी विगत कई माह से खराब पड़ी है। जिसकी ओर पालिका का कोई ध्यान नहीं है। अब गर्मी का मौसम आ गया है। लोगों को पीने के पानी की आवश्यकता पडेगी ऐसे में तहसील आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पालिका परिषद द्वारा तहसील के गेट पर एक पानी की टंकी लगायी गयी थी जिससे तहसील में आने जाने वाले लोग गर्मी के दिनों में इससे अपनी प्यास बुझा सकें। यह टंकी विगत कई माह से खराब पड़ी है। अब तक तो सर्दी का मौसम रहा तो लोगों को पानी की आवश्यकता नहीं पड़ी लेकिन अब गर्मी का मौसम आ गया है। तहसील आने जाने वाले लोगों को पानी की जरूरत पड़ती है। ऐसे में लोगों को खरीद कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। गर्मी को देखते हुए इस टकी को ठीक कराना आवश्यक है। इस सम्बंध में पालिका के अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने बताया है कि उनकी जानकारी में नहीं था, इस टंकी को शीघ्र ही ठीक करायेगे।

# धूमधाम से मनाया गया दाऊजी महाराज का हुरंगा



**मथुरा।** ब्रज में हुरंगा की अनूठी परंपरा है। ब्रज की होली भगवान श्रीकृष्ण पर केंद्रित है, जबकि दाऊजी का हुरंगा बलदेवजी पर केंद्रित है। ठाकुर बांके बिहारी की नगरी श्रीधाम वृंदावन में की नगरी शनिवार को विश्व प्रसिद्ध हुरंगा का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। हुरियारिनों ने महारास किया। इसे देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बैंडबाजे की धुन पर होली रसिया गीतों का गायन हुआ।

दाऊजी महाराज को फाग महोत्सव पर हुरंगा खेलने के लिए निमंत्रण दिया जाता है। इसके बाद महिलाए परंपरागत पोशाक लहंगा, फरिया, स्वर्ण आभूषण पहनकर हुरंगा में आती है। श्रद्धालु होली की मस्ती में आनंदित होते रहे। श्रीकृष्ण- बलराम, राधा-कृष्ण स्वरूप झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इन्हें देखने के लिए दर्शकों में उत्सुकता चरम पर दिखी। मंदिर प्रांगण देवलोक जैसा दिखाई दे रहा था। मेरो खो गयो बाजू बंद रसिया होरी में, जि होरी नाय दाऊजी का हुरंगा है, विभिन्न लोकगीत बजाए गए। मंदिर सेवायत दीपक गोस्वामी ने बताया कि यह अत्यंत प्राचीन परंपरा है जिसमें ठाकुर समाज के पुरुष व महिलाएं हुरंगे में भाग लेती हैं। इससे पहले और समाज के लोगों को निमंत्रण भेजा जाता है। महिलाएं सज धज कर हुरियारिनों के रूप में और पुरुष हुरियारे के रूप में हुरंगा खेलने आते हैं। हुरियारिनो के हुरियारों के ऊपर लट्ठ चलाये जिससे बचने के लिए हुरियारों ने ढाल से अपने आप को बचाया। हुरंगे के बाद दाऊजी महाराज की शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें दाऊजी के विग्रह को विराजमान कर शोभा यात्रा निकल गई। जो की मंदिर से प्रारंभ होकर बनखंडी महादेव, लोई बाजार, रेतिया बाजार, प्रताप बाजार, गोविंद देव मंदिर, चैराहा होती हुई मंदिर पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विष्णु गोपाल गोस्वामी धीरज गोस्वामी अनंत गोस्वामी, राजू बृजवासी, धीरेन्द्र सिंह, भाव सिंह, राजेश अग्रवाल, गोविब्द भघेल, दीपक अग्रवाल, मनोज, नरेंद्र, सुरेश सिंह, श्याम सिंह, प्रिंस अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे।

## दीवाना गांव में हुआ छड़ीमार हुरंगा

**मथुरा।** राया होली के इस पर्व को दिलो के मिलान का पर्व कहा जाता है। इसे ब्रज में अलग अलग अंदाज में मनाया जाता है। इसी के क्रम में राया विकास खण्ड के गाँव दीवाना कलां में महिलाएं प्रेम पगी छड़ी लेकर मैदान में पहुंची जहां उनके इंतजार कर रहे पुरुषों में जमकर प्रेम पगी छड़ियो की बरसात के साथ होली मनाई। इस दौरान श्यामवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया पारंपरिक लठमार होली हुरंगा का आयोजन विगत वर्षों की भांति किया गया। जिसमें महिलाएं बुजुर्ग युवा एवं बच्चे सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा हुरंगा का आनंद उठाया।




## संक्षेप

### अल्काराज को हराकर ड्रेपर वेल्स फाइनल में

इंडियन वेल्स। जैक ड्रेपर ने दो बार के गत चैम्पियन कार्लोस अल्काराज को 6.1, 0.6, 6.4 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। 13वीं वरीयता प्राप्त ड्रेपर का सामना अब 12वीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने से होगा। रूने ने पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव को 7.6, 6.4 से मात दी जो टूर पर उनकी 150वीं जीत थी। महिला वर्ग के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका का सामना 17 वर्ष की मिर्रा आंद्रीवा से होगा। ड्रेपर ने इस जीत के साथ एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अल्काराज के 16 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगा दी।

### मैकलारेन के लैंडो नौरिस ने आस्ट्रेलियाई ग्रां प्री जीती

मेलबर्न। मैकलारेन के लैंडो नौरिस ने वर्षाबाधित आस्ट्रेलियाई ग्रां प्री जीत ली जबकि रेडबुल के मैक्स वेरस्टाप्पेन मामूली अंतर से चूक गए। फेरारी के लिये पदार्पण करने वाले सात बार के चैम्पियन लुईस हैमिल्टन निराशाजनक दसवें स्थान पर रहे। सत्र की पहली रेस 2010 के बाद पहली बार मेलबर्न में बारिश के बीच आयोजित की गई। वेरस्टाप्पेन पहला स्थान पाने से 0.865 सेकंड से चूक गए। मर्सीडीज के जॉर्ज रसेल तीसरे स्थान पर रहे। मैकलारेन ने आस्ट्रेलिया ग्रां प्री में 12वीं बार जीत दर्ज करके फेरारी का रिकॉर्ड भी तोड़ा। उसके दूसरे ड्राइव आंद्रिया किमि एंटोनेली पांचवें स्थान पर रहे।

### फॉर्म आईपीएल में भी जारी रखना चाहते हैं करुण नायर

नयी दिल्ली। घरेलू क्रिकेट में सभी प्रारूप में शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी अच्छी फार्म जारी रखकर अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स को पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाना चाहते हैं। नायर घरेलू क्रिकेट में विदर्भ के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में खेली जाने वाली विजय हजारे ट्रॉफी में नौ मैच में 389.50 की औसत से 779 रन बनाए जिसमें पांच शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में भी अपनी यह फॉर्म जारी रखी और 57.33 की औसत से 860 रन बनाए जिसमें चार शतक शामिल हैं। उन्होंने केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में नाबाद 132 रन बनाकर अपनी टीम को चैंपियन बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिल्ली कैपिटल्स ने आगामी आईपीएल से पहले उन्हें 50 लाख रुपए में खरीदा। नायर ने यहां पत्रकारों से कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स की टीम में वापसी करके वास्तव में बहुत खुश हूं। मैं टीम से जुड़ने और खेलने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं प्रत्येक मैच को पिछले मैच की तरह महत्वपूर्ण मानकर चलूंगा। मैंने बहुत अधिक बदलाव नहीं किये और केवल प्रक्रिया पर भरोसा रखा तथा पूरे सत्र के दौरान ऐसा करना जारी रखा। इस सत्र के लिए यही मेरी रणनीति थी।

### डब्ल्यूपीएल फाइनल हारने के बाद दिल्ली के मुख्य कोच ने कहा

मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने महिला प्रीमियर लीग में लगातार तीसरा फाइनल हारने के बाद कहा कि शायद उनकी टीम दबाव का सामना नहीं कर सकी। दिल्ली कैपिटल्स फाइनल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 150 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ रन से चूक गई। इससे पहले दो सत्रों में उसे आरसीबी और मुंबई ने ही हराया था। कोच ने मैच के बाद कहा सभी बहुत आहत हैं। मुझे लगता है कि इस विकेट पर 150 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। बड़ा मैच, फाइनल खेलने का दबाव शायद खिलाड़ी झेल नहीं पाये लेकिन मुंबई को जीत का श्रेय जाता है जिन्होंने इस स्कोर का भी बचाव कर लिया। उन्होंने कहा उन्होंने हमारे लिये काफी कठिन कर दिया और हम कभी दबाव बना नहीं पाये। उन्होंने कहा कि पिछले दो फाइनल हारने का उनकी टीम पर कोई मनोवैज्ञानिक दबाव नहीं था। उन्होंने कहा सभी लड़कियां काफी सकारात्मक थीं। मैं उन्हें दोष नहीं देता। ऐसी नकारात्मक बातें हो रही थी कि पिछले दो फाइनल हारने का कोई दबाव है लेकिन ऐसा नहीं था।

# न्यूजीलैंड ने पाक को नौ विकेट से हराया

## पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के तेज आक्रमण का सामना नहीं कर सकी और 18.4 ओवर में 91 रन

एजेंसी




क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को नौ विकेट से हरा दिया। अपनी मेजबानी में हुई 50 ओवरों के प्रारूप की चैम्पियंस ट्रॉफी में एक भी मैच नहीं जीत पाने के बाद पाकिस्तान की टीम में कई बदलाव किये गए हैं।सलमान आगा पहली बार कप्तानी कर रहे हैं और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी में अब हर श्रृंखला अहम है। पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के तेज आक्रमण का सामना नहीं कर सकी और 18.4 ओवर में 91 रन पर आउट हो गई।

यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का पांचवां न्यूनतम स्कोर है। न्यूजीलैंड ने 10.1 ओवर में एक विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। टिम सीफर्ट ने 29 गेंद में 44 और फिन एलेन ने 17 गेंद में 29 रन बनाये। टिम रॉबिनसन 18 रन बनाकर नाबाद रहे। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम की जगह खेल रहे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस और हसन नवाज खाता भी नहीं खोल सके। पहले छह ओवर में पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 14 रन था। न्यूजीलैंड के लिये काइल जैमीसन ने आठ रन देकर तीन और जैकब डफी ने 14 रन देकर चार विकेट लिये। दूसरा मैच मंगलवार को डुनेडिन में खेला जायेगा।

**मुंबई इंडियंस दूसरी बार बनी डब्ल्यूपीएल चैंपियन**

मुंबई इंडियंस ने पहले सीजन के फाइनल में भी दिल्ली कैपिटल्स को ही हराया था। मुंबई इंडियंस ने 3 साल में दूसरी बार विमेंस प्रीमियर लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में 8 रन से हराया। दिल्ली लगाातर तीसरी बार रनर-अप रही। ब्रेबोर्न स्टेडियम में मुंबई ने 7 विकेट खोकर 149 रन बनाए। दिल्ली की टीम 141 रन ही बना सकी। मुंबई से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अहम मौके पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने नैटली सिवर ब्रंट के साथ 89 रन की अहम पार्टनरशिप भी की। सिवर ब्रंट ने गेंदबाजी में 3 विकेट लिए और अपनी टीम का कमबैक कराया। मुंबई ने पावरप्ले में 2 विकेट गंवाए टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरूआत खराब रही। टीम ने 14 रन के स्कोर तक 2 विकेट गंवा दिए। यहां से कप्तान हरमनप्रीत कौर और नैटली सिवर ब्रंट ने पारी संभाली। हालांकि, दोनों ने बेहद धीमे बैटिंग की। 8वें ओवर के बाद हरमन ने शॉट्स खेलने शुरू कर दिए, उन्होंने 15वें ओवर में टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया।

इसी ओवर में नैटली 30 रन बनाकर आउट हो गईं। उन्होंने हरमन के साथ 89 रन की पार्टनरशिप की। हरमन की फिफ्टी, टीम ने सम्मानजनक स्कोर बनाया हरमन एक एंड पर टिकी रहीं, उनके सामने अमीलिया केर 2 और सजीवन साजना खाता खोले बगैर आउट हो गईं। हरमन भी 66 रन बनाकर आउट हो गईं। आखिर में जी कमलिनी ने 10, अमनजोत कौर ने 14 और संस्कृति गुप्ता ने 8 रन बनाकर टीम का स्कोर 149 तक पहुंचा दिया। दिल्ली ने 7 विकेट लिए। टीम से मारिजान कैप, जेस जोनासेन और श्री चरणी ने 2-2 विकेट लिए। एनाबेल सदरलैंड को 1 विकेट मिला। शिखा पांडे और मिन्नु मणि को कोई विकेट नहीं मिला।

# बीसीसीआई की चिकित्सा टीम के प्रमुख ने दिया इस्तीफा, सीओई में हो सकते हैं बदलाव




नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर आफ एक्सीलेंस (सीओई, पहले एनसीएराष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) के स्टाफ में आने वाले कुछ महीनों में कुछ बदलाव हो सकते हैं क्योंकि खेल विज्ञान और चिकित्सा टीम के प्रमुख नितिन पटेल ने हाल ही में लगभग तीन साल के सफल कार्यकाल के बाद अपना इस्तीफा दे दिया है। पटेल इस पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे, लेकिन बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की कि एनसीए के सबसे वरिष्ठ कर्मचारियों में से एक नितिन ने वास्तव में अपना पद छोड़ दिया है।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, हां, नितिन ने स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम के प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया है। नितिन का बीसीसीआई के साथ बहुत अच्छा कार्यकाल था। उन्होंने एनसीए में स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सूत्र ने कहा पिछले कुछ वर्षों में सबसे अच्छी बात यह रही कि जब भी कोई खिलाड़ी चोटिल होने पर उपचार के लिए यहां आता था तो पूरी तरह फिट होने पर ही उसे खेलने की मंजूरी मिलती थी। नितिन का परिवार विदेश में रहता है और सीओई के खेल विज्ञान और चिकित्सा प्रभाग की जिम्मेदारी संभालना साल में 365 दिन का काम है। पटेल ने अपने कार्यकाल के दौरान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी, बल्लेबाज केएल राहुल और स्पिनर कुलदीप यादव जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के रिहैबिलिटेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सूत्र ने कहा कि लेवल तीन के कुछ कोच और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग से जुड़े कुछ कोच अगले कुछ महीनो में अपना पद छोड़ सकते हैं। एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण का कार्यकाल इस साल के अंत तक पूरा होने वाला है। उनसे हालांकि 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक अपने पद पर बने रहने का अनुरोध किया जा सकता है। पटेल से पहले एनसीए से जुड़े कोचों में से एक साईराज बहुतुले ने भी पद छोड़ दिया था और वह राजस्थान रॉयल्स के सहयोगी स्टाफ में शामिल हो गए।

# श्रीभूमि एफसी ने सेतु एफसी को 3-2 से हराया

एजेंसी



बौरकपुर (पश्चिम बंगाल)। भारतीय फुटबॉल टीम की स्टार स्ट्राइकर बाला देवी की हैट्रिक की मदद से मेजबान श्रीभूमि एफसी ने रविवार को यहां इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) में सेतु एफसी को 3-2 से हरा दिया। बाला देवी ने 39वें, 49वें (पेनल्टी) और 65वें मिनट में गोल किए। वहीं सेतु एफसी ने 37वें मिनट में हदीजाह नंदगो के गोल से बढ़त बनाई और टीम के लिए दूसरा गोल लिशम बबीना देवी ने 88वें मिनट में किया। इस जीत से श्रीभूमि एफसी के आठ मैच में 12 अंक हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर है जबकि सेतु एफसी के आठ मैच में 10 अंक हैं। भुवनेश्वर में खेले गए दूसरे मैच में मनीषा नाइक के दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से नीता एफए ने होप्स एफसी पर 2-0 से जीत हासिल की। मनीषा ने 60वें और 63वें मिनट में दो गोल दागे। नीता एफए आठ मैच में 10 अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गई। वहीं होप्स एक अंक के साथ सबसे नीचे बनी हुई है।

**आइजोल एफसी ने दिल्ली एफसी को हराया**

माहिलपुर (पंजाब)। विंगर लालबियाकडिका के दो गोल की मदद से आइजोल एफसी ने रविवार को यहां आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में दिल्ली एफसी को 2-0 से हराया। लालबियाकडिका ने 40वें और 77वें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को महत्वपूर्ण तीन अंक दिलाए। आइजोल के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि वह वर्तमान सत्र में पहली बार अंतिम दो टीम से ऊपर आने में सफल रहा। आइजोल के अब 19 मैच में 19 अंक हैं तथा वह एससी बेंगलुरु और दिल्ली की टीम से ऊपर पहुंच गया है। बेंगलुरु की टीम ने हालांकि उससे एक मैच कम खेला है।

### शेफाली और लैनिंग के विकेटों से मैच हमारे पक्ष में हो गया : मुंबई कोच

मुंबई। मुंबई इंडियंस की मुख्य कोच चार्लोट एडवर्डस ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के विकेट जल्दी चटकाने से उनकी टीम को महिला प्रीमियर लीग फाइनल जीतने में मदद मिली। लैनिंग 13 और शेफाली चार रन बनाकर उस समय आउट हुईं जब स्कोर बोर्ड पर 17 रन टंगे थे। जीत के लिये 150 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम नौ विकेट पर 141 रन ही बना सकी। एडवर्डस ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमें पता था कि 150 रन का लक्ष्य ज्यादा बड़ा नहीं होगा लेकिन फाइनल में यह बुरा भी नहीं था। शेफाली अपना चिर परिचित प्रदर्शन नहीं कर सकी और मुझे पता था कि उसका विकेट लेने के बाद हमारे लिये मौका है। उन्होंने कहा लैनिंग और शेफाली की शुरूआती साझेदारी हमारे लिये पिछले कुछ साल में सिरदर्द रही थी और उन दोनों को जल्दी आउट करने से मदद मिली। यह टीम प्रयासों का नतीजा है। इंग्लैंड की पूर्व कप्तान एडवर्डस ने 44 गेंद में 66 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर की तारीफ करते हुए कहा वह शांतचित्त होकर खेल रही थी। वह काफी प्रतिस्पर्धी है और एक और खिताब जीतना चाहती थी जिसके लिये उसने पूरा प्रयास किया। वह युवा खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराती है और विदेशी तथा अनुभवी खिलाड़ियों के साथ बखूबी काम करती है।

# जैक ड्रेपर इंडियन वेल्स मास्टर्स के फाइनल में

एजेंसी



इंडियन वेल्स। जैक ड्रेपर ने सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्काराज को 6-1, 0-6, 6-4 से हराया। ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने इंडियन वेल्स एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने रविवार को खेले गए सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्काराज को तीन सेट में हराया। अब फाइनल में ड्रेपर का सामना होल्गर रून से होगा। दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी ड्रेपर ने वर्ल्ड नंबर-3 अल्काराज को 44 मिनट

**❍ डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज को हराया खिताबी मुकाबले में रून से होगा सामना**

चले मुकाबले में 6-1, 0-6, 6-4 से मात दी। इसी के साथ उन्होंने अल्काराज के 16-मैच की जीत की लय को तोड़ते हुए अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में जगह बनाई। कार्लोस को हराना अविश्वसनीय था- ड्रेपर ड्रेपर ने जीत के बाद कहा, इस कोर्ट पर कार्लोस को हराना अविश्वसनीय था। वह एक महान चैंपियन है और वह यहां लगातार तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में थे। रून ने मेदवेदेव को हराया डेनमार्क के होल्गर रून ने एक अन्य सेमीफाइनल मुकाबले में दो बार के उपविजेता डेनियल मेदवेदेव को हराकर चौथी बार एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने मेदवेदेव को सीधे सेट में हराया। मेदवेदेव के खिलाफ रून ने 7-5, 6-4 से जीत दर्ज की। मेदवेदेव की नजर लगातार तीसरे साल इंडियन वेल्स के फाइनल में पहुंचने पर थी। इससे पहले, उन्हें दोनों बार कार्लोस अल्काराज से हार का सामना करना पड़ा था। मुझे खुद पर बहुत गर्व है- रून रून ने कहा, काम अभी खत्म नहीं हुआ है, लेकिन यह शानदार मुकाबला था। डेनियल के खिलाफ खेलना मेरे लिए सबसे कठिन चुनौतियों में से एक है। मैं पहली बार उन्हें हराने में कामयाब रहा, लेकिन हम एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। जाहिर है कि मेरे पास सही रणनीति थी, लेकिन यह अभी भी बहुत मुश्किल था। इसलिए, मुझे खुद पर बहुत गर्व है।

### नीमन ने साल का दूसरा खिताब जीता

सिंगापुर। भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने रविवार को यहां एलआईवी गोल्फ सिंगापुर में तीसरे और अंतिम दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से 25वां स्थान हासिल किया। पहले दो दिन 70 और 72 का स्कोर बनाने वाले लाहिड़ी ने अंतिम राउंड में दो बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाई। जोकिन नीमन (65) ने ब्रूक्स कोएप्का (66) पर पांच शॉट की बड़ी जीत हासिल करके खिताब जीता। बेन कैंपबेल तीसरे स्थान पर रहे। नीमन का सत्र की पहली कर प्रतियोगिताओं में यह दूसरी जीत है। उन्होंने फरवरी में एलआईवी गोल्फ एडिलेड भी जीता था। वहीं दूसरी ओर

भारतीय महिला गोल्फर अवनि प्रशांत ने ऑस्ट्रेलियाई वुमैन्स क्लासिक के अंतिम दौर में पांच अंडर 65 का शानदार कार्ड बनाया जिससे वह लेडीज यूरोपीय टूर में पदार्पण सत्र में शीर्ष 15 में शामिल रहीं। अवनि ने इससे पहले 72-70 के कार्ड खेले थे जिससे उनका कुल स्कोर तीन अंडर 207 का रहा।

# भारत ने जीता 33 पदक, अभियान खत्म



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने अंतिम दिन चार स्पर्धाओं में 12 पदक जीतकर इटली के तूरिन में चल रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में अपना अभियान कुल 33 पदकों के साथ खत्म किया।

भारत ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य पदक जीते। स्नोशूइंग में भारत ने पहले जीते गए छह पदक में चार और पदक जोड़े। वासु तिवारी, शालिनी चौहान और तान्या ने 25 मीटर स्नोशूइंग स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि जहांगीर ने इसी वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।

अल्पाइन स्कीइंग वर्ग में भी भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें राधा देवी और निर्मला देवी ने इंटरमीडिएट स्लालोम (क्रमशः एफ01 और एफ04) में रजत पदक जीते जबकि अभिषेक कुमार ने नोविस स्लालोम (एम02) में एक और रजत पदक हासिल किया। आकृति ने क्रॉस कंट्री स्कीइंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर क्लासिकल टेक्नीक (एफ02 वर्ग) में कांस्य पदक जीता। फ्लोरबॉल स्पर्धा में भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक जीता। भारत ने स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग में 10-10 पदक जीते जबकि स्नोबोर्डिंग में छह पदक हासिल किए। शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग और फ्लोरबॉल ने देश को क्रमशः चार, दो और एक पदक दिलाया।

# कोहली ने दौरों पर परिवार के साथ रहने की वकालत

एजेंसी




बेंगलुरू। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम के दौरों पर खिलाड़ियों के परिवारों की मौजूदगी का समर्थन करते हुए कहा कि वह अपने होटल के कमरे में अकेले उदास रहने के बजाय मैदान पर मुश्किल और तनावपूर्ण दिनों से निपटने के लिए हमेशा अपने पास व्यक्तिगत समर्थन रखना पसंद करेंगे। भारत को ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट श्रृंखला में मिली 1-3 की हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी निर्देश में 45 दिन से अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के साथ समय बिताने की सीमा 14 दिन तक सीमित कर दी थी। इसके अनुसार खिलाड़ियों की पत्नी, बच्चे या महिला मित्र छोटे दौरों पर अधिकतम एक हफ्ते तक उनके साथ रह सकते हैं। हाल में खत्म हुई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कोहली, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी के परिवार दुबई में थे लेकिन वे टीम होटल में नहीं रुके और परिवारों के ठहरने का खर्च खिलाड़ियों ने उठाया, बीसीसीआई ने नहीं। कोहली ने शनिवार को यहां खत्म हुए आरसीबी के इनोवेशन लैब सम्मेलन के दौरान कहा, लोगों को परिवार की भूमिका समझाना बहुत मुश्किल है। हर बार जब आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में होते तो

**❍ कमरे में जाकर अकेले बैठना नहीं चाहता**

अपने परिवार के पास वापस आना कितना महत्वपूर्ण होता है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इसकी अहमियत की समझ है। कोहली ने कहा कि परिवार के साथ होने से खिलाड़ी को मैदान पर मिली निराशा से जल्दी उबरने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा मैं अपने कमरे में जाकर अकेले बैठकर उदास नहीं रहना चाहता। मैं सामान्य होना चाहता हूं। तभी आप अपने खेल को एक जिम्मेदारी के रूप में ले सकते हैं। कोहली ने कहा आप बाहर की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करते हैं और फिर आप अपने घर वापस आते हैं, आप परिवार के साथ होते हैं और आपके घर में माहौल बिलकुल सामान्य होता होती है और सामान्य पारिवारिक जीवन चलता रहता है। उन्होंने कहा इसलिए मेरे लिए यह बहुत खुशी का दिन होता है। जब भी संभव होता है, मैं अपने परिवार के साथ बाहर जाने और समय बिताने का कोई अवसर नहीं छोड़ता। कोहली ने इस बात से निराश थे क्योंकि ऐसे मुद्दों से जिसका कोई संबंध भी नहीं था, वो लोग भी इन चर्चाओं में शामिल रहे हैं। इस 36 साल के खिलाड़ी ने कह मुझे इससे बहुत निराशा हुई क्योंकि जिनका इस मामले में कोई लेना देना नहीं था, उन्हें भी चर्चा में शामिल किया गया जिन्होंने कहा ओह, शायद खिलाड़ियों को परिवार से दूर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा और अगर आप किसी खिलाड़ी से पूछें कि क्या आप चाहते हैं कि आपका परिवार हर समय आपके आस-पास रहे? तो वे हां ही कहेंगे। दुनिया के सबसे फिट क्रिकेटरों में से एक कोहली ने अपने परिवार के साथ मजबूत रिश्तों की बात बताते हुए कहा कि अपनी मां को अपने फिटनेस रूटीन के बारे में समझाना मुश्किल था। उन्होंने कहा टीम के दृष्टिकोण से फिटनेस के लिए सपोर्ट सिस्टम इतना कठिन नहीं था। लेकिन मेरी मां को यह समझाना इससे कहीं ज्यादा मुश्किल था कि मैं क्या कर रहा था। वह इस बात से बहुत निराश थीं कि मैं कोई परांठा नहीं खा रहा था और मैं मैदान पर दुबला दिख रहा था। कोहली ने कहा और दूसरे देशों में खेलने वाले लोग मुझसे पूछ रहे थे कि मैं कैसे ट्रेनिंग कर रहा हूं और मैं अब इतना फिट कैसे हूं। और मेरी मां मुझे कह रही थी कि मैं दुबला दिख रहा हूं। मुझे उन्हें समझाना पड़ा कि सब कुछ ठीक है, मैं बीमार नहीं हूं, चिंता मत करो। यह ज्यादा मुश्किल था।

### तेलुगू फिल्म रॉबिनहुड में नजर आयेंगे क्रिकेटर डेविड वॉर्नर

सनराइजर्स हैदराबाद के लिये आईपीएल में खेल चुके आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर आगामी तेलुगू फिल्म रॉबिनहुड में मेहमान कलाकार की भूमिका में नजर आयेंगे। मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा बनाई जा रही इस फिल्म के निर्देशक वेंकी कुडुमुला होंगे। यह फिल्म 28 मार्च को रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक्स पर लिखा मैदान पर चमकने और अपनी छाप छोड़ने के बाद अब रूपहले पर्दे पर चमकने का समय है। सभी के चहेते डेविड वॉर्नर का रॉबिनहुड में अतिथि भूमिका के साथ भारतीय सिनेमा में स्वागत है।

# कांग्रेस ने बोडो समझौते का उड़ाया मजाक

## शाह ने बोडो युवाओं से 2036 के ओलंपिक खेलों की तैयारी शुरू करने का भी आह्वान किया

एजेंसी




कोकराझार (असम)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि जब भाजपा नीत सरकार ने बोडो समझौते पर हस्ताक्षर किए तो कांग्रेस ने उसका मजाक उड़ाया था, लेकिन इससे क्षेत्र में शांति स्थापित हुई और विकास को बल मिला। शाह ने असम के कोकराझार में ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन (एबीएसयू) के 57वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र ने बोडोलैंड के विकास के लिए 1,500 करोड़ रुपये दिए हैं, जिसकी आबादी 35 लाख है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि बोडो समझौते के 82 प्रतिशत प्रावधानों का क्रियान्वयन हो चुका है तथा शेष प्रावधान अगले दो वर्षों में लागू कर दिए जाएंगे। शाह ने बोडो युवाओं से 2036 के ओलंपिक खेलों की तैयारी शुरू करने का भी आह्वान किया, जिसका आयोजन गुजरात के अहमदाबाद शहर में प्रस्तावित है। भाजपा नेता ने कहा कि बोडो युवा अब बंदूक के बजाय अपने हाथों में तिरंगा लेकर चलते हैं और यह जनवरी 2020 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा यह क्षेत्र में शांति लाने में समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले एबीएसयू की भूमिका के कारण संभव हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कांग्रेस भले ही हम पर हंसी हो कि बीटीआर में शांति नहीं होगी, लेकिन बोडो समझौते के 82 प्रतिशत प्रावधानों को लागू किया जा चुका है और अगले दो वर्षों में 100 प्रतिशत प्रावधानों को पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एनडीएफबी) ने भी हथियार डाल दिए हैं।

### मादक द्रव्य के तस्करों पर रहम नही

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि इंफाल और गुवाहाटी क्षेत्रों में 88 करोड़ रुपये मूल्य की मेथमफेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की गई और अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। शाह ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा मादक पदार्थ माफियाओं के लिए कोई दया नहीं। मोदी सरकार के नशामुक्त भारत के निर्माण के अभियान को गति देते हुए, 88 करोड़ रुपये मूल्य की मेथमफेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की गई और इंफाल तथा गुवाहाटी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। गृह मंत्री ने इस सफलता के लिए स्वापक नियंत्रण ब्यूरो को बधाई दी।

# ट्रंप ने निर्वासन संबंधी 18वी सदी के कानून के इस्तेमाल की घोषणा की, न्यायाधीश ने लगायी रोक



वाशिंगटन। निर्वासन में तेजी लाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 18वीं सदी के एक कानून का इस्तेमाल किए जाने की घोषणा की लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद एक संघीय अदालत के न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को इसे लागू करने से रोक दिया। ट्रंप प्रशासन ने इस कानून का इस्तेमाल करते हुए कहा था कि वेनेजुएला का एक गिरोह अमेरिका पर आक्रमण कर रहा है और प्रशासन के पास उसके सदस्यों को देश से बाहर निकालने के लिए नयी शक्तियां हैं। कोलंबिया जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जेम्स ई बोसबर्ग ने कहा कि उन्हें अपना आदेश तत्काल जारी करने की आवश्यकता है क्योंकि सरकार प्रवासियों को पहले से ही एल साल्वाडोर और होंडुरास भेज रही है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि ट्रंप की घोषणा के तहत इन प्रवासियों को नए सिरे से निर्वासित किया जा सकता है और उन्हें एल साल्वाडोर तथा होंडुरास में कैद किया जाएगा। अल साल्वाडोर ने इस सप्ताह 300 ऐसे प्रवासियों को स्वीकार करने पर सहमति दे दी जिन्हें ट्रंप प्रशासन ने गिरोह का सदस्य घोषित किया है। बोसबर्ग ने एसीएलयू और डेमोक्रेसी फॉरवर्ड द्वारा दायर मामले की शनिवार शाम सुनवाई करते हुए कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं अब और इंतजार कर सकता हूं और मुझे कार्वाई करनी होगी।

इस फैसले से कुछ ही घंटे पहले ट्रंप ने 1798 के एलियन एनीमीज एक्स (विदेशी शत्रु अधिनियम) को लागू करते हुए दावा किया कि वेनेजुएला का गिरोह ट्रेन डी अरागुआ अमेरिका पर आक्रमण कर रहा है। यह अधिनियम राष्ट्रपति को निर्वासन में बड़े पैमाने पर तेजी लाने के लिए नीतिगत और कार्यकारी कार्वाई के संबंध में व्यापक छूट देता है। अमेरिकी इतिहास में इस अधिनियम का इस्तेमाल अब तक केवल तीन बार हुआ है और वह भी केवल युद्ध के दौरान किया गया है। इससे पहले इसका इस्तेमाल द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान हुआ था। उस समय जर्मन और इतालवी लोगों को कैद करने के साथ-साथ जापानी-अमेरिकी नागरिकों को सामूहिक रूप से नजरबंद करने के लिए इसका इस्तेमाल किया गया था।

## संक्षेप

### दिल्ली : अवैध बांग्लादेशी को पकड़ा, निर्वासन की प्रकिया शुरू

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अफजुद्दीन गाजी (40) को 13 मार्च को सुबह के समय पुलिस गश्त के दौरान पकड़ा गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) सुरेंद्र चौधरी ने कहा, गाजी ने 2022 में बेनापोल-पेट्रापोल सीमा के माध्यम से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था। रफीक नामक एक दलाल ने 4,000 रुपये लेकर घुसपैठ कराने में उसकी मदद की थी। चौधरी ने बताया कि गाजी रेलगाड़ी से दिल्ली आया और कूड़ा बीनने का काम शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि वह पहचाने जाने से बचने के लिए अकसर शहर भर में घूमता रहता था।

# बांग्लादेश : साथी की हत्या मामले में 20 छात्रों की मौत की सजा बरकरार

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने रविवार को एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के 20 छात्रों को मृत्युदंड देने के निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। निचली अदालत आरोपी छात्रों को यह सजा 2019 में कथित राजनीतिक संबद्धता के कारण दूसरे वर्ष के एक छात्र की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में सुनाई थी। अदालत के अधिकारियों ने बताया कि न्यायमूर्ति ए.के.एम. असदुज्जमां और न्यायमूर्ति सैयद इनायत हुसैन की पीठ ने मृत्युदंड की सजा की अनिवार्य पुष्टि और निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दोषियों की अपील पर सुनवाई पूरी करते हुए एक साथ फैसला सुनाया। अधिकारियों के मुताबिक सभी दोषी बांग्लादेश इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (बीयूईटी) के छात्र थे तथा अब भंग की जा चुकी बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) से जुड़े थे। बीसीएल अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की छात्र शाखा थी। आरोपियों ने सात अक्टूबर 2019 को बीयूईटी के इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्र अबरार फहद की सरकार की आलोचना करने वाली एक फेसबुक पोस्ट के कारण हत्या कर दी थी।

### उत्तराखंड : भाजपा विधायक ने केदारनाथ धाम में गैर-हिंदुओं पर प्रतिबंध की मांग की

देहरादून। उत्तराखंड में 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा से पहले केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की विधायक आशा नौटियाल ने रविवार को केदारनाथ धाम में मांस-मछली और शराब जैसी गलत गतिविधियां कर रहे गैर-हिंदुओं पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए कहा कि ऐसे लोग धाम को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। नौटियाल ने यहां एक वीडियो में कहा कि हाल में यात्रा की तैयारियों को लेकर स्थानीय होटल, ढ़ाबा व्यवसायी और घोड़े-खच्चर रखने वाले लोगों के साथ हुई एक बैठक में यह बात खुलकर सामने आयी थी।

# भारत पहुंचे न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन

एजेंसी

- रायसीना डायलॉग के होंगे मुख्य अतिथि
- प्रधानमंत्री से आज करेंगे मुलाकात



नयी दिल्ली। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन रविवार को पांच दिवसीय भारत दौरे पर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वह रायसीना डायलॉग 2025 में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर लक्सन 16 से 20 मार्च तक देश में रहेंगे। दौरे से पहले न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह भारत के साथ एक व्यापक आर्थिक साझेदारी पर जोर देंगे और दोनों देशों के बीच सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा करेंगे। लक्सन का यह पहला भारत दौरा है। उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी है, जो न्यूजीलैंड के किसी भी प्रधानमंत्री के साथ अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल है। उनकी कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात होनी है। पछले हफ्ते लक्सन ने कहा था कि हम भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को और बड़े स्तर पर ले जाना चाहते हैं। लक्सन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत को महत्वपूर्ण ताकत बताया था। उन्होंने कहा था कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शक्ति है और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इस पर चर्चा करूंगा कि हम अपने क्षेत्र में शांति और समृद्धि को बनाए रखने के लिए मिलकर क्या कर सकते हैं। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया था कि पीएम मोदी और उनके न्यूजीलैंड के समकक्ष की मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को दिया निर्देश : यमुना में सीवेज का पानी न छोड़ा जाये



एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुना नदी को स्वच्छ बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताते हुए सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि नदी में किसी भी तरह से सीवेज का पानी न छोड़ा जाए। हरियाणा राज्य सूखा राहत और बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए शनिवार को सैनी ने कहा, यमुना को साफ रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पानीपत, सोनीपत, पलवल और यमुनानगर जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे अपने जिलों में मलजल उपचार संयंत्र स्थापित करें, ताकि दूषित पानी यमुना में न जाए। सैनी ने अधिकारियों को रेवाड़ी के मसानी बैराज में स्थित सभी छह मलजल उपचार संयंत्र की कार्य पद्धति की जांच करने और उनकी उचित देखरेख सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों को अपने क्षेत्रों में नालों और नहरों की सफाई कराने और मॉनसून के दौरान जलभराव को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

सैनी ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण बोर्ड का ध्यान शहरों और गांवों में मजबूत ढांचे तैयार करने और मजबूत बुनियादी ढांचे की स्थापना पर होना चाहिए, जिससे मानसून के मौसम में घरों और खेतों में पानी का बहाव रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने राज्य की सभी प्रमुख नहरों की गाद निकालने और पुरानी नहरों की मरम्मत के आदेश दिए। बैठक में हरियाणा राज्य सूखा राहत और बाढ़ नियंत्रण बोर्ड ने बाढ़ नियंत्रण के लिए कुल 352 योजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी लागत 657.99 करोड़ रुपये है।

# संगीतकार एआर रहमान को अस्पताल से छुट्टी मिली

चेन्नई। संगीतकार ए आर रहमान को शरीर में पानी की कमी के कारण रविवार को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उनकी हालत अब ठीक है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। रहमान के परिवार ने यह जानकारी दी।

रहमान के प्रबंधक सेंथिल वेलन ने बताया कि रहमान (58) को रविवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था और अब वह घर आ गए हैं। इससे पहले उनकी बहन ए आर रिहाना ने उन खबरों का खंडन किया था कि रहमान को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रिहाना ने पीटीआई-वीडियो से कहा, उनके शरीर में पानी की कमी हो गई थी और पेट संबंधी समस्या थी। दो बार ऑस्कर और ग्रैमी पुरस्कार विजेता, जिन्हें रोजा दिल से, एंथिरन और स्लमडॉग मिलियनेयर जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। रहमान के प्रबंधक ने बताया कि उन्होंने शुरुआत में गर्दन में दर्द की भी शिकायत की थी। वेलन ने वह (रहमान) घर वापस आए हैं। वह पूरी तरह ठीक हैं। उन्हें आज सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था चिकित्सकों ने कुछ जांच कीं और सबकुछ सामान्य था। रहमान की पत्नी सायरा बानो, जिन्होंने नवंबर में 29 साल के वैवाहिक जीवन के बाद संगीतकार से अलग होने की घोषणा की थी। ने भी रहमान के लिए शुभकामना संदेश लिखा।

### चीन का लड़ाकू विमान प्रशिक्षण के दौरान दुर्घटनाग्रस्त

ताइपे (ताइवान)। चीन का एक लड़ाकू विमान प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि पायलट पैराशूट के जरिये सुरक्षित बचने में सफल रहा। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने अपनी खबर में शनिवार को बताया कि यह दुर्घटना चीन के सुदूर दक्षिणी द्वीप प्रांत हैनान के एक कस्बे के निकट हुई, जहां अनेक वायुसेना और नौसेना अड्डे, रडार स्टेशन और अन्य सैन्य अवसंरचनाएं स्थापित हैं। इस सैन्य अवसंरचना का उद्देश्य विशाल, रणनीतिक दक्षिण चीन सागर पर चीन के दावे को पुष्ट करना है। खबर के अनुसार दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है।

### कर्नाटक में माहौल भाजपा के पक्ष में, सत्ता में जल्द होगी वापसी : येदियुरप्पा

बेलगावी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा ने रविवार को भरोसा जताया कि कर्नाटक में भाजपा आने वाले दिनों में सत्ता में वापसी करेगी, क्योंकि राज्य का माहौल पार्टी के पक्ष में है। भाजपा की कर्नाटक इकाई में बढ़ती गुटबाजी के बीच पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी के सभी सदस्यों को मिलकर काम करना चाहिए उन्होंने कहा, भाजपा के लिए माहौल बहुत अनुकूल है और मुझे शत-प्रतिशत यकीन है कि हम आने वाले दिनों में कर्नाटक में सत्ता में वापसी करेंगे। हम सब मिलकर इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं। येदियुरप्पा ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, कोई सुझाव देने का सवाल ही नहीं उठता है, सबको हर हाल में मिलकर काम करना होगा।


कार्यालय नगर पालिका परिषद, नगीना जिला बिजनौर

पत्रांक:- मैमो/न0पा0परि0नगीना/आर0ओ0/2024-25 दिनांक:- 12-03-2025

स्वच्छ भारत मिशन — स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर — स्वच्छ सर्वेक्षण-2025

स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु नगर पालिका परिषद नगीना समस्त सम्प्रात नगर वासियो से अपील करती है कि

1. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कूडा इधर-उधर न फेकें नगर को स्वच्छ बनाये रखने में पालिका का सहयोग करें।
2. होली के पर्व पर पानी व्यर्थ न बहायें कैमिकल वाले रंगो का प्रयोग न करें नगर को साफ बनाये रखने में पालिका का सहयोग करें।
3. पालिका कार्यालय में आर.आर.आर. सेन्टर में अपने अनुपयोगी कपड़े जूते एवं चप्पल आदि दें जिससे गरीब लोगों को निःशुल्क वितरण किया जा सके।
4. पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह दण्डनीय अपराध है।
5. निकाय द्वारा कूड़े का डोर-टू-डोर कलेक्शन किया जा रहा है आप कूडे को अलग-अलग पालिका के वाहन में डालें कूड़ा इधर उधर न फेंके।
6. अपने घरों व आस-पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने दें जिससे बीमारियों के फैलने की सम्भावना होती है।
7. अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

(संदीप कुमार सक्सैना)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नगीना

(ताहिरा बेगम)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नगीना

समस्त सभासदगण/कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद नगीना



BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP

NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION
BBDNIIT(056)- CSE ,IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT

10000+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...

BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA

BBD UNIVERSITY
COURSES OFFERED
- Engineering
- Management
- Pharmacy
- Dental Science
- Education
- Architecture
- Applied Sciences
- Legal Studies
- Hotel Management
- Computer Applications
- Humanities & Social Sciences
- Ph.D. in all Disciplines

Courses available with IBM Collaboration

Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google

BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (100 Seats) (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties

BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH

BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D .PHARM BTEUP CODE- 2746

SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges

AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Campus Security | Fully Wifi Campus

TOP RECRUITERS
amazon Google IBM Grab SAP Coforge JFG tcs LTIMindtree Microsoft Infosys HARMAN paytm Capgemini NEWGEN wipro NIIT accenture

BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)


Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com